

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 348 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 27 सितंबर 2022 http://samajjagran.in पेज: 12 मूल्य 05 रुपया

## नवरात्रि बीतते ही बलिया समाजवादी पार्टी में होगी कुर्सी वाली जंग

### तैनाती तो राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को ही करना है पर फिर भी है जंग

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया। : समाजवादी पार्टी में जिलाध्यक्ष चुनाव के लिए जंग का मैदान तो नवरात्रि में ही तैयार हो जाएगा। पर जंग नवरात्रि के बाद ही होगा।

समाजवादी पार्टी ने लखनऊ में अपना प्रदेश और राष्ट्रीय सम्मेलन करने का एलान किया है। प्रदेश सम्मेलन के बाद प्रदेश अध्यक्ष को अपनी तैनाती के बाद जिलों में जिलाध्यक्ष को नामित करना होता है। चयन तो राष्ट्रीय अध्यक्ष को ही करना है पर प्रक्रिया जंग वाली ही होगी। बलिया में जिलाध्यक्ष बनने की तैयारी में कुछ हैं तो कुछ को अध्यक्ष बनाया जाएगा ऐसा अनुमान है। जिले में अध्यक्ष चुनने में अखिलेश करेंगे क्या यह तो वही जानते हैं पर कुछ गोपनीय तरीके से जुगाड़ में जुटे हैं। पूवार्नुमान है कि वंशीधर यादव, सुशील पांडेय कान्हजी, यशपाल सिंह, लक्ष्मण गुप्ता जमाल आलम में से ही कोई जिलाध्यक्ष बनेगा।

## हिंडन नदी के सौंदर्यीकरण के लिए कार्य योजना तैयार करने के संबंध में वेबीनार ऐप के माध्यम से बैठक संपन्न

**देव मणि शुक्ल समाज जागरण**

नोएडा जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुहास एलवाई की अध्यक्षता में आज हिंडन नदी के सौंदर्यकरण करने के लिए कार्य योजना तैयार करने के संबंध में वेबीनार ऐप के माध्यम से बैठक आयोजित हुयी। प्रभागीय वन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में प्रभागीय वन अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि हिण्डन नदी एन0एच0-24 से प्रवेश करते हुए मोमनाथन में मर्ज हो जाती है। उक्त क्षेत्र नोएडा / ग्रेटर नोएडा आद्योगिक विकास प्राधिकरण के क्षेत्रान्तर्गत आता है एवं नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि हिण्डन नदी ग्राम छिजारसी से सेक्टर-150 नोएडा के क्षेत्रान्तर्गत आती है। जिला अधिकारी द्वारा अनुश्रवण करते हुए नोएडा / ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को निर्देशित किया कि हिण्डन नदी के सौन्दर्यकरण के लिए कार्य योजना बनाकर एक सप्ताह के अन्तर्गत उपलब्ध करायी जाये। एस0डी0ओ0 सिंचाई विभाग, गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि हिण्डन नदी के सर्वे के लिए प्राक्कलन बनाकर उच्च स्तर को प्रेषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये सर्वे के लिए जल निगम तथा क्षेत्राधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड से समन्वय बनाकर किया जाये एवं इसकी कार्ययोजना एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दी जाये।

क्षेत्राधिकारी, उ०प्र० प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड ग्रेटर नोएडा द्वारा अवगत कराया गया कि हिण्डन नदी के सौन्दर्यकरण के लिए कार्ययोजना तैयार की गयी है जो सिंचाई विभाग को उपलब्ध करा दी गयीं है। सिंचाई विभाग कार्ययोजना का अवलोकन कर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। प्रभागीय वनाधिकरी, द्वारा जानकारी चाही गयी इस संबंध में एच०एफ०एल० का निर्धारण किया गया है यदि किया गया है तो सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

उप जिलाधिकारी, दादरी द्वारा अवगत कराया गया कि हिण्डन नदी का क्षेत्र ग्राम छिजारसी से सेक्टर 128 तक दादरी तहसील के अन्तर्गत आता है एवं शेष सदर तहसील के अन्तर्गत आता है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये इसकी कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करें। प्रभागीय वन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने यह भी बताया है कि जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग गाजियाबाद एवं ओखला द्वारा इस बैठक में न उपस्थित होने पर नाराजगी व्यक्त की है। इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# सचिन पायलट के साथ हमेशा हुआ धोखा,

## 2018 से अब तक बैकफुट पर ही हैं पायलट; गांधी परिवार को किस बात का डर?

**राजस्थान की यह कहानी शुरू होती है 2018 के विधानसभा चुनावों से. कांग्रेस ने सचिन पायलट ) की अगुवाई में ही यह चुनाव लड़ा था. पायलट के नेतृत्व के दम पर कांग्रेस को शानदार जीत मिली. लेकिन पायलट के साथ हमेशा धोखा हुआ. जानें विस्तार से..**



अशोक गहलोत को पार्टी का अध्यक्ष बनाए जाने की खबरों के बीच राज्य में नया बखेड़ा खड़ा हो गया है. माना जा रहा था कि गहलोत आगर पार्टी अध्यक्ष बनते हैं तो राज्य की कमान सचिन पायलट के हाथ में दी जा सकती है. लेकिन गहलोत को यह मंजूर नहीं हुआ, और शायद गहलोत को शुरू से ही मंजूर नहीं था. दरअसल गहलोत और पायलट की यह लड़ाई आज से नहीं है. यह तो चुनावों के नतीजों से ही शुरू हो गई थी.

दरअसल राजस्थान की यह कहानी शुरू होती है 2018 के विधानसभा चुनावों से. कांग्रेस ने सचिन पायलट (ग्रूँल्ल द्ध'ङ्क३) की अगुवाई में ही यह चुनाव लड़ा था. पायलट के नेतृत्व के दम पर कांग्रेस को शानदार जीत मिली. हालांकि तब सबको ऐसा लगा कि सचिन पायलट को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया जाएगा लेकिन गहलोत ने गेम तभी शुरू कर दिया. राहुल गांधी के दखल के बाद अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री बना दिया गया और सचिन पायलट को राजस्थान के डिप्टी सीएम के पद से संतुष्ट होना पड़ा.

### कहानी की शुरूआत हुई 2018 से

उस वक्त भी कहा गया कि सचिन पायलट के साथ अन्याय हुआ है. लेकिन शायद ये कहे जाने की आवाज आलाकमान के कानों तक नहीं पहुंची. हालांकि तब पायलट और गहलोत दोनों ने अपनी जिम्मेदारी संभाली. लेकिन अंदरखाने दरार पड़ चुकी थी. राजनीतिक गलियारों में तब भी कहा गया था कि राजस्थान में गहलोत की और मध्य प्रदेश में कमलनाथ की सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी. हुआ भी कुछ ऐसा ही. दरअसल सिंधिया ने तो बगावत करके भाजपा जॉइन कर ली और अब केंद्रीय मंत्री भी हैं.

**बगावत के बाद भी नहीं हुआ पायलट का भला**

पायलट ने भी कई बार बागी सुर अपनाए लेकिन वो हमेशा फेल हुए. उन्हें हर बार मना तो लिया गया लेकिन दरार तब भी जारी रही. दो साल बाद 2020 में बगावत के बाद पायलट की सरकार से भी छुट्टी हो गई. कांग्रेस के ही कई बड़े नेताओं की ओर से सचिन पायलट को यह नसीहत दी गई कि उनके पास आगे मौका है. सचिन पायलट मान चुके थे और दो साल बाद एक बार फिर जब गहलोत का नाम पार्टी अध्यक्ष के लिए आया तो उन्हें लगा कि शायद अब वो घड़ी आने वाली है. उन्हें ऐसा लग रहा था कि राज्य के 'पायलट' वो बनेंगे लेकिन एक बार फिर राजस्थान का सियासी मौसम खराब हो गया है.

**युवाओं को कमान देने से क्यों डरती है कांग्रेस?**

दरअसल इस कहानी को समझने से पहले आपको 1998 के एक घटनाक्रम पर भी नजर डालनी चाहिए. उस वक्त राजस्थान कांग्रेस की कमान अशोक गहलोत (अरँङ्क' ॠँ'ङ्क३) के हाथों में थी. उनकी अगुवाई में पार्टी बीजेपी को हराने में कामयाब हुई थी जिसके बाद उन्हें राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया था. हालांकि तब वो दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष बने थे. लेकिन 2018 में पार्टी ने इस नियम का पालन नहीं किया. 2018 में जब सचिन पायलट की अगुवाई में कांग्रेस को जीत मिली और पार्टी बीजेपी को हराने में कामयाब हुई तब पार्टी ने उनपर भरोसा नहीं जताया. उस वक्त कांग्रेस ने गहलोत को सीएम बना दिया. 2018 में सिर्फ कांग्रेस के भीतर ही नहीं बीजेपी के नेता भी इस बात को मानते थे कि बतौर प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट की मेहनत का पार्टी को काफी फायदा हुआ है. लेकिन पार्टी ने अपने ही उसूलों को क्यों ताक पर रखा इसका जवाब न मिल सका. राजनीति के जानकारों ने हमेशा इस ओर इशारा किया है कि गांधी परिवार को हमेशा ही युवा नेतृत्व से डर रहा है. इसका कोई तथ्य या तर्क तो नहीं है लेकिन ऐसा कई मौकों पर देखा गया है.

## सेक्टर 33 शिल्प हाट मे वोकल फार लोकल प्रदर्शनी का शुभारंभ

**देव मणि शुक्ल समाज जागरण**

नोएडा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत आज भाजपा ने नॉएडा महानगर में शिल्प हाट सेक्टर 33 पर वोकल फॉर लोकल प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी का शुभारम्भ नॉएडा सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री डा.महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, विद्यायक पंकज सिंह, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपध्यक्षा श्रीमती सुषमा सिंह ने किया। इस प्रदर्शनी में सभी लोकल सामना बनाने वाले विक्रेताओं ने भाग लिया।

माननीय संसाद डॉक्टर महेश शर्मा ने इस मौके पर आत्मनिर्भर भारत का सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पूरा हो रहा है। पूरे विश्व में एक जनपद एक उत्पाद के प्रोडक्ट की तूती बोल रही है। ऐसे आयोजनों से स्थानीय स्तर पर उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।

उसके बाद दूसरे कार्यक्रम

### विविधता में एकता

कार्यक्रम का आयोजन जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 121 में किया जायेगा। जिसमे राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर और ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में रहे। इस कार्यक्रम में उरिया समाज, बिहारी समाज, पंजाबी समाज, उत्तराखंड समाज आदि कई समाज के वरिष्ठ लोगों का सम्मान किया।

इस मौके पर सांसद सुरेंद्र नागर ने कहा दुनिया में भारत ही एक ऐसा देश है, जहां कई प्रकार के जाति, धर्म, भाषाएं बोलने और रहने वाले लोग रहते हैं। लेकिन फिर भी सभी के दिलों में भारत देश एक समान रूप में बसता है।



अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि इसी सोच के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरूआत की है। इसमें विविधता में एकता प्रदर्शित हो रही है। हम सभी हृदय से भारतवासी हैं, इसलिए सभी धर्म व जाति को हमें एक समान धारा में लेकर चलना है।

इन कार्यक्रमों में ज़िला प्रभारी बसंत त्यागी, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, चंदगिराम यादव, डिम्पल आनंद, उपाध्यक्ष महेश आवना, मंत्री प्रमोद बहल, मनोज चौहान, लोकेश यादव, अशोक मिश्रा, उमेश यादव, रवि यादव, सी बी शर्मा, कल्लू सिंह, लोकेश कश्यप, ओम्‌ यादव, अनुज चौधरी, गिरजा सिंह, शारदा चतुवेर्दी, अमरीश त्यागी, गोपल गौर, प्रज्ञा पाठक, नवीन मिश्रा, मुक्ता नंद शर्मा, धर्मेंद्र चौहान, आदि कार्यकर्ता रहे।

## रामलीला मंचन का गणेशवंदना के साथ हुआ शुभारंम्भ

**देव मणि शुक्ल समाज जागरण**

नोएडा श्रीराम मित्र मण्डल नोएडा रामलीला समिति द्वारा रामलीला मैदान, सेक्टर-62 में आयोजित रामलीला मंचन के पहले दिन सवर्प्रथम रामलीला मंचन का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा एवं विधायक नोएडा पंकज सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। समिति के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों व उपस्थितजनों का स्वागत किया।अध्यक्ष धर्मपाल गोयल ने सभी उपस्थितजनों का धन्यवाद ज्ञापन किया।रामलीला मंचन की शुरूआत गणेश वंदना एवं पूजन के साथ हुई। गणेश वंदना में कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया ।प्रथम दृश्य में देवर्षि नारद को इस बात का घमंड हो गया था कि कामदेव भी उनकी तपस्या व ब्रह्मचर्य भंग नहीं कर पाए। देवर्षि नारद ने यह बात भगवान शंकर को बताई, महादेव ने कहा कि इस बात को भगवान विष्णु के सामने इतने अभिमान के साथ नहीं कहना। शिव के मना करने के बाद भी नारद मुनि ने यह बात भगवान विष्णु को बताई। तब भगवान समझ गए की नारद मुनि में अहंकार आ गया है। इसे खत्म करने के लिए विष्णु ने योजना बनाई। नारद मुनि भगवान विष्णु को प्रणाम कर आगे बढ़ गए। रास्ते में नारद मुनि को एक सुन्दर भवन दिखाई दिया। वहां की राजकुमारी के स्वयंवर का आयोजन हो रहा था। नारद उस जगह पर पहुंच गए और वहां की राजकुमारी विश्वमोहिनी को देखकर मोहित हो गए। भगवान विष्णु की माया के कारण यह सब हो रहा था। राजकुमारी का सुंदर रूप नारद मुनि के तप को भंग कर चुका था। जिस कारण उन्होंने इस स्वयंवर में हिस्सा लेने का मन बना लिया। राजकुमारी को पाने की इच्छा में नारद अपने स्वामी भगवान विष्णु की शरण में पहुंचे और उनसे उनके समान सुंदर रूप पाने की इच्छा जाहिर की। भगवान विष्णु ने नारद की इच्छा अनुसार उन्हें रूप भी दे दिया।



नारद नहीं जानते थे कि भगवान विष्णु का एक वानर रूप भी है। हरि रूप लेकर नारद उस स्वयंवर मे पहुंच गए। उन्हें अपने आप पर इतना अभिमान हो गया था कि उन्होंने एक बार भी अपना चेहरा नहीं देखा। नारद को इस बात का विश्वास हो गया था कि हरि रूप को देखकर राजकुमारी उन्हीं के गले में वरमाला पहनाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ राजकुमारी ने उन्हें छोड़ भगवान विष्णु के गले में माला डाल दी। नारद के रूप को देखकर जब सब लोगों ने उनकी हंसी उड़ाई तो उन्होंने सरोवर में जाकर अपना चेहरा देखा और उन्हें भगवान विष्णु पर क्रोध आया। क्रोध के वश में आकर नारद जी ने भगवान विष्णु को श्राप दे दिया और कहा कि जैसे मैं स्त्री के लिए धरती पर व्याकुल था वैसे ही आप भी मनुष्य रूप में जन्म लेकर स्त्री के वियोग से व्याकुल होकर धरती पर भटकेंगे और उस समय आपकी वानर ही सहायता करेंगे। लेकिन जब भगवान की माया का प्रभाव हटा तब नारद जी को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने भगवान से तुरंत क्षमा मांगी। ऐसा माना जाता ही कि भगवान विष्णु को राम के रूप में पृथ्वी पर अवतार लेना पड़ा और माता सीता का वियोग भी सहना पड़ा और वानरों की भी सहायता लेनी पड़ी थी।

भगवान की आरती के साथ पहले दिन की रामलीला का समापन होता है। इस अवसर पर समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, उपमुख्य संरक्षक राजकुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, सहकोषाध्यक्ष अनिल गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल, बजरंग लाल गुप्ता, पवन गोयल, तरुण राज अग्रवाल, आत्माराम अग्रवाल, चौधरी रविन्द्र सिंह,डॉ. एस.पी.जैन,गौरव मेहरोत्रा, सलाहकार मुकेश अग्रवाल, मनोज शर्मा, मुकेश गोयल, राम बारात संयोजक एस एम गुप्ता, शांतनु मित्तल, संजय शर्मा, मनीष गुप्ता, चक्रपाणि गोयल,अर्जुन प्रजापति,अर्जुन अरोड़ा, मीडिया प्रभारी चन्द्रप्रकाश गौड़, मुकेश गुप्ता, ओमवीर शर्मा, रंजीव गुप्ता, सुशील गोयल,विजय शुक्ला,विनय हिन्दू, अविनाश सिंह, रामविलास गर्ग, तिलकराज मित्तल आदि सहित श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के सदस्यगण व शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्तिथ रहे।

समिति के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि कल 27 सितंबर को पृथ्वी पर राक्षसों का उतपात, देवताओं द्वारा विष्णु जी से पार्थना, राम जन्म बधाई उत्सव, भगवान शिव द्वारा रामलला के दर्शन, नामकरण संस्कार, गुरु वशिष्ठ के आश्रम में शिक्षा के लिए जाना, ऋषि विश्वामित्र द्वारा राम लक्ष्मण को यज्ञ हवन की रक्षा के लिए दशरथ से मांग कर लाना, मारीच, सुभाहु एवं ताड़का वध आदि लीलाओं का मंचन किया जायेगा।

## श्री सनातन धर्म रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव 2022

## नोएडा स्टेडियम पर रामलीला मंचन का शुभारम्भ

**देव मणि शुक्ल समाज जागरण**

नोएडा नोएडा स्टेडियम मे श्री सनातन धर्म राम लीला समिति द्वारा गणेश पूजा से प्रारम्भ होकर नारद मोह रावण जन्म की लीला का मंचन किया गया।

इस कार्यक्रम में सांसद डॉक्टर महेश शर्मा (पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार) एवम्‌ विधायक पंकज सिंह, उत्तरप्रदेश महिला आयोग की



अध्यक्ष श्री मती बिमला बाथम, समिति के चेयरमैन टी एन गोविल ,अध्यक्ष टी एन चौरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील भारद्वाज, महासचिव संजय बाली , कोषाध्यक्ष अल्पेश गर्ग,विपिन मलहन,पीयूष



द्वेदी ,अतुल मित्तल , शुभकरण राणा, रमेश, एन के अग्रवाल ,अनिल गुप्ता ,मित्रा शर्मा , केशव गंगल , राम कुमार शर्मा, राजीव गर्ग,पी के अग्रवाल , विनय शर्मा, राजेश भारद्वाज,संजय गुप्ता,सत्यनारायण गोयल, तरुण राज ,प्रदीप अग्रवाल, अनुज गुप्ता,महेंद्र कटारिया, राजेश भारद्वाज,रोहित श्रीवास्तव, पवन सिंह सुंदर सिंह राणा,डॉक्टर वी के गुप्ता,, राजीव गर्ग,राहुल बाली,लोकेश कश्यप, प्रमोद रंगा,चंद्रपाल सिंह,,पुनीत शुक्ला,अमित अग्रवाल,मुकेश सिंह,लक्ष्मी नारायण,अमित अवाना,सुनील कुमार,तरुण अरोरा,आशीष, द्वेदी, एवम्‌ शहर के काफी गणमान्य लोग उपस्तिथि थे।

## मामूली सी बात को लेकर दो पक्षों में जमकर चले धारदार हथियार आठ घायल

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो निखिल त्यागी बागपत बड़ौत। अलावलपुर गांव में रविवार की देर शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया । जमकर धारदार हथियार चले व एक- दूसरे पर पथराव किया । इसमें दोनों पक्षों से 8 लोग घायल हो गए ।दोनों कक्षा में एक दूसरे के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी। अलावलपुर गांव में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चल रही है रविवार की देर शाम दोनों पक्ष एक बार फिर आमने-सामने आ गए दोनों पक्षों के बीच धारदार हथियार चले था एक-दूसरे पर पथराव भी किया,जिसमें एक पक्ष से छोटू पुत्र रामकुमार ,अशोक पुत्र आवेराम,रामकुमार आवेराम ,निशा पुत्री मोहन बनिता पत्नी छोटू तथा दूसरा पक्ष से विनित पुत्र सतपाल ,कृष्णा पत्नी सतपाल व महिपाल पुत्र इल्म चंद घायल हो गए। सूचना पर पहुची पुलिस ने घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों पक्षो में एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।


# विश्व पर्यटन दिवस

**विश्व पर्यटन दिवस** हर साल 27 सितंबर को मनाया जाता है। विश्व में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 1980 से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व पर्यटन दिवस आयोजित करने की शुरूआत 27 सितंबर को की थी, तब से आज तक निरंतर विश्व पर्यटन दिवस सभी विश्व के संगठन के देश मनाते चले आ रहे हैं।

**मुख्य लेख : पर्यटन**

**उद्देश्य**

विश्व पर्यटन दिवस के लिए 27 सितंबर का दिन चुना गया, क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व पर्यटन संगठन का संविधान स्वीकार किया गया था। संयुक्त राष्ट्र महासभा हर साल विश्व पर्यटन दिवस की विषय-वस्तु तय करती है। विश्व पर्यटन दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यटन और उसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक व आर्थिक मूल्यों के प्रति विश्व समुदाय को जागरूक करना है। विश्व पर्यटन दिवस का मुख्य उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना और पर्यटन के द्वारा अपने देश की आय को बढ़ाना है। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर एक राष्ट्र को मेजबान राष्ट्र घोषित किया जाता है जो कि जीवोग्राफिकल आर्डर पर होता है। विश्व पर्यटन दिवस का मेजबान 2006 में यूरो, 2007 में दक्षिण एशिया, 2008 में अमेरिका और 2009 में अफ्रीका को बनाया गया था। इस तरह पूरे विश्व के देशों में पर्यटन को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। जिनमें सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक कार्यक्रम शामिल हैं।




**योजनाएँ**

भारत के प्रति विश्व के पर्यटकों की संख्या देश में निरंतर आई आर्थिक मंदी एवं ताज बम काण्ड जैसे धमाके होने के बावजूद कम नहीं हुई है। भारत में विदेशी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न शहरों में अलग-अलग योजनाएँ लागू की गयीं हैं। पर्यटन उद्यम की आय में देश में कायम शांति से बढ़ावा हुआ है और इससे जुड़े उद्यम समूहों में होटल समूह की तादाद काफी है।

**पैलेस ऑन व्हील्स**

'पैलेस ऑन व्हील्स' को देश की शाही सैलानी रेलगाड़ी का तीसरा हॉस्पिटेलिटी इंडिया इंटरनेशनल अवार्ड दिया गया है। राजस्थान पर्यटन विकास निगम का यह पहियों पर राजमहल दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर भारत का नाम रोशन करने वाला माना गया है। अब एक और पैलेस ऑन व्हील्स शुरू किए जाने की योजना है। इसमें पर्यटकों के लिए पहली से भी ज्यादा सुख-सुविधाऐं होंगी।[2]

**अतुल्य भारत अभियान**

भारतीय पर्यटन विभाग ने सितंबर 2002 में 'अतुल्य भारत' नाम से एक नया अभियान शुरू किया था। इस अभियान का उद्देश्य भारतीय पर्यटन को वैश्विक मंच पर बढ़ावा करना था। सरकार और एक्सपीरियेंस इंडिया सोसायटी ने शुरूआती चरण के पहले तीन माह का खर्च वहन किया था। यह संस्था ट्रैवेल एजेंट्स से जुड़ी हुई है। इस अभियान के तहत हिमालय, वन्य जीव, योग और आयुर्वेद पर अंतर्राष्ट्रीय समूह का ध्यान खींचा गया। देश के पर्यटन क्षेत्र के लिए इस अभियान से संभावनाओं के नए द्वार खुले हैं।

देश की पर्यटन क्षमता को विश्व के समक्ष प्रस्तुत करने वाला अपने किस्म का यह पहला प्रयास था। पर्यटन के क्षेत्र में विकास इसके पहले राज्य सरकारों के अधीन हुआ करता था। राज्यों में समन्वय के स्तर पर भी बहुत थोड़े प्रयास दिखते थे। देश के द्वार विदेशी सैलानियों के लिए खोलने का काम यदि सही और सटीक विपणन ने किया तो हवाई अड्डों से पर्यटन स्थलों के सीधे जुड़ाव ने पर्यटन क्षेत्र के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज सैलानी पर्यटन के लिहाज से सुदूर स्थलों की सैर भी आसानी से कर सकते हैं। निजी क्षेत्रों की विमान कंपनियों को देश में उड़ान भरने की इजाजत ने भी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

**उल्लेखनीय प्रगति**

भारत में केवल गोवा, केरल, राजस्थान, उड़ीसा और मध्यप्रदेश में ही पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति नहीं हुई है, बल्कि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के पर्यटन को भी अच्छा लाभ पहुँचा है। हिमाचल प्रदेश में पिछले वर्ष 6.5 मिलियन पर्यटक गए थे। यह आंकड़ा राज्य की कुल आबादी के लगभग बराबर बैठता है। इन पर्यटकों में से 2.04 लाख पर्यटक विदेशी थे। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो प्रदेश ने अपेक्षा से कहीं अधिक सफल प्रदर्शन किया।

**खूबियाँ**

भारत विश्व के पाँच शीर्ष पर्यटक स्थलों में से एक है। विश्व पर्यटन संगठन और वर्ल्ड टूरिज्म एण्ड ट्रैवल काउन्सिल तथा पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणीय संगठनों ने भारतीय पर्यटन को सबसे ज्यादा तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र के रूप में बताया है। भारतीय पर्यटन की कुछ खूबियाँ इस प्रकार हैं-

कोन्डे नास्त ट्रैवलर पुस्तिका के पाठकों के अनुसार कि भारत का स्वास्थ्यवर्धक विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्यवर्धक स्थलों में से एक है।

विश्व पर्यटन संगठन ने भारतीय पर्यटन को सर्वाधिक तेजी से यानि 8.8 फीसदी वार्षिक की दर से विकसित हो रहे उद्योग के रूप में घोषित किया है।

पर्यटन देश का तीसरा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाला उद्योग है। 2004 में पर्यटन से 21 हजार करोड़ रुपए से भी अधिक की आय हुई।

देश की कुल श्रम शक्ति में से 6 प्रतिशत को पर्यटन में रोजगार मिला हुआ है। पर्यटन उद्योग की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं।

भारत के विशाल तथा खूबसूरत तटीय क्षेत्र, अछूते वन, शान्त द्वीप समूह, वास्तुकला की प्राचीन, ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक परम्परा, रंगमंच तथा कलाकेन्द्र पश्चिम के पर्यटकों के लिए खूबसूरत आकर्षण के केन्द्र बन सकते हैं।

विदेशी पर्यटकों के प्रति आत्मीयता दशार्ने के लिए सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम अतिथि देवो भवः शुरू किया गया है।

# ब्रह्मचारिणी

**ब्रह्मचारिणी** माँ दुर्गा की नवशक्तियों का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहाँ ब्रह्म शब्द का अर्थ तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी-तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यंत भव्य है। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएँ हाथ में कमण्डल है। अपने पूर्व जन्म में जब ये हिमालय के घर पुत्री रूप में उत्पन्न हुई थीं, तब नारद के उपदेश से इन्होंने भगवान शंकर जी को प्राप्त करने के लिए कठिन तपस्या की थी। इसी दुष्कर तपस्या के कारण इन्हें तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से अभिहित किया गया। इन्होंने एक हजार वर्ष तक केवल फल खाकर व्यतीत किए और सौ वर्ष तक केवल शाक पर निर्भर रहीं। उपवास के समय खुले आकाश के नीचे वर्षा और धूप के विकट कष्ट सहे, इसके बाद में केवल जमीन पर टूट कर गिरे बेलपत्रों को खाकर तीन हजार वर्ष तक भगवान शंकर की आराधना करती रहीं। कई हजार वर्षों तक वह निर्जल और निराहार रह कर व्रत करती रहीं।

पत्तों को भी छोड़ देने के कारण उनका नाम 'अपर्णा' भी पड़ा। इस कठिन तपस्या के कारण ब्रह्मचारिणी देवी का पूर्वजन्म का शरीर एकदम क्षीण हो गया था। उनकी यह दशा देखकर उनकी माता मैना देवी अत्यन्त दुखी हो गयीं। उन्होंने उस कठिन तपस्या विरत करने के लिए उन्हें आवाज दी उमा, अरे नहीं। तब से देवी ब्रह्मचारिणी का पूर्वजन्म का एक नाम 'उमा' पड़ गया था। उनकी इस तपस्या से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया था। देवता, ऋषि, सिद्धगण,




मुनि सभी ब्रह्मचारिणी देवी की इस तपस्या को अभूतपूर्व पुण्यकृत्य बताते हुए उनकी सराहना करने लगे। अन्त में पितामह ब्रह्मा जी ने आकाशवाणी के द्वारा उन्हें सम्बोधित करते हुए प्रसन्न स्वरों में कहा- 'हे देवी । आज तक किसी ने इस प्रकार की ऐसी कठोर तपस्या नहीं की थी। तुम्हारी मनोकामना सर्वतोभावेन पूर्ण होगी। भगवान चन्द्रमौलि शिव जी तुम्हें पति रूप में प्राप्त होंगे। अब तुम तपस्या से विरत होकर घर लौट जाओ।'

माँ दुर्गा का यह दूसरा स्वरूप भक्तों को अनन्त फल देने वाला है। इनकी उपासना से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार व संयम की वृद्धि होती है। सर्वत्र सिद्धि और विजय प्राप्त होती है। दुर्गा पूजा के दूसरे दिन इन्हीं के स्वरूप की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन स्वाधिष्ठान चक्र में होता है। इस चक्र में अवस्थित मन वाला योगी उनकी कृपा और भक्ति प्राप्त करता है। जीवन के कठिन संघर्षों में भी उसका मन कर्त्तव्य-पथ से विचलित नहीं होता। माँ ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से उसे सर्वत्र सिद्धि और विजय प्राप्त होती है।

**ध्यान**

**वन्दे वांछित लाभाय चन्द्रार्धकृत शेखराम्।**
**जपमाला कमण्डलु धरा ब्रह्मचारिणी शुभाम्॥**
**गौरवर्णा स्वाधिष्ठानस्थिता द्वितीय दुर्गा त्रिनेत्राम्।**
**धवल परिधाना ब्रह्मरूपा पुष्पालंकार भूषिताम्॥**
**परम वंदना पल्लवराधरां कांत कपोला पीन।**
**पयोधराम् कमनीया लावणयं स्मेरमुखी निम्ननाभि नितम्बनीम्॥**

**स्तोत्र पाठ**

**तपश्चारिणी त्वंहि तापत्रय निवारणीम्।**
**ब्रह्मरूपधरा ब्रह्मचारिणी प्रणमाम्यहम्॥**
**शंकरप्रिया त्वंहि भुक्ति-मुक्ति दायिनी।**
**शान्तिदा ज्ञानदा ब्रह्मचारिणी प्रणमाम्यहम्॥**

**कवच**

**त्रिपुरा में हृदयं पातु ललाटे पातु शंकरभामिनी।**
**अर्पण सदापातु नेत्रो, अर्धरी च कपोलो॥**
**पंचदशी कण्ठे पातु मध्यदेशे पातु महेश्वरी॥**
**षोडशी सदापातु नाभो गृहो च पादयो।**
**अंग प्रत्यंग सतत पातु ब्रह्मचारिणी।**

## मां दुर्गा के पूजा में आराधना में डूबे भक्त गण,भक्ति गीतों से गुंजा मंदिर, शहर हुआ भक्तिमय

कलशे स्थापनो के साथे शारदीय नवरात्र शुरू हुओ । दुर्गा सप्तशती के पाठ व वैदिक मंत्रोच्चारण से घर, मंदिर व पूजा पंडाल गूंज उठे. देवी गीतों से पुरा शहे माहौल भक्तिमय हो गया। कलशे स्थापिते कर पूजा शुरू की गयी. पहले दिन देवी भगवती के प्रथम रूपे शैलपुत्री की अराधना की गयी. मंलगवार को माता के दूसरे रूप ब्रह्मचारिणी की पूजा होगी. इधर, दुर्गा पूजा को लेकर प्रतिमो व पंडाल को अंतिम रूप देने के लिए पूजा समितियों द्वारा कार्य में तेजी आ गयी है. पूजा पंडाल आकार लेने लगे हैं। प्रतिमो को अंतिम रूप दिया जा रहा है. आकर्षक पूजा पंडालों में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमो स्थापिते की जायेगी. साथे ही सोमवार की सुबह हुई बारिश होने के बावजूद भी भक्तगण पानी में भीग कर बाजारों में खरीदारी को लेकर भारी भीड़ लगी



रही. देवी दुर्गा की साधना व आराधना को लेकर भक्तों का उत्साह चरम पर दिखा. जगह-जगहे मां दुर्गा के भक्ति गीत से सारा क्षेत्र गुंजायमान हो गया हैं. मां दुर्गा के भक्तों ने घर, मंदिर व पूजा पंडालों में सोमवार को श्रद्धा व विश्वास के साथे विधि-विधान पूर्वके कलशे स्थापन किया।

**काली मंदिर में भी शुरू नवरात्र को लेकरे विशेष पूजा अर्चना**

विश्व प्रसिद्धे मां खड्गेश्वरी महा काली मंदिर में नवरात्र को लेकर एक पूजा से नौ पूजा तक रोजनो मां काली का विशेष पूजा अर्चना किया जा रहा है. जबकि सात पूजा से नौ पूजा तक रोजनो मां खड्गेश्वरी को महां भोग भी लगाया जायेगा. इसकी जानकारी मां खड्गेश्वरी के साधक नानू बाबा ने दी। उन्होंने बताया कि एक पूजा से लेकर नौ पूजा तक रोजना मंदिर में शाम में हवन व रात्री के आठ बजे पुष्पाजलि का का आयोजन होना है. इसके साथे हीं सात पूजा से नौ पूजा तक रोजनो मां खड्गेश्वरी को महा भोग लगेगा. इस-को लेकर मंदिर को आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया है।

जिला प्रशासन से मिली जानकारी अनुसार जिला मुख्याल के सभी दुर्गा मंदिर में नवरात्र को लेकर सुरक्षा बल तैनात रहेगे. मंदिर में कोई भी लोग शांति भंग करने का कोशिस नहीं करे इसके लिए पुलिस बल वैसे लोगों पर कड़ी नजर बनाये रखेगी।जिला मुख्याल में दस दुर्गा मंदिर है. सभी मंदिर मंदिर में पुलीस बल तैनात रहेगे।

# राशि फल

## आपको आपके आने वाले कल के बारे में एक सटीक झलक और ज्योतिषीय मार्गदर्शन प्रदान करता है।

**27 सितंबर 2022 आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।**

**वृष** आत्मविश्वास बहुत रहेगा, परन्तु क्रोध के अतिरेक से बचें। आय वृद्धि में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। भवन या सम्पत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। भौतिक सुखों में बढ़ोत्तरी हो सकती है। कार्यक्षेत्र की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें। कुटुम्ब की किसी महिला से धन प्राप्ति हो सकती है। विवादों से बचें।




**मिथुन** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचकर रहें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिवार का साथ मिलेगा। धन की स्थिति में सुधार होगा। किसी सम्पत्ति से भी धन लाभ हो सकता है। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आशा-निराशा के मिश्रित भाव मन में रहेंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। मनमुटाव भी हो सकता है। स्वास्थ्य को लेकर अभी परेशानी बनी रहेंगी।

**कर्क** संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन-सत्ता से धन प्राप्त हो सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उच्च शिक्षा प्राप्ति के लिए सहयोगियों का साथ मिल सकता है। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। मानसिक शान्ति रहेगी। नौकरी में अफसरों से मतभेद बढ़ सकते हैं, लेकिन फिर भी तरक्की के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति के योग हैं। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिल सकता है। आय बढ़ेगी। पारिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। धैर्यशीलता में कमी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कन्या** मन शान्त रहेगा। फिर भी अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। प्रसन्नता के भाव रहेंगे। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब परिवार की किसी बुजुर्ग महिला से धन प्राप्ति हो सकती है। परिवार का सहयोग मिलेगा। यात्रा-देशाटन के लिए जा सकते हैं। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। आशा-निराशा के मिश्रित भाव मन में रहेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**तुला** मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं। परिवार के साथ धार्मिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। कारोबार पर भी ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। वाहन सुख की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। आय में वृद्धि होगी। खानपान के प्रति सचेत रहें। उदर विकार हो सकते हैं।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। सन्तान को स्वास्थ्य विकार हो सकता है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। सन्तान को कष्ट होगा।

**धनु** नकारात्मक विचारों से बचें। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। संयत रहें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। सेहत का ध्यान रखें। धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। माता को स्वास्थ्य विकार हो सकते है। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं। संचित धन में कमी आएगी। किसी मित्र से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। खर्च बढ़ सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। भवन के साज-सज्जा के कार्यों को लेकर चिंतित रहेंगे। सन्तान को स्वास्थ्य की परेशानी हो सकती है। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में संयत रहें। स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। यात्रा पर जाना हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम की प्राप्ति होगी।

**कुंभ** मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आय में सुधार आएगा। आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्ति होगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के योग बन रहे हैं। वाणी में मधुरता रहेगी। बड़ी बहन से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**मीन** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार में आपसी मनमुटाव से बचें। बहन-भाइयों का साथ मिलेगा। धन की प्राप्ति होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। व्यर्थ की चिंताओं से मन परेशान हो सकता है। मित्रों के साथ कोई नया कारोबार शुरू कर सकते हैं।



# श्रद्धांजलि पितरों को



**स्व. सुरेन्द्र प्रताप सिंह**

## "निःस्वार्थ भाव से मदद करने की प्रेरणा"

लोगों को कहते सुना कि आज के दिन धर्मात्मा ही मरते हैं। भीष्म पितामह भी आज ही के दिन प्राण त्यागने की इच्छा जाहिर किए थे। जी हाँ, इसी दिन यानि पौषी पूर्णिमा (17 जनवरी 2022) को जब सूर्य मकर राशि में होकर उतरायण होते है, मेरे पितातुल्य श्वसुर सुरेंद्र प्रताप श्रीवास्तव जी मृत्यु को प्राप्त हुए। वाकई वे धर्मात्मा थे।

वे कभी किसी का बुरा नहीं चाहते तथा निःस्वार्थ भाव से हर किसी की मदद के लिए तैयार रहते। वे हमें भी इसके लिए उत्साहित करते और समझाते "निःस्वार्थ भाव से मदद करो, ईश्वर पर विश्वास रखो। वो साहित्यप्रेमी, ज्ञानी और आत्मबल से परिपूर्ण इंसान थे। उनकी विद्वता और उनके विचार हमेशा हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगे और हमारा मार्गदर्शन करेंगे। हम अपने श्वसुर जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन करते हैं।



**रत्ना श्रीवास्तव, साईं सदन, शालीमार गार्डन (साहिबाबाद) गाजियाबाद**

**श्रद्धा के इस पावन पर्व पर आइए अपने पूर्वजों का स्मरण करें।**

**उनकी स्मतियों के सजोना हैं तो हमें लिखिए।**

**7489697916 - ojha.jagran@gmail.com**

**अधिकतम 150 शब्दों में पूर्वजों के संस्मरण और फोटो अपना परिचय के साथ दें**

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइटः www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# संक्षिप्त न्यूज

## ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के व्यक्ति उद्यम हेतु ,ऋण के लिए करे आवेदन

**देव मणि शुक्ल दैनिक समाज जागरण**

नोएडा जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गौतम बुद्ध नगर अम्बुज कुमार ने ग्रामीण क्षेत्र के नव युवक/युवतियों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना का क्रियान्वयन उ0 प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा किया जा रहा है। योजना के तहत अधिकतम 10 लाख रुपए तक का ऋण बैंक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यम की स्थापना के लिए प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत सामान्य वर्ग के पुरुष लाभार्थियों को पूँजीगत ऋण पर 4% से अधिक ब्याज की धनराशि( अधिकतम 13 प्रतिशत तक) ब्याज उपादान के रूप में 5 वर्ष तक उपलब्ध करायी जाती है एवं आरक्षित वर्ग तथा महिला उद्यमियों को पूँजीगत ऋण पर समस्त ब्याज की धनराशि (अधिकतम 13 प्रतिशत तक) ब्याज उपादान के रूप मे 5 वर्ष तक उपलब्ध करायी जाती है।

उन्होंने बताया कि उक्त योजना के अंतर्गत आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र ही अनुमन्य है तथा वेबसाइट पर जाकर एजेन्सी डश्क्ह चयन कर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। वेबसाइट पर योजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी भी उपलब्ध है।

उन्होंने यह भी बताया कि उक्त योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में उद्यम की स्थापना के लिए इच्छुक नव युवक / युवतियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है एवं योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, कक्ष संख्या - 206, 207 विकास भवन सूरजपुर गौतमबुद्धनगर में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

## 138 एन0आई0 एक्ट वादों की आयोजित विशेष लोक अदालत में आज कुल 130 वादों का किया गया निस्तारण।

**देव मणि शुक्ल दैनिक समाज जागरण**

नोएडा उच्च न्यायालय, इलाहाबाद व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में धारा 138 एन0आई0 एक्ट वादों की निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में आज दिनांक 26.09.2022 को जनपद न्यायालय, गौतमबुद्धनगर में किया गया। जिसमें विभिन्न न्यायालयों द्वारा कुल 130 वादों का निस्तारण किया गया। सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर श्री जयहिंद कुमार सिंह द्वारा न्यायालयवार प्राप्त विवरण के अनुसार बताया गया कि श्रीमती सर्वोत्तमा एन0 शर्मा, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम द्वारा 10 वाद, श्री अवधेश कुमार, सिविल जज सी0डि0/एफटीसी द्वारा 02 वाद, श्रीमती नूपुर श्रीवास्तव, अपर सिविल जज जू0डि0-द्वितीय द्वारा 01 वाद, श्री प्रदीप कुमार कंसल, पीठासीन अधिकारी, अतिरिक्त न्यायालय कक्ष सं0-01 द्वारा 34 वाद, श्री नलिन कांत त्यागी, पीठासीन अधिकारी, अतिरिक्त न्यायालय कक्ष सं0-02 द्वारा 27 वाद, श्री विजय कुमार अग्रवाल, पीठासीन अधिकारी, अतिरिक्त न्यायालय कक्ष सं0-03 द्वारा 56 वाद निस्तारित किये गये।

उपरोक्तानुसार विशेष लोक अदालत में कुल 130 वादों का निस्तारण किया गया।

## 12वर्षीय किशोर के साथ चार लड़कों ने अप्राकृतिक सेक्स कर प्राइवेट पार्ट में रॉड डाला,उसे पीटा भी

(हरेश उपाध्याय)नई दिल्लीः उत्तर पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में 12 साल के किशोर के साथ हैवानियत की पराकाष्ठा का मामला संज्ञान में आया है।इलाके के चार लोगों ने उसके साथ अप्राकृतिक सेक्स किया और इतना ही नहीं,उसके प्राइवेट पार्ट में रॉड डालकर उसके साथ मारपीट भी की। गंभीर हालत में किशोर अपने घर पहुंचा। दो दिनों तक वह अपने दर्द को सहता रहा।जब उसे बर्दाश्त नहीं हुआ तो उसने आपबीती अपने परिजनों को बताई।जिसके बाद पुलिस से शिकायत की गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां



उसकी हालत गंभीर है।इस पूरी घटना को लेकर दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित परिवार ने सीलमपुर थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 22 सितंबर को किशोर ने अपने परिजनों को बताया कि 18 सितंबर को इलाके के चार लोग उसे अनजान जगह ले गएऔर वहां बारी-बारी से सभी ने उसके साथ अप्राकृतिक सेक्स किया।विरोध करने पर उसके साथ डंडे और ईट से पिटाई भी की। उसके प्राइवेट पार्ट में रॉड तक डाला गया ।पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर, एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। दिल्ली महिला आयोग इस पूरी घटना के मद्देनजर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है।दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने इस घटना को लेकर दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाया है।मालीवाल ने कहा कि जब लड़के ही सुरक्षित नहीं हैं तो लड़कियों की सुरक्षा, दिल्ली पुलिस कैसे करेगी?

## शहीद जवान का पैट्रोल से हुआ अंतिम संस्कार,

### लोगों ने केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी की

(हरेश उपाध्याय)नई दिल्लीः-दिल्ली हरियाणा बॉर्डर पर मटियाला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला गांव दौराला में, लोगों का गुस्सा उस वक्त फूट पड़ा,जब वे शहीद जवान के पार्थिव शरीर के गांव आने के बाद सही तरीके से उसका अंतिम संस्कार भी नहीं कर पाए।इसपर स्थानीय लोगों ने शमशान घाट पर ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी करना शुरू कर दी।दरअसल दिल्ली के इस छोटे से गांव की आबादी तो करीब 800 के आसपास है लेकिन यहां हर से एक-दो व्यक्ति फौज में है।देश की सेवा के लिए अपने बेटों को खोने वाले गांव में विडंबना यह है कि यहां के शमशान घाट की स्थिति बहुत बदहाल है।यहां गांव के एक बेटे की शहादत के बाद उसके पार्थिव शरीर को अंत्येष्टि के लिए उसके घर लाया गया। लेकिन शमशान घाट की बुरी हालत के कारण से उस जवान की सही तरीके से अंतिम विदाई भी नहीं हो सकी।हाल ही में, फौजी शिव कुमार देश की सेवा करते हुए शहीद हो गए थें।उनके पार्थिव शरीर को दौराला गांव लेकर पहुंचे भारतीय सेना के 16 जवानों ने सीवर के गंदे पानी में डूबे शमशान घाट और रास्तों में चल कर किसी तरह शमशान घाट तक पहुंचाया।हालांकि गांव के लोगों ने मिलकर 4 घंटे जेसीबी से शमशान घाट की स्थिति ठीक करने का प्रयास किया।जिसके बाद किसी तरह शहीद जवान का अंतिम संस्कार हो पाया। शमशान घाट की हालत इतनी खराब थी कि शहीद जवान का अंतिम संस्कार पेट्रोल से किया गया। इस मार्मिक घटना को देखकर शहीद के परिजनों सहित वहां मौजूद स्थानीय लोग भी अपने रोक नहीं पाएं। लोगों ने बताया कि आजतक स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शमशान की सुधि नहीं ली।लोगों ने यह भी बताया कि शहीद जवान के पार्थिव शरीर को अंत्येष्टि के लिए गांव लाए जाने की जानकारी होने के बाद भी दिल्ली सरकार की तरफ से किसी प्रकार की व्यवस्था की नहीं की गई।प्रश्न उठता है कि देश की सेवा में शहीद हुए जवान का क्या दोष था?उसका सम्मान सहित अंतिम संस्कार भी नहीं कर पाएं।

# महर्षि नगर में दुर्गा पूजा और विजय दशमी महोस्सव का आयोजन

**देव मणि शुक्ल दैनिक समाज जागरण**

नोएडा महर्षि नगर महर्षि वेद विज्ञान विश्वविद्यापीठ द्वारा महर्षि नगर में शारदीय नवरात्र विजयदशमी महोत्सव एवं रामलीला मंचन किया जा रहा है।

मीडिया प्रभारी ए के लाल ने बताया की आज प्रात मां दुर्गा के नवदिवसीय पूजा का शुभारंभ किया गया हैं। नवरात्र के साथ ही श्री रामलीला के मंचन का शुभारंभ भी हुआ। भारी संख्या में उपस्थित लोगों के बीच पहले दिन राम, भरत ,लक्ष्मण और शत्रुघ्न के जन्म प्रसंग के मनमोहक मंचन का दर्शको ने आनंद लिया।



महर्षि वेद विज्ञान विश्वविधा पितम के प्रभारी शिशिर श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 सितंबर से 6 अक्टूबर तक प्रतिदिन प्रात9 बजे से दुर्गा पूजन पाठ एवम सायः 7 बजे से भजन ,वेद महात्म्य पर प्रवचन और आरती होगी ,5 अक्टूबर की विजया दशमी महोस्त्व तथा रावण दहन किया जाएगा।

6 अक्टूबर को भरत मिलाप और राज तिलक मंचन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि भगवान राम भारतीय धर्म सस्कृति की धुरी है और आज भी मयार्दा पुरुषोत्तम राम को चरित्र भारतीय जन मानस को सुमार्ग पर चलने और पारिवारिक तथा सामाजिक स्तर पर मर्यादित जीवन जीने की प्रेरणा देता है

इस अवसर पर विनीत श्रीवास्तव,विनोद श्रीवास्तव, गिरीश अग्निहोत्री,श्रीकांत ओझा ,यादवेंद्र यादव ,कमलेश यादव ,शिशुपाल सिंह यादव , रामेद्र सचान ,एस पी गर्ग , दयाशकर गुप्ता, एल एस सोम ,संतोष श्रीवास्तव ,विनोद दीक्षित ,नरेंद्र सिंह तथा कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# किसानों की मांगे पूरी ना हुई तो लखनऊ कुछ करेंगे किसान :प्रताप सिंह गुर्जर

## पिछले 3 दिनों से जिला मुख्यालय पर चल रहा है भारतीय किसान यूनियन का अनिश्चितकालीन धरना

**दैनिक समाज जागरण**
**निखिल त्यागी ब्यूरो बागपत**

बागपतः दर्शन दरअसल किसानों की मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पद अधिकारियों सहित सैकड़ों की संख्या में किसान भी अनिश्चितकालीन धरने में मौजूद हैं किसानों का कहना है कि यहां से हम लोग सब घर जाएंगे जब हमारी मांगों का निस्तारण होगा इस मौके पर जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन प्रताप सिंह गुर्जर ने कहा कि जनपद बागपत पाकिस्तान सूखाग्रस्त बिजली के बिल खेतों में डालने वाले भाग पर अधिक मात्रा में मिल लेना सरकार हमें केवल बहका रही है मामला यही है कि किसानों के इस प्रकरण को लटका के रखें जोकि आने वाले लोकसभा चुनाव में यह मुद्दा काम आए लेकिन किसान इस बार इस मूड में नहीं है अब उन्होंने यह ठान ली है जिला मुख्यालय से तभी उठा जाएगा जब हमारी मांगे पूरी होंगी अभी तक मलकपुर मिल ने अपना बकाया भुगतान भी किसानों को नहीं किया है और ऊपर से किसानों



को यह धमकी मिल रही है कि जितना लेट गन्ना शुगर मिल चलेगा उतना नुकसान किसानों को उठाना होगा क्योंकि इससे पैरों की सत्र पर गहरा असर पड़ता है जो गन्ने के रख देगी रख दे बे को भी इस बार कम करने की बात प्रदेश सरकार के साथ सभी नील मालिक जी इसी प्रकरण में लगे हुए हैं कि किसानों का कैसे बेवकूफ बनाया जाए क्योंकि जब से गन्ना मिल लगा है ।मलकपुर वाला तब से आज तक कभी भी मिलने समय पर भुगतान नहीं किया मजबूरन किसानों को धरने प्रदर्शन करने पड़ते हैं। नहीं तो किसान के पास खेत के काम के अलावा और कोई काम नहीं होता केवल खेती की देखभाल करना लेकिन भाजपा सरकार में किसान को इतना मजबूर कर दिया ।कि उसे कभी दिल्ली कभी जिला मुख्यालय पर तहसील स्तर पर धरने करने पड़ते हैं सरकार ने अपने घोषणा पत्र में किसानों को देने के लिए बहुत कुछ बोला था ।लेकिन मिला कुछ नहीं उनका कहना था। कि किसान अनिश्चितकालीन धरना से तब तक नहीं उससे उठेंगे तब तक किसानों की सभी समस्याओं का निस्तारण नहीं होता ।किसानों में उपेंद्र विकास प्रमोद प्रदीप रतन त्यागी मुकेश त्यागी परमिंदर विशाल सहित किसान रात्रि में भी वहीं पर रुकते हैं ।इस मामले में जिला अधिकारी बागपत का कहना है। कि जो सासनी का आदेश आएगा उस पर ही अमल होगा।

# ऑनलइन व्यापार ने व्यापारियों की तोड़ी कमर:व्यापार मण्डल अध्यक्ष मुदित जैन

## ऑनलाइन बिक्री के कारण छोटे व्यापारियों के बच्चों का भी पालन पोषण नहीं हो पा रहा:मुदित जैन

**दैनिक समाज जागरण**
**बागपत निखिल त्यागी**

आज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल बड़ौत के अध्यक्ष एवं व्यापरियो के फायरब्रांड नेता मुदित जैन जी ने सभी व्यापारियों से व्यापार बढ़ाने के लिए की अपील कहा की आप सभी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल बड़ौत के सम्मानित व्यापारी,डीलर्स और लीडर्स को सबसे पहले तो नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाए एवं बधाई माता रानी इस दिवाली सबकी अच्छी करे सभी के व्यापार में चार चांद लगाए आज से हम लोग अपने व्यापार पर पूरा समय और ध्यान देंगे ऑनलाइन क्या कर रहा है उसको हम लोग दिवाली बाद देखेंगे क्यों की हम सब मे एकजुटता नहीं है जिसका नतीजा फ्लिपकार्ड एवं अमेजन ने



नवरात्रि से पहले अपनी पहली सेल में ही पितृपक्ष में 28% ग्रोथ दी है हमारे डीलर भाईयो ने भी इसमें उनको सहयोग दिया जब की रिटेल इन दिनों 75% डिग्रोथ में था अब सीजन के बाद एक बार सब लोग आत्ममंथन करिए अगर सभी व्यापारी उनकी टीम अपने बचे खुचे व्यापार को बचाने के लिए सक्रिय होते है व्यापार चलाया जायेगा अन्यथा कोई फायदा नही है ऑनलाइन व्यापार ने बाजार को खाली बिठाने की पूरी तैयारी कर रखी है अब व्यापारियों के हाथ मे है जीत अपने व्यापार पर ध्यान देकर ही हो सकती है !आप सभी को आने वाले सीजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं!

# बाल मजदूरी के खिलाफ प्रशासन द्वारा ताबडतोड छापेमारी, 9 बाल श्रमिकों को रेस्क्यू कराया

## बाल श्रम अपराध, कार्रवाई जारी रहेगी, बाधा कौ होगी कड़ी कार्यवाही 2 को लिया हिरासत में : प्रिया गर्ग

दैनिक समाज जागरण निखिल त्यागी यूरो बागपत बडौत` नगर में की तहसील नवांगगत तहसीलदार प्रिया गर्ग ने अपना चार्ज संभालते ही एक्शन मोड में आ चुकी है तहसील कर्मचारियों सहित अब व्यापारियों पर भी उन्होंने उन्होंने कानूनी शिकंजा कस दिया है। तहसीलदार प्रिया गर्ग ने बताया कि जो दबंगई से व्यापारी के यहां बाल मजदूरी कर रहे 9 बच्चों को बाल श्रमिकों को लेकर नगर के बाजारों में की गई ताबडतोड़ छापेमारी` मौके पर 9 बाल श्रमिक दुकानों पर काम करते पाए गए` वहीं छापेमारी के दौरान सरार्फा व्यापारी सुधीर व उदित जैन द्वारा टीम के साथ की गई जमकर अभद्रता` सरकारी कार्य मे बाधा डालने पर पुलिस टीम को भी मौके पर बुलाया गया तथा मौके से सरार्फा व्यापारी की दुकान से बाल श्रमिक को बरामद किया`

बता दें कि जनपद में अवैध रूप से बच्चों को मजदूरी में धकेलने और बालश्रम विरोधी कानून के होते हुए भी धडल्ले से काम लेने की शिकायतें मिल रही थी` बताया गया । कि, अभी होटलों, रस्टोरेंट, वर्कशॉप व चाय , छोले आदि की दुकानों



पर भी बाल श्रमिकों के होने की जानकारी प्रशासन तक पहुंचाई गई है` फिलहाल टीम की छापेमारी की सूचना से नियम विरुद्ध बच्चों से मजदूरी कराने वाले व्यापारियों में हडकंप मचा रहा` वहीं छापामारी कर रही टीम ने बाजार अतिथि भवन, नेहरू मूर्ति, घट्टा बाजार में छापेमारी की और 9 बाल श्रमिकों को रेस्क्यू कराया ।

नायब तहसीलदार प्रिया गर्ग के नेतृत्व में छापामार कार्रवाई करती श्रम विभाग की टीम लगभग एक दर्जन दुकानों पर औचक निरीक्षण किया जिनमें 9 बच्चे काम करते हुए पाए गए। जिन्हें नायब तहसीलदार प्रिया गर्ग ने दुकानों से मुक्त कराया` उन्होंने कहा कि ,बाल श्रम अपराध है,नगर में इसके विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी ।,साथ ही चेतावनी भी दी । कि,सरकारी काम में अगर कोई बाधा डालेगा ,तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी `नायब तहसीलदार प्रिया गर्ग ने बताया कि कुछ दबंग आई रूप से बाजार में दुकानें खोले बैठे हैं उन्होंने सरकारी कार्य में बाधा तो डाली है ही जो कानूनी रूप से अपराध बनता है तभी हमने कोतवाली पुलिस हो को बुलाकर अभद्रता करने वाले दोनों व्यापारियों के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत भी कराया है और चेतावनी दी है कि यह अभियान रुकने वाला नहीं है। इसके अलावा भी कई और शिकायतें हमें प्राप्त हो रही हैं । जिसमें कार्रवाई निश्चित रूप से होगी।

# कोली समाज का युवक- युवती परिचय सम्मेलन अलवर में संपन्न,सांसद रंजीता कोली रही मुख्य अतिथि

अलवर(संवाददाता):अखिल भारतीय कोली समाज रंजी नई दिल्ली के युवा विंग के द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम में 150 से अधिक युवक- युवतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप भरतपुर से सांसद रंजिता कोली व पूर्व सिकराय विधायक गीता वर्मा,पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, टीसी शाक्यवार,केसी वर्मा,राजीव शाक्यवार व प्रदेश अध्यक्ष डॉ पप्पू राम कोली, महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष तपस्या कोली , मोटिवेशनल स्पीकर दीपराम महावर , युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र कामिया , उपाध्यक्ष, रोहित




महावर, महामंत्री करन शाक्य,प्रदेश प्रचार मंत्री अजय शाक्यवार, युवा विंग जयपुर जिला उपाध्यक्ष अनिल महावर, सोनू महावर , कोली सरकार भारत ग्रुप के संस्थापक सदस्य अजय कोरी भी उपस्थित रहे ।

# रोजगार मेले में 210 अभ्यर्थियों को मिला जॉब आफर

26 सितम्बर 2022 लखनऊ। मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है जिसमें 2 कम्पनियाँ अमर उजाला लखनऊ, एवं एल0 एण्ड टी0 लखनऊ ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले का उद्घाटन नोडल प्रधानाचार्य आर0 एन0 त्रिपाठी के द्वारा किया गया। एम0 ए0 खाँ, ट्रेनिंग काउन्सलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि रोजगार मेले में लगभग 500 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया जिसका 2 कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लिया गया जिसमें कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार के उपरान्त 210 अभ्यर्थियों को जॉब आफर दिया गया। खाँ नें रोजगार से वंचित रह गये अभ्यर्थियों को दिनांक 30 सितंबर 2022 एवं 10 अक्टूबर 2022 को राजकीय आई0टी0आई0, अलीगंज, लखनऊ में आयोजित रोजगार व शिशिक्षु मेले में आ सकते है।

# सूरघाट पर हुई यमुना जी की महा आरती,लोगों ने लिया यमुना सफाई का संकल्प

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-वजीराबाद के सूरघाट पर रविवार को शाम,यमुना जी की महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों लोगों ने यमुना सफाई का संकल्प भी लिया। स्वरांगना ग्रुप द्वारा माँ यमुना की वंदना की गयी, साथ ही दिल्ली पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ।परमार्थ



निकेतन ऋषिकेश के परमाध्यक्ष पूज्य स्वामी चिदानंद महाराज दिल्ली में यमुना की दुर्दशा देखकर बहुत व्यथित हुए और उन्होंने मौजूद लोगों को यमुना मां को निर्मल रखने का संकल्प दिलाया। यमुना परिवार के संयोजक कपिल गर्ग ने यमुना परिवार का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा की माँ यमुना राष्ट्र और सनातन की धरोहर है।साध्वी भगवती सरस्वती जी ने भी माँ यमुना के महत्व को पुराणों के उद्धरण से समझाया।नमामि गंगे प्रोजेक्ट के डायरेक्टर जनरल जी अशोक कुमार की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने यमुना परिवार को साधुवाद दिया।सांसद और अभिनेता मनोज तिवारी भी पहुंचे।विश्व प्रसिद्ध चित्रकार पवन वर्मा शाहीन ने माँ यमुना की पेंटिंग का अनावरण किया।कार्यक्रम में विशेष रूप से माँ यमुना को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नेशनल यमुना अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया।भजन सम्राट कन्हैया मित्तल,महंत नवल किशोर दास,जैन संत लोकेश मुनि, प्रसिद्ध कथावाचक अजय भाई,विश्व हिंदू परिषद से साध्वी कमलेश भारती एवं स्वामी श्री कंचन गिरी, राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल एवं प्रसिद्ध समाजसेवी मनमोहन गुप्ता,अतुल सिंघल,धर्मवीर सिंह गूजर मीडिया कॉरडीनेटर की भी महति उपस्थिति रही।

# दीपावली पर्व पर दीपावली मिलन कार्यक्रम के जरिये 2000 सक्रिय कार्यकर्ता जोडे ; अनिल शर्मा

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो निखिल त्यागी बागपत**

बड़ौत` प्रदेश भर के जिलाध्यक्षों और पदाधिकारियों को जयहिंद मंच ने सदस्यता अभियान चलाने के साथ ही लक्ष्य निर्धारित करते हुए कम से कम एक जनपद में 2 हजार नये सदस्यों को जोडने का आह्वान किया है` उक्त जानकारी मंच के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनिल शर्मा ने प्रेस वार्ता के दौरान साझा की` नगर के दिल्ली रोड स्थित जय हिंद मंच के जनपदीय कार्यालय पर प्रेस वार्ता करते हुए जय हिंद मंच के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य



अनिल शर्मा ने प्रदेश के समस्त जिला अध्यक्षों ,प्रदेश पदाधिकारियों, महानगर नगर प्रभारियों से आह्वान किया कि ,जय हिंद मंच के लिए अपने-अपने जनपद में दीपावली पर्व पर विशेष अभियान चलाते हुए जय हिंद मंच के कम से कम अपने गृह जनपद में दो दो हजार कार्यकर्ता मंच से जोड़ने का काम करें` अनिल शर्मा ने बताया कि ,राष्ट्रीय स्तर पर जय हिंद मंच के लगभग 10 लाख लोग संगठन जुड़कर राष्ट्र हित की भावना के लिए काम कर रहे हैं बताया कि,जनपद बागपत में भी दीपावली पर्व पर दीपावली मिलन कार्यक्रम के जरिये 2000 सक्रिय कार्यकर्ता जोडे जाएंगे`

# असम करीमगंज के सिविल अस्पताल में हमेशा की तरह विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण : करीमगंज जिले के सिविल अस्पताल में हर साल की तरह इस बार भी करीमगंज सिविल अस्पताल की अधीक्षक श्रीमती लिपि देव ने ध्वजारोहण किया और उनके साथ करीमगंज के डीडीएसएम शांतनु दास, जिला अअढरअ अध्यक्ष मोहम्मद अबू शाहिद, सचिव रबिन कांति धर ने




भाग लिया. अअढरअ करीमगंज जिला, प्रधान फार्मासिस्ट तपेंद्र दास, अपूर्व पाल, सुब्रत दास, निताई रॉय, आमीनुल इस्लाम, संदीप दास आदि फार्मासिस्टः यह दिन पारंपरिक रूप से हर साल 25 सितंबर को मनाया जाता है।

# काफी खींचतान के बाद ग्राम पंचायत के सदस्यों ने आनीपुर ग्राम पंचायत के अध्यक्ष रूहुल आमीन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया।

## *भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष जारी रखने के लिए वार्ड सदस्यों ने यह कदम उठाया।*

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण : 26 तारीख (सोमवार) को वे ग्राम पंचायत सचिव के हाथ में अविश्वास प्रस्ताव पेश कर मीडिया से रूबरू हुए। उनकी ओर से चौथे वार्ड सदस्य प्रतिनिधि महीतोष सिन्हा ने कहा, रूहुल आमीन के खिलाफ 14वें वित्त आयोग से शुरू होने वाले भ्रष्टाचार के विभिन्न आरोप हैं. 8 वार्ड सदस्यों की सहमति तोड़ कर अविश्वास



प्रस्ताव को विफल करने के लिए कई षडयंत्रों के बाद भी कोई नतीजा नहीं निकला अंत में आठ में से एक और जुड़ गया जीपी सह अध्यक्ष व वार्ड नंबर 3 सदस्य अलका मालाकार, वार्ड नंबर 4 सदस्य मालती सिन्हा, वार्ड नंबर 10 सदस्य अनुपम साहा, वार्ड नंबर 8 सदस्य हनीफ उद्दीन, वार्ड नंबर 1 सदस्य हामीला बेगम, वार्ड नंबर 5 सदस्य रूहुल आमीन के खिलाफ ज्योन्सा बेगम, वार्ड नंबर 7 की सदस्य हफीजा बेगम लश्कर, वार्ड नंबर 6 के वार्ड सदस्य साबिर आहमद और वार्ड नंबर 9 के सदस्य पृथ्वीश कुमार साहा आदि एकमत हैं. उनके हस्ताक्षर के साथ अविश्वास पत्र आज ग्राम पंचायत सचिव को सौंपा गया भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष जारी रखने के लिए वार्ड सदस्यों के 9 सदस्यों की ओर से वार्ड सदस्यों के प्रतिनिधि मोहितोष सिन्हा ने आनीपुर ग्राम पंचायत के लोगों का सहयोग मांगा.

# प्रथम नवरात्रि में श्रद्धालु ने की पूजा अर्चना

**रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नगीना । रामलीला बाग काली मंदिर में पहले नवरात्रि के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं ने सुबह 4:00 बजे से नंगे पैरों माता के मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की और माता को प्रसाद का भोग लगाया और माता से मन की मुराद मांगी माता



का मंदिर मिट्टी के दीयों से चमक रहा था और श्रद्धालु मां की भक्ति में मां के जयकारे लगा रहे थे यह परंपरा सदियों से चली आ रही है जिन पर माता की कृपा होती है वही माता के चरणों में पहले नवरात्रों में शीश झुकाते हैं और मां की कृपा से अपनी सभी मनोकामना पूर्ण करते हैं यह रामलीला मंदिर प्राचीन समय से प्रसिद्ध है जो भी इस मंदिर में जिस मनोकामना से आता है उसकी सभी मनोकामना पूर्ण हो जाती है रामलीला कमेटी के पदाधिकारी साहू सलिल अग्रवाल हरि गोपाल अग्रवाल मुकेश अग्रवाल साहू तरुण अग्रवाल वह नगर के गणमान्य नागरिक सेवा के लिए मौजूद रहे

## महाराजा अग्रसेन जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

**रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण जागरण बिजनौर**

नगीना-26 सितंबर- नगीना में आज वैश्य अग्रवाल लोहिया कार्यकारिणी ने लोहिया धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। महाराज अग्रसेन जी के आगे दीप प्रज्वलित करके माल्यार्पण किया गया। सभी ने एक दूसरे को अग्रसेन जयंती की बधाइयां दी ।इस अवसर पर अनिल बंधु, प्रभात चंद्र गुप्ता, सुशील गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता ,महीप मित्तल, डॉ मुकुल गुप्ता, विशाल गुप्ता ,अमित गुप्ता ,नितिन गुप्ता ,कुलदीप गुप्ता, रोहित गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता एवं अनंत जैन सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## रेपिस्ट हत्यारे जीशान को आजीवन कारावास

दैनिक समाज जागरण चंदौसी।रेपिस्ट हत्यारे जीशान को आजीवन कारावास,पाक्सो कोर्ट ने बीस हजार का जुमार्ना भी लगाया गया ,2019 में पड़ोस की 11 साल की मासूम से रेप के बाद आग लगाकर हत्या का था आरोप था ,कोर्ट में सिद्ध हुआ अपराध,कोर्ट के फैसले के खिलाफ अभियोजन पक्ष जाएगा हाईकोर्ट,दोषी को



फांसी की अपील करेगा,अभियोजन पक्ष,निर्भया कांड जैसी घटना मान रहा है अभियोजन पक्ष, नखासा थाना क्षेत्र का बहुचर्चित फराह रेप हत्याकांड।

## नवाब इकबाल की पुत्रवधू ने छात्राओं को किया सम्मानित

दैनिक समाज जागरण संभल।नवाब महमूद अंसारी गर्ल्स इंटर कॉलेज में गत दिनों पहले निबंध कला एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें कुछ छात्राओं ने विजय हासिल की थी जिसमें कि आज नवाब महमूद अंसारी गर्ल्स इंटर कॉलेज में विजई आने वाली छात्राओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिस में शहर विधायक नवाब इकबाल की पुत्रवधू नूरिन नसीम ने प्रथम द्वितीय



एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की और आगे भी इस प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए कहा और जिसमें की कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सानिया ने प्राप्त किया दूसरा स्थान हानिया ने प्राप्त किया और तीसरा स्थान अल्फिया ने प्राप्त किया और निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान असलूम पज्जाहा छात्रा ने प्राप्त किया दूसरा स्थान खुशी फातमा ने प्राप्त किया और तीसरा स्थान तसिमया ने प्राप्त किया और दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अलीना ने प्राप्त किया दूसरा स्थान लायबा नूर ने प्राप्त किया तीसरा स्थान रीबा ने प्राप्त किया प्रधानाचार्य कुमारी रफत जहां ने एवं विद्यालय संयोजक सईद अख्तर इसराइली ने विजेता छात्राओं की सराहना की और उन्हें बधाई दी

## सम्भल ताइक्वांडो बोर्ड के बच्चों ने प्रतियोगिता में बखेरे ताइक्वांडो के जलवे

दैनिक समाज जागरण संभल।ताइक्वांडो बोर्ड के वर्ल्ड ताइक्वांडो फेडरेषन ऑग्रनाईज यलो बेल्ट एक्जाम स्पोर्टेड बाय मुम्बई ताइक्वांडो यूनिवर्सिटी महाराश्ट्र गर्वमेंट ऑग्रनाईज द्वारा एक येलो बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। बताते हैं इस दौरान काफी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे सभी प्रतिभागियों ने अपने ताइक्वांडो में सीखे गई कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान ताइक्वांडो में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों हमद कमाल,



हमदान अख्तर, मो0 जियान, अकमल हयात, हादिया नूर, मोहम्मद अयाज, हुनैन सलीम रहे। जबकि दूसरे स्थान पर मौहम्मद मदनी, मौहम्मद नेतिक, हमजा असद, मो0 बिषर रहे। इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने में हाजी मोनिस, मौलाना मुकीम, कोच मौहम्मद ताजवर आदि रहे। इस दौरान बच्चों का हौंसला वर्धन करते हुए कोच मौहम्मद ताजवर ने कहा कि बच्चों को षारिरिक रूप से फिट रखने ओर आगे बढ़ने के लिए ताइक्वांडो बनाना जरूरी है।




# मुकुल अग्रवाल का पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के पुनः महामंत्री बनने पर हार्दिक स्वागत किया गया

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर नजीबाबाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल की एक मीटिंग का आयोजन जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ की अध्यक्षता व रुस्तम यादव के संचालन मे पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल की महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष नजीबाबाद रुकैया अंसारी के निवास स्थान पर किया गया पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के मुकुल अग्रवाल को पुनः महामंत्री बनने पर व्यापार संगठन की पूरी टीम ने उनका शॉल व फूल मालाएं पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया मुकुल अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद दिया उन्होंने कहा पश्चिम उत्तर प्रदेश व्यापार संगठन एक मजबूत संगठन है और हमे उसे मजबूत और बहुत ऊंचाइयो पर ले जाना है किसी भी व्यापारी के साथ कोई शोषण होता है तो हम कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़े हैं और उन्होंने कहा कि ऑनलाइन व्यापार बंद होना चाहिए इससे खुदरा व्यापारी छोटे व मध्यम वर्ग के व्यापारी को नुकसान होता है और ऑनलाइन पर 20 से 25 परसेंट की जीएसटी सरकार को लगानी चाहिए जिससे वह इतना महंगा हो जाए कि आप जनता उसे खरीद ना सके वही उपस्थित जिला व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने कहा कि छोटे व्यापारियो को कमर्शियल बिजली बिल देना पड़ता है और वह महंगा पड़ता है तो सरकार को चाहिए उन व्यापारियो को घरेलू बिजली के उत्पाद के हिसाब से बिल लेना चाहिए जिससे कि



छोटे व्यापारी को बिल देने मे आसानी हो और जो व्यापारी टैक्स देते है 60 साल से ज्यादा उम्र के व्यापारी को पेंशन की सुविधा के लिए उनका संगठन सरकार से प्रस्ताव पास कराने की अपील करेगा और हमारा संगठन किसी भी अधिकारी का नाजायज व्यापारियो पर उत्पीड़न बिल्कुल बर्दाश्त नही करेगा व्यापार संगठन के युवा नगर अध्यक्ष गोल्डी रंजन ने कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग को लेकर हमे उसका विरोध करना है इससे देश बेरोजगारी की ओर जा रहा है उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी समुदाय का जब त्यौहार आता है तो उसे लेकर व्यापारियो से चंदा किया जाता है जब व्यापारी का व्यापार ही नही चलेगा और उसके पास देने के लिए कुछ नही होगा तो व्यापारी उसमे भी अपना हिस्सा नही ले पाएगा और अगर उसका व्यापार चलेगा तो वह बढ़-चढ़कर चंदे मे भी हिस्सा ले पाएगा और किसी की मदद करने के लिए हमेशा आगे रहेगा नगर अध्यक्ष रुकैया अंसारी ने भी मुकुल अग्रवाल के साथ-साथ सभी पदाधिकारियो व महिला मोर्चा की पूरी टीम का उनके निवास स्थान पर पहुंचने का आभार व्यक्त किया मीटिंग मे प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ प्रदेश उपाध्यक्ष आयशा सिद्दीकी प्रदेश मंत्री बिंदु सर्राफ प्रदेश संयुक्त महामंत्री अलीशा सिद्दीकी प्रदेश कोषाध्यक्ष तनु राजपूत प्रदेश जिला महामंत्री मोनिका यादव नगर अध्यक्ष रुकैया अंसारी मंजू जोहरी लता वर्मा बबीता तायल मनीषा सैनी सुरभी सिंह सुमन वर्मा तनु गोयल सुनीता गुप्ता इंदु राजपूत गीता हर्षित सर्राफ डॉक्टर सौरभ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रुस्तम यादव आदि उपस्थित रहे पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के क्षेत्रीय महामंत्री और प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष तस्लीम अहमद सिद्दीकी को पद देकर सम्मानित किया

# बढ़ापुरअंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेल द्वारा एक बड़े शिव मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक सलमान जागरण**

बढ़ापुर। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेल द्वारा एक बड़े शिव मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां एक रुपया-एक ईंट का सिद्धांत देकर दुनिया को समाजवाद का संदेश देने वाले महाराज अग्रसेन जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत अग्रसेन महाराज जी



की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं उनकी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई ।इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों और वैश्य बंधुओं द्वारा द्वारा महाराज अग्रसेन जी के जीवनकाल पर प्रकाश डाला गया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन बढ़ापुर के पदाधिकारी और वैश्य बंधुओं द्वारा नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल को पटका पहनाकर व वैश्य समाज की होनहार बेटी को प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों ने महाराजा अग्रसेन जी की जीवनी कक्षा सात की बेसिक शिक्षा पाठ्यक्रम 'भारत की महान विभूतियां' में सम्मिलित किए जाने पर हर्ष जताया और यह कार्य करने के लिए उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद ज्ञापित किया। जिलाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल की अध्यक्षता व प्रभात अग्रवाल के संचालन में मीटिंग का आयोजन हुआ जिसमें मास्टर रामअवतार अग्रवाल पंकज अग्रवाल सुभाष गोयल उमेंद्र गुप्ता नरेश अग्रवाल मनोज गुप्ता अर्पित गोयल देवेंद्र गुप्ता की आदि वैश्य बंधु उपस्थित रहे।

# कुष्ठ सेवाश्रम के आवासीय भवन का पुनरुद्धार हेतु भूमि पूजन कर नींव रखी।

**दैनिक समाज जागरण बहजोई ।**

जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं जिला अध्यक्ष भाजपा ओमवीर सिंह खड़गवंशी ने श्रद्धावान नागरिकों के सहयोग से चंदौसी रोड संभल स्थित कुष्ठ सेवाश्रम के आवासीय भवन का पुनरुद्धार हेतु भूमि पूजन कर नींव रखी।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कहा कि यह कुष्ठ सेवाश्रम काफी समय से संचालित था एवं काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था और यहां पर लगभग 10-12 परिवार रह रहे हैं एवं अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं उप जिलाधिकारी संभल एवं संभल के बहुत सारे संभ्रांत लोगों की पहल एवं नेक मुहिम के द्वारा यह कुष्ठ सेवाश्रम आश्रम पुनः तैयार होगा। इस कुष्ठ सेवाश्रम के नवनिर्माण में कोई भी सरकारी धन का उपयोग नहीं किया जा रहा है बल्कि यहां के संभ्रांत लोग अपनी श्रद्धा से इसको तैयार करवा रहे हैं। यहां रहने वाले लोगों को एक-एक कमरे। वाला आवास तैयार होगा। जिससे यहां रहने वाले लोग अच्छे से अपना जीवन यापन कर सकेंगे और उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी धर्म के धर्म गुरुओं ने प्रतिभाग किया।

इसके उपरांत जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने प्राचीन तीर्थ कुरुक्षेत्र मंदिर के मैदान में लगने वाले मेले की



तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने रामलीला समिति को निर्देशित करते हुए कहा कि रोड पर किसी भी दशा में कोई स्थाई दुकान ना लगायी जाए। जो भी दुकानें लगायी जाएं वह रेहडी पर लगायी जाएं। जिससे उन्हें हटाया जा सके। और उन्होंने कहा कि मेले के समय कोई भी रोड पर अतिक्रमण न करें। इसके उपरांत नगर पालिका अधिशासी अधिकारी संभल को निर्देशित करते हुए कहा कि मेले के दौरान संभल में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। एवं मेला स्थल पर मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था की जाए। ताकि यहां आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। और उन्होंने नगर पालिका संभल के मैदान में आयोजित रामलीला ग्राउंड का भी निरीक्षण किया। जिसमें रामलीला समिति से कहा कि रामलीला ग्राउंड की जो वेरीकेडिंग की है उसमें एक तरफ से दरवाजा नुमा बनाया जाए। जिससे उसे आसानी से खोला जा सके और उन्होंने हयातनगर रामलीला ग्राउंड का भी निरीक्षण किया। जिसमें रामलीला समिति को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित कर लें कि रोड पर अतिक्रमण नहीं किया जाना चाहिए। जो भी दुकानें लगे वो रोड से अंदर लगाई जाएं। जिससे आवागमन को लेकर किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी, उप जिलाधिकारी संभल विनय कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी संभल जितेंद्र कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संभल रामपाल यादव, समस्त जनप्रतिनिधि सहित रामलीला समिति के लोग उपस्थित रहे।

# सहकारी समिति मे सोसायटी जमा करने आये सदस्य सूर्यदेव सिंह से की 6500/रुपए की मांग

**दैनिक समाज जागरण / जसवीर सिंह**

थाना मंडावर क्षेत्र के निवासी गांव माचकी के सूर्यदेव सिंह पुत्र हुकुम सिंह, सहकारी समिति मंडावर के सदस्य है जो की 14/09/2022 को अपनी सोसायटी जमा करने गया था लेकिन मुझसे अन्य सदस्यों द्वारा 6500/ रुपए की मांग की गई मैंने जब मना किया तो मेरी सोसायटी जमा कर ली गई और पुनः मेरे



जाने पर लगातार 10 दिनों तक भिन्न भिन्न प्रकार से प्रताड़ित किया गया,23/09/2022 को सहकारी समिति मे जाने पर वहाँ के समस्त स्टाफ जगदीश व एम डी द्वारा उसके साथ गाली ग्लोच की गई व अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जिससे उसके सम्मान को ठेस पहुंची है, जिसकी शिकायत लिखित रूप मे सहायक आयुक्त प्रबंधक को कर रहा हूं और इंसाफ की गुहार लगा रहा हूं, पिछले गेहूं के सीजन मे भी इस समिति की शिकायत किसान का गेहूं ना खरीद लेने को थी, जिससे किसान सुबह से शाम तक अपनी गेंहू से भरी ट्रेक्टर ट्राली लेकर समिति मे पड़ा रहा था लेकिन एम डी द्वारा किसान का गेंहू नहीं तोला गया था,

# प्रखर राष्ट्रवादी व मानवता के सशक्त प्रहरी पं दीनदयाल उपाध्याय का बड़े ही धूमधाम से मना जन्मोत्सव

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़।**

प्रखर राष्ट्रवादी, अप्रतिम नेतृत्व व संयोजन क्षमता वाले मानवतावादी चिंतक व समाजसुधारक पं० दीनदयाल उपाध्याय जी की १०६ वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रतापगढ़ जनपद की वरिष्ठ समाजसेवी डॉ० शिवानी मातनहेलिया ने जगदीश मातनहेलिया मेमोरियल ट्रस्ट व उत्तर प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पं० दीनदयाल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक परिचर्चा का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता प्रतापगढ़ जनपद के भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री हरिओम मिश्रा जी ने की।मुख्य अतिथि सांसद श्री संगमलाल गुप्ता व विशिष्ट अतिथिगण सदर विधायक श्री राजेंद्र मौर्य व मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० मनोज मिश्रा, कार्यक्रम अध्यक्ष व मुख्य आयोजक ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलन व पंडित जी को पुष्पांजलि अर्पित कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समस्त उपस्थित अतिथियों ने अपने व्यक्तव्य में पं० दीनदयाल जी के विचारों व जीवन - दर्शन को आज भी प्रासंगिक बताया व उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। युवा समाजसेवी अर्पित खंडेलवाल व नीरज अग्रहरि के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद के सभी वर्गों व समुदायों की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व उ० प्र० उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की प्रतापगढ़ ईकाई, सैलून एसोसिएशन, एकीकृत ब्राह्मण महासंघ, मौर्य बंधुत्व क्लब, भारत विकास परिषद, लायन्स क्लब की समस्त शाखाओं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, केसरवानी व जायसवाल महिला समाज, भारतीय जनता युवा मोर्चा, अनेक शिक्षण संस्थानों व समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, भारतीय जनता पार्टी के लगभग समस्त पदाधिकारीगण व बड़ी संख्या में प्रबुद्ध लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अंत में सभी ने सफल कार्यक्रम हेतु आयोजिका डॉ० शिवानी मातनहेलिया को बधाई दी।

# हर्षोल्लास के साथ मंचों पर स्थापित हुई माता,मंदिर सजे और पूंजी गयी कन्याएं

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़**

आज शारदीय नौरात्रि का प्रथम दिवस था ।महीनों के इंतजार के बाद आज नौ दिनों तक देवी पूजन की लालसा एक बार फिर साकार हो सकी । जनपद की प्रतिष्ठित देवी मां बेल्हा देवी की अद्भुत छवि देखने लायक है ।जहां मंदिरों को सजाया गया , मूर्तियों को नये परिधान से सुसज्जित किया गया वहीं गांव गांव माता की मूर्तियां भी अस्थाई मंचों पर प्रतिष्ठित की गयी। भोर से ही क्षेत्रों में माता के गीत साउंड के माध्यम से बजने लगे ।लोग स्नान करके सजने के साथ मंदिरों की ओर मां के दर्शन के लिए निकल पड़े।क्षेत्र में चारों तरफ मेरे का माहौल दिखा ।पूजा अर्चना के बाद लोग घर आए और कलश स्थापना कर मां से मंगल कामना की ।चारों ओर पाठ व मंत्र ध्वनि सुनाई पड़ने लगी



।मां के शानदार जैकारे से वातावरण गुंजायमान होगया ।

आज स्कूल कालेजों व दफ्तरों भी भक्ति का ही माहौल रहा ।लोग खानपान में भी बचाव करते दिखे ।गांवों व मंदिरों के आसपास स्वच्छता दिखाई पड़ी। बाजारों की रंगत देखने लायक है। देवी देवताओं के परिधान व मालाएं तथा धातु की बनी मूर्तियां अनायास ही मन को मुग्ध कर लेती हैं। बच्चे भी तरह तरह के स्वरूप बनाकर मनोरंजन करते देखे गये।

प्रथम शैली पुत्री के अनुरूप ही आज माता का पूजन हिमाचल की पुत्री सती के रूप में किया गया । महिलाएं माता का श्रृगार भी किया और स्वयं रक्तिम परिधान में मां का दर्शन करने मंदिरों में भी गती ।

# लापता अध्यापक व पत्रकार अंकुर का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर** नजीबाबाद मिली जानकारी के अनुसार तीन दिन से लापता शिक्षक एवं शाह टाइम्स से नांगल सोती के पत्रकार अंकुर सैनी पुत्र मुनि देव सैनी का शव रेलवे स्टेशन क्षेत्र में दो भागों में विभाजित हुआ मिला नांगल सोती निवासी अंकुर सैनी पुत्र मुनिदेव सैनी पत्रकार व चंदक के आदर्श ग्रामीण इंटर कॉलेज में अध्यापक थे तथा मीडिया से भी जुड़े हुए थे वह तीन दिन से अचानक लापता हो गए परिजनों ने उनको सभी




संभावित स्थानों पर तलाश किया उनके ना मिलने पर परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की तहरीर नांगल थाना में दे दी थी सोमवार की सुबह नजीबाबाद रेलवे स्टेशन क्षेत्र में अंकुर सैनी पुत्र मुनि देव सैनी का शव दो भागों में विभाजित हुआ रेल की पटरी पर मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराई तो शव तीन दिन से लापता अंकुर सैनी का निकला पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी सूचना मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण जीआरपी थाने पहुंचे और शव की पहचान की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया अंकुर की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या की है इसको लेकर चचाओं का बाजार गर्म है पुलिस जांच में जुटी है

# बेगम सराय में रोड के दोनो ओर खड़े रहने वाले ट्रक दे रहे हादसो को दावत

**पंकज राघव ब्यूरो संभल/ दैनिक समाज जागरण**

संभल। नगर के मुरादाबाद मार्ग बिजली घर के सामने रोड के दोनो ओर खड़े होने वाले ट्रक का नो पार्किंग जोन में होने के कारण पुलिस-प्रषासन ने




अभियान चलाकर खड़ा होना बन्द करा दिया। अब ट्रक मालिकों एवं संचालकों ने नए रास्ते पर अतिक्रमण करना षुरू कर दिया है। बिजली घर के सामने पन्जू सराय चूना भट्टी पर जाने वाले रास्ते पर दोनो ओर ट्रक खड़े हैं, सड़क जर्जर होने से जगह-जगह कीचड़ ओर पानी भरा है। यहां से गुजरने वाले अन्य वाहन भी छुटमुट घटनाओं का षिकार हो रहे हैं। ई-रिक्शा खड़े ट्रक से टकरा जाते हैं या फिर गढ्डो में गिर जाते हैं, मोटर साईकिले भी हादसों का षिकार हो रही हैं। ऐसे मे ट्रक हटाया जाना बेहद जरूरी है, अन्यथा बड़े हादसे प्रकाष में आने लेंगे ओर यह समस्या लोगों के लिए सर दर्द बन जायेगी।

# देहदान व नेत्रदान की कर रहे पहल,दो लोगों ने लिया संकल्प

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढः देहदान और नेत्रदान संकल्प की मुहिम को शुरू करने से पहले नवजीवन सहायतार्थ संगठन के सदस्यों ने सबसे पहले खुद के देहदान का संकल्प लिया है। इसी क्रम में नवरात्र के पावन पर्व पर दो लोगों ने सोमवार को देहदान का संकल्प लिया। युवा सामाजिक सेवा संस्थान के सचिव आलोक शुक्ल ने बताया कि डेरवा के खटवारा निवासीगण राजेश वर्मा (39) और रामफेर पटेल (56) ने देहदान की इच्छा जताई। दोनों ने देहदान और नेत्रदान का संकल्प फार्म भर दिया है।

# मंदिर से घंटा चुराते युवक को पकड़ा

**समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढः**मंदिर से घंटा चुरा रहे युवक को भक्तों ने रंगे हाथों पकड़ लिया और पिटाई करने के बाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस युवक के बारे में पड़ताल कर रही है।हथिगवां थाना क्षेत्र के जहानाबाद स्थित गौरीशंकर मंदिर में रविवार की रात एक युवक मंदिर के घंटे चोरी कर रहा था। तभी पुजारी की नींद खुली तो चोर को देखकर शोर मचा दिया। आसपास के लोग दौड़े तो युवक को पकड़कर पिटाई की फिर यूपी 112 को फोन कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस घायल को सीएचसी ले गई। पकड़ा गया युवक राधेश्याम निवासी ठेंगहा मिसरौली अमेठी का बताया जा रहा है। पुलिस आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की बात कह रही है।

# गंगा की जैव विविधता को बचाने के लिए नदी में छोड़ी गई हजारों मछलियां,

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढः भारत के संदर्भ में गंगा का स्थान बेहद ही अहम है. अध्यात्म से लेकर सामान्य मानव जीवन तक गंगा नदी पूजनीय है।लेकिन, गंगा नदी में होने वाला प्रदूषण मौजूदा समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है' जिससे साफ करने के लिए मछुआरों को गंगा से जोड़ने के लिए कई अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गंगा की जैव विविधता को बचाने के लिए लाखो मछलियां नदी में छोड़ी गई है।गंगा को प्रदूषण मुक्त व स्वच्छ करने के लिए सीडीओ ईशा प्रिया गंगा घाट कालाकांकर पहुंचीं। सीडीओ की अगुवाई में मत्स्य विभाग ने कालाकांकर गंगा घाट से 50 हजार मछलियों के बच्चे गंगा की धारा में छोड़े। पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने कहा कि मछलियों को गंगा की धारा में छोड़े जाने से जल जीवों को संरक्षण भी मिलेगा। प्रधान मनीष सिंह, एडीओ पंचायत संतोष शुक्ल, विकास कुमार दीपांकर, नीलम भारती, जयघोष, विजयपाल, डॉ. घनश्याम यादव, योगेश पाल आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त न्यूज

### आगामी त्योहार के मद्देनजर डीजे संचालकों के साथ थाना प्रभारी ने की बैठक

**ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : थाना प्रांगण में सोमवार को क्षेत्र के डीजे संचालकों के साथ आगामी त्योहार के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बैठक की।



इस दौरान उपस्थित डीजे संचालकों को प्रभारी निरीक्षक ने सरकारी गाइडलाइन का विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। कहा कि आपलोगों को जो दिशा निर्देश मिला है उसके तहत ही डीजे बजाना है। कहा कि अगर आप प्रसाशन का सहयोग करेंगे तो प्रसाशन भी आपका सहयोग करेगा। सरकारी नियमों का पालन न करने वाले, मनमानी करने वाले डीजे संचालकों पर कठोर कानूनी कार्यवाई की जाएगी। कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर एक लाख रुपए जुमार्ना अथवा पांच वर्ष की जेल भी हो सकती है। चेताया कि पूजा जुलूस के दौरान अस्त्र शस्त्र का प्रयोग नहीं करना है। साथ ही डीजे वाहन से अगर सड़क जाम या आवागमन बाधित होता है तब भी इसके जिम्मेदार डीजे संचालक ही होंगे। इस मौके पर निरीक्षक बीपी पांडेय, मुंशी सूर्यदेव यादव, संदीप यादव, नन्दलाल गुप्ता, हरेराम, फिरोज अंसारी, योगेश, सोनू, राहुल, मंजय आदि मौजूद रहे।

### आठ बछड़ों को बांसडीह पुलिस ने किया बरामद, दो पशु तस्कर गिरफ्तार

**कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : बांसडीह पुलिस ने न केवल आठ बछड़ों को बरामद किया, बल्कि रविवार को दो पशु तस्कर भी पुलिस के हत्थे चढ़े।

प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पशु तस्कर उक्त बछड़ों को पैदल ही लेकर वध करने के लिये बिहार जा रहे थे। मुखबीर की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचते ही पुलिस को सफलता मिल गई।



कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि क्षेत्र में किसी प्रकार का अवैध काम क्षम्य नहीं। जैसे ही सूचना मिली की पैदल ही बछड़ों को लेकर दो तस्कर द्वारा ले जाया जा रहा है। त्वरित मौके पर पहुंचकर पूछताछ किया गया। पकड़े गए दोनों व्यक्ति पशु तस्कर हैं। जिनका नाम राहुल नट पुत्र संजय नट व कृष्णा नट पुत्र बजरंग नट ग्राम सुखपुरा थाना सुखपुरा हैं। ये सरयू नदी में नाव के माध्यम से बिहार बछड़ों को ले जा रहे थे। पैदल इसलिए ले जा रहे थे कि कोई परख नहीं पायेगा। ऐसे में विधिक कार्रवाई की गई। इनके विरुद्ध मुअसं 359/22 धारा 315अ/8 गोवध व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया।

### सात अधिकारियोन का पांच दिवसीय ग्रामीण विजिट के लिए प्रशिक्षण शुरू

**रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण**

सिकन्दरपुर (बलिया) : स्थानीय तहसील के नवानगर ब्लाक के अंतर्गत बघुड़ी गांव में पांच दिवसीय ग्रामीण विजिट का हुआ शुभारंभ जिसमे सात भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों का ग्रामीण क्षेत्रो में हो रहे समस्याओ को बारीकी से मंथन किया गया। जिसमें पंचायती राज बिभाग शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग से लेकर सभी ग्रामीण क्षेत्रो की समस्याओं से अवगत कराया गया इस तरह से ग्रामीणों का उत्साह देखकर सभी प्रशिक्षु अधिकारी गदगद



हो गए।

जिसमें आईआरएस एकांत जैन बिदिशा,आईएएस आयुषी दिल्ली, आईएफएस किरुवा तमिलनाडु,आईएएस ओमकार पावर सतारा महाराष्ट्र,आईपीएस आदित्य काकड़े इंदौर, आईपीएस अनुराग दरू बिदर कर्नाटक, आरबीसीएस किनले वांगमो भूटान प्रशिक्षुओं को गांव की समस्यों से रूबरू कराया गया इनके ट्रेनर संजय कुमार राम बहार और कमलेश कुमार ने इनको ट्रेनिंग दी इस दौर नवानगर ब्लाक के बीडीओ कमलेश यादव एडीओ मनोज कुमार यादव वीरेंदर यादव इरशाद अहमद ग्राम प्रधान बघुड़ी राजेश वर्मा ग्राम प्रधान माल्दह छोटेलाल कनौजिया ग्राम प्रधान हरनाटार दयालपुर राजेश राय उर्फ टुनटुन राय सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे जिसकी जानकारी राजेश वर्मा ने दी।

### खरीद में स्थित माता रानी के दरबार में नवरात्रि के पहले दिन जुटी आस्था

**रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण**

सिकन्दरपुर (बलिया) : हिंदू कैलेंडर के अनुसार चैत्र नवरात्रि का आरंभ सोमवार को हो गया है। नवरात्रि के प्रथम दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में विराजमान दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की सैलाब उमड़ पड़ी, लोग अपने मन में रखें दुख या सुख की कामना को मां की मंदिरों में पहुंचकर



श्रद्धा पूर्वक आराधना कर मनवती पूरी होने की प्रार्थना करते दिखे।

वहीं सिकन्दरपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत खरीद स्थित दुर्गा एवं भवानी माता के मंदिरों में शनिवार की सुबह से ही भक्तों का जमावड़ा लगा रहा,क्षेत्र व दूर दराज के जनपद से आए भक्त गणों नें माता दुर्गा व माता भवनी का दर्शन पूजन किया। वहीं इन मंदिरों की मान्यता है कि जिस भक्त की जैसी अभिलाषा होती है वैसे देवी माता भक्तों को प्रसन्न करने में कोई कमी नहीं छोड़ती है। इसी श्रद्धा और विश्वास के साथ श्रद्धालु भक्त महिला पुरुष मंदिर में पहुंचकर हाथ में प्रसाद लेकर धूप बाती जलाकर माथे पर रोड़ी चंदन की टीका लगाकर मां की पूजन अर्चन किए। इन मंदिरों से जब मां का आशीर्वाद का फल प्राप्त होता है तो भक्तगण मनौती की मुताबिक पुनः माता के दरबार में पहुंचकर अपना चढ़ावा चढ़ाते हैं और माता के दरबार का प्रसाद ग्रहण करते हैं।

## विविधता में एकता भारत की विशेषता विषय पर चर्चा

# बांसडीह इंटर कालेज में आयोजन

### सांसद बलिया वीरेंद्र सिंह मस्त ने दीप प्रज्वलित कर किया गोष्ठी का शुभारंभ

**कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : सरकार जहां शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है। वहीं विद्यालयों में भी कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों का उत्साह वर्धन किया जा रहा है। सोमवार को एक तरफ नवरात्रि का प्रथम दिन रहा। वहीं इंटर कॉलेज के हॉल में 'विविधता में एकता,भारत की विशेषता' विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद बलिया वीरेंद्र सिंह मस्त रहे।





बांसडीह इंटर कॉलेज के हॉल में गोष्ठी से पहले सांसद वीरेंद्र सिंह ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। सांसद ने कहा कि आजादी के 75वें वर्षगांठ पर जो विषय रखना चाहिए वही विषय माला रखा गया है। मैं दिल्ली था। इस कार्यक्रम में आकर अपने को भाग्यशाली मानता हूं। देहाती आदमी हूं। सांसद ने कहा कि विविधता में एकता भारत की विशेषता यह विषय ही अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण और बहुत ही गंभीर है। भारत की संस्कृति, सभ्यता कहा कि भारत की ऋषि मुनियों ने जो रचना की, भारत की गौरवशाली परंपरा, संस्कृति,सभ्यता ,भारत की गौरवशाली परंपरा इसकी रचना ऐसे नही हुई है। इस देश के ऋषियों ,मुनियों ने जो वेदों , उपनिषदों की रचना की। वो हमारे देश के सांस्कृतिक,सामाजिक , आर्थिक और राजनैतिक विभिन्न क्षेत्रों के विशेषता होते हैं। वही विविधता में एकता का संदेश देते हैं। ये सारी परंपरा , सभ्यता,संस्कृति हमारे देश के हमारे वैदिक ग्रंथों के उपनिषदों की आत्मा है। सांसद वीरेंद्र सिंह ने कहा कि हम केवल भारत के सीमा तक ही अपने सभ्यता, परंपरा एवं संस्कृति को सीमित नहीं रखते हैं। हमारे ऋषियों मुनियों हमारे गौरवशाली परंपरा ने हमारे वसुधैवकुटुम्बकम का मार्ग दर्शन दिया है और हम दुनिया को अपना परिवार मानते हैं। यही विविधता में एकता है। इतने पर बच्चों पूरा हॉल तालियों की गूंज से भर गया। सांसद के संबोधन की चर्चा वहीं होने लगी कि विषय के अनुसार सांसद जी ने बहुत अच्छा बोला। जो प्रेरणादायक है। प्रबंधन संजय सिंह मुन्ना ने कहा कि बांसडीह इंटर कॉलेज के छात्र अपने जीवन में आगे बढ़ें यही विद्यालय परिवार का प्रयास है। प्रधानाचार्य अनिल पांडेय आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति ललन सिंह, नोडल अधिकारी प्रफ्फुल कुमार श्रीवास्तव, ललन पांडेय, सौरभ कुमार पांडेय आदि रहे। आये हुए अतिथियों का आभार विद्यालय प्रबंधक संजय कुमार सिंह मुन्ना ने किया।तथा कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य अनिल पांडेय ने किया।

## ह्वेनसांग की डायरी में है मां मंगला भवानी का जिक्र

**विवेक राय, दैनिक समाज जागरण**

नरहीं (बलिया) : कोरंटाडीह पुलिस चौकी के ठीक सामने नसीरपुर मठ गांव के पखनपुरा मौजा में मोक्षदायिनी गंगा के उत्तरी तट पर स्थित मां मंगला भवानी का भव्य मंदिर छठी शताब्दी से पहले का है। इस मंदिर के प्राचीनता का उल्लेख करते हुए बलिया के जिलाधिकारी रहे हरिसेवक राम ने अपनी पुस्तक बलिया एक दृष्टि में लिखा है कि चीनी यात्री ह्वेनसांग पटना जातें समय अपनी समय अपनी यात्रा डायरी में मां मंगला भवानी का जिक्र किया है। किंवदंती है कि 1876 से पहले जब यह स्थान गाजीपुर जिला हुआ करता था उस समय कोरंटाडीह को तहसील बनाया गया था। तहसील के निर्माण कार्य में यह मंदिर बाधक बन रहा था। इसलिए अंग्रेज अधिकारी ने मंदिर तोड़वा कर जिस पत्थर को लोग पूजते थे उसे बगल में स्थित गंगा नदी में फेंकवा दिया। एक सप्ताह के अंदर ही उस अंग्रेज



अधिकारी के बेटे की मौत हो गई। दूसरी तरफ उनके अस्तबल के घोड़े मरने लगे। एक रात अंग्रेज अधिकारी को स्वप्न में दिखा कि तुमने जो पत्थर गंगा नदी में फेंकवाया है उसे तत्काल लाकर यथास्थान स्थापित करवाओं अन्यथा तुम्हारा सर्वनाश हो जाएगा। इसके बाद अंग्रेज अधिकारी ने गंगा नदी से निकलवाने के बाद यथास्थान स्थापित कराया। कहा जाता है कि गंगा नदी से पत्थर की मूर्ति निकालने वाले बगल के गांव उजियार के दरगाही यादव थे जो पास ही अपनी गाय चरा रहे थे। इसके बाद अंग्रेज अधिकारी को कष्ट से मुक्ति मिली। इधर चार दशकों से मंगला भवानी मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी। पुजारी विद्यासागर पाण्डेय ने बताया कि शारदीय नवरात्र में बलिया, गाजीपुर के अलावा बिहार प्रांत से लाखों श्रद्धालु यहां आते हैं और उनकी मनोकामनाएं भी पूर्ण होती है।

## जयप्रभा सेतु से पति के सामने ही पत्नी ने लगाई सरयू नदी में छलांग

**नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : माँझी घाट स्थित जयप्रभा सेतु से पति के सामने पत्नी ने पुल से सौ फुट नीचे सरयू में छलांग लगाई। पति अपनी पत्नी के द्वारा लिये गये निर्णय से हतप्रभ उसे किकर्तब्य मूढ़ होकर देखता रहा। थोड़ी देर बाद पुल से चिल्लाते हुये नदी में मौजूद मल्लाहों व पुल से जारहे राहगीरों से अपनी पत्नी को बचाने की गुहार लगाने लगा। अभी लोग कुछ कर पाते तब तक पत्नी पानी के चकोह में डूबकर आँखों से ओझल हो चुकी थी। समाचार भेजे जाने तक मल्लाहों द्वारा अपने स्तर से खोजने का क्रम जारी था।

**घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार**

सोमवार की दोपहर सतीश प्रसाद निवासी सिताबदियारा आलेख टोला थाना रिविलगंज बाइक से अपनी पत्नी सुनीता को लेकर छपरा डॉक्टर से दिखाने जा रहा था। जयप्रभा सेतु पर पहुंचते ही पति से सिर चकराने व उल्टी जैसा होने की बात कहकर बाइक रूकवाई। बाइक रुकते ही कुछ कदम आगे बढ़कर अचानक पुल की रेलिंग पकड़कर सरयू नदी में छलांग लगा दी। पति अभी कुछ समझता तब तक सुनीता पुल से नदी में कूद पति की पकड़ से काफी दूर जा चुकी थी और देखते ही देखते सरयू नदी के गहरे पानी में महिला डूब गई। आंखों के सामने घटी घटना के बाद बदहवास पति ने भाग कर मछुआरों के सहारे पत्नी को बचाने का भरपूर प्रयास किया लेकिन उसे बचाया नही जा सका। सतीश प्रसाद ने बताया कि मानसिक रूप से बीमार अपनी पत्नी को बाइक पर बिठाकर इलाज हेतु उसे छपरा लेकर जा रहा था। इसी बीच जयप्रभा सेतु के बीचोबीच उसने उल्टी करने की इच्छा जताई और सेतु के रेलिंग के सहारे खड़ी होकर उल्टी करने के बजाय नीचे नदी में उलट गई। अजीबोगरीब वाक्या देख लाचार पति शोर मचाने लगा। शोर सुनकर मछुआरों ने डूब रही महिला को नाव के सहारे बचाने का भरपूर प्रयास किया परंतु उसे बचाया



नही जा सका। सूचना पाकर माँझी तथा बैरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंच सीमा विवाद को लेकर घंटो आपस मे बहस करते रहे। अंततः घटना स्थल बिहार में होने पर मांझी बिहार पुलिस ने हर हाल में सुनीता को ढूंढ निकालने का परिजनों को आश्वासन दिया। सुनीता को दो पुत्र व एक पुत्री हैं। सतीश प्रसाद से पूछे जाने पर उसने बताया कि सुनीता स्वेच्छा से तैयार होकर छपरा डॉक्टर से दिखाने के लिये जारही थी अचानक उसके दिमाग में ऐसा क्या आया कि उसने पुल से नदी में छलांग लगा दी मेरे समझ से परे है। सूचना पर सतीश व सुनीता के घरवाले जय प्रभा सेतु पर पहुंच चुके थे। समाचार भेजे जाने तक सुनीता की खोजबीन नाव के जरिये मल्लाह व उसके परिजनों द्वारा देर शाम तक जारी रहा।

## सधे हाथ से गढ़ रहे प्रतिमाएं, मूर्तिकारों में उत्साह

### कोरोना संक्रमण कम होने से मूर्तिकारों में उत्साह पारंपरिक और आधुनिक प्रतिमा को दे रहे आकार

**आशुतोष चतुर्वेदी, दैनिक समाज जागरण**

मऊ : नवरात्रि पर्व को लेकर मूर्तिकार सधे हाथों से प्रतिमाएं भी गढ़ने लगे है। कोरोना संक्रमण के कम होने से इस बार मूर्तिकार भी खासे उत्साहित है। मूर्तिकार पारंपरिक व आधुनिकता का समावेश कर प्रतिमाओं को आकार दे रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस बार न सिर्फ व्यापार अच्छा होगा बल्कि प्रतिमाएं बनाने की लागत भी निकल आएगी। क्योंकि कोरोना काल के चलते लगाई गई पाबंदियों के चलते दो वर्ष तक मूर्तिकारों का व्यापार प्रभावित रहा। अब जब कोरोना कम हो गया है, पाबंदिया हट गई ऐसे में मूर्तिकारों में भी ये उम्मीद बंध गई है कि इस बार उन्हें उनकी मेहनत का प्रतिफल जरूर मिलेगा। 26 सितंबर से नवरात्रि का पर्व शुरू हो रहा है, जनपद के विभिन्न क्षेत्र में प्रतिमाओं को आकार दिया जा रहा है। इसमें नगर क्षेत्र, मुहम्मदाबाद गोहना, घोसी, दोहरीघाट, रतनपुरा, मधुबन, अमिला सहित अनेक जगहों पर दुकाने सजने



लगी है। एक-एक दुकान में छोटी से लेकर तीन से पांच फीट तक की ऊंचाई की प्रतिमाएं बनाई जा रही है। प्रतिमाओं को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। मूर्तिकारों ने बताया कि कोरोना के चलते पिछले वर्षों में बमुश्किल एक दुकान से 50 प्रतिमाएं ही बिकती थी। लेकिन इस बार ज्यादा से ज्यादा प्रतिमाएं बिकने की उम्मीद है।

**बढ़ती महंगाई से अछूती नहीं प्रतिमाएं**

लगातार बढ़ रही महंगाई से प्रतिमाएं भी अछूती नहीं है। प्रतिमाओं की भाव-भंगिमाएं भी देखते ही बनती है। लेकिन मूर्तिकारों का कहना है कि प्रतिमाओं से हमें लाभ नहीं कमाना है, प्रतिमाओं की लागत निकल आए इतना ही हमारे लिए काफी है। बाजार में इस समय दो हजार से लेकर पचीस हजार तक की प्रतिमाएं मौजूद है।

## मान्यवर कांशी राम आवास की फिर कटी बिजली, बकाया लगभग दो करोड़

**कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : बिजली की रोशनी में रहना ही नही बल्कि उसका भुगतान भी करना पड़ता है। यकीन न हो तो एक बार बांसडीह कस्बा के कांशी राम आवास दरांव के पास आकर देख लीजिए। एसडीओ बिजली विभाग की माने लगभग दो करोड़ रुपये का बकाया है। जिसके चलते बिजली कनेक्शन काट दिया गया है।

सरकार की मंशा है कि हर घर बिजली पहुंचे और हर घर उजाला हो। लेकिन नवरात्रि के दो दिन पहले ही बांसडीह नगर नगरा पंचायत के दरांव स्थित कांशी राम आवास की बिजली पूर्ण रूप से काट दी गई है। एसडीओ बिजली विभाग एक आरके यादव ने बताया कि जब से कांशी राम आवासीय हुआ। तब से बिल



भुगतान नहीं किया गया। बीच में एक बार बिजली काटी गई थी। संभ्रांत व्यक्तियों ने आग्रह के साथ कहा था कि 10 दिन का मोहलत दे दिया जाय। ठीक उसी तरह किया गया। बिजली जोड़ दिया गया था। बकाया जमा करने को बार बार विभाग द्वारा निर्देश के बावजूद भुगतान नहीं किया जा रहा। जिसके सापेक्ष शनिवार को बिजली कनेक्शन काट दिया गया। एसडीओ ने कहा कि प्रत्येक आवास पर एक लाख का बकाया है। लगभग दो करोड़ का बकाया होने के कारण विभाग को मजबूरी में बिजली काटनी पड़ी ताकि वसूली हो सके। चौंकाने वाली बात एक और सामने उभर कर आ रही है। जो जांच के बाद ही हो सके तो पता चलेगा। सूत्रों के अनुसार उक्त आवासों में कुछ किराया पर लोग रह रहे हैं।

## ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण की कार्यशाला का आयोजन

**ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : स्थानीय बीआरसी पर एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बीईओ हिमांशु मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एडीओ पंचायत जेपी सिंह ने कार्यक्रम में शासन द्वारा कराए जाने वाले सभी कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालयों को अच्छा वातावरण प्रदान करने से बच्चों में सीखने की क्षमता का विकास ठीक ढंग से होता है। एआरपी वीरेंद्र सिंह ने दीक्षा ऐप पर विस्तृत जानकारी दी। एआरपी राजेश मिश्रा ने निपुण लक्ष्य पर प्रस्तुति दी। आशुतोष सिंह तोमर ने डीबीटी व कायाकल्प पर प्रकाश



डाला। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अमरनाथ सिंह चौहान ने संचारी रोगों से रोकथाम व बचाव पर प्रकाश डाला। नूरपुर के प्रधान विक्रमा वर्मा ने ऑपरेशन कायाकल्प पर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व ब्लॉक समन्वयक श्रीनिवास उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यपक गुरुनाम सिंह, प्रेमनारायण वर्मा, मानवेंद्र उपाध्याय, सत्यदेव यादव, सुनील राम, राजेन्द्र तिवारी, सरफराज अहमद, चन्द्रशेखर प्रसाद, दीपशिखा, शंकर रावत, शाहिद परवेज सहित तमाम प्रधान व शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन दयाशंकर यादव व अजीत कुमार सिंह ने किया।

## प्रधानमंत्री जन्मदिन पखवाड़ा पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण**

सिकन्दरपुर (बलिया) : भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सेवा पखवारा के तहत सोमवार को स्थानीय गाँधी इण्टर कालेज के प्रांगण में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें पार्टी कार्यकताओं सहित छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सांसद सलेमपुर रविन्द्र कुशवाहा ने सरस्वती चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलन एवं छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। प्रारम्भ में जहां मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय प्रांगण में स्थित संस्था के संस्थापक प्रिंसिपल भुवनेश्वरी प्रसाद राय की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।इस दौरान विद्यालय के प्रबन्धक ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके दीघार्यु होने की कामना किया। कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पार्टी द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवारा



चलाया जा रहा है।जिसके तहत पूरे देश में तरह तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जारहे हैं ,जो उनकी लोकप्रियता का द्योतक है।प्रेरणा से ही ब्यक्ति प्रगति की ऊंचाई को चूमता है,यह विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विविधताओं के बावजूद काश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है।सभी भिन्नताओं को साथ ले कर हम चलते हैं। अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रबंधक व वरिष्ठ भाजपा नेता अरविन्द कुमार राय ने मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रांगण में आर ओ प्लांट स्थापित करने के लिए आभार प्रकट किया।कहा कि जो भी धन सांसद जी द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा उस का एक एक पैसा विद्यालय और बच्चों के लिए खर्च किया जाएगा। प्रिंसिपल डॉ संजय कुमार राय ने देश की विविधताओं के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि भारत जैसे मुल्क का नागरिक होने पर हमें गर्व है।ब्लाक प्रमुख नवानगर केशव चौधरी ने विद्यालय प्रांगण में एक आधुनिक शौचालय स्थापित कराने की बात कही। राजेन्द्र सिंह, ज्ञानप्रकाश राय, संजीव राय, गणेश प्रसाद सोनी, अरविन्द राय, ओमप्रकाश राय आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे। संचालन अखिलेश राय ने किया।

## डा. एनके सिंह अध्यक्ष, डा. राहुल राय बने आईएमए के सचिव

**आशुतोष चतुर्वेदी, दैनिक समाज जागरण**

मऊ : इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वाधान में गाजीपुर तिराहा स्थित एक प्लाजा में बैठक का आयोजित किया गया। जिसमें संगठन के लोगों ने जनपद की कार्यकारिणी का गठन किया, सभी वरिष्ठ चिकित्सकों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से राहुल अस्पताल के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ चिकित्सक राहुल राय को संगठन क सचिव और डा. एनके सिंह को अध्यक्ष बनाया गया। वही उपाध्यक्ष महिला पद पर डा.कंचनलता आजाद तथा पुरुष पद पर डा. सीएस साहनी को संयुक्त रूप से चुना गया। वही संयुक्त सचिव पद पर डा. जी एस चौहान को क्लीनिकल सचिव व डा.ओपी सिंह को चुना गया कोषाध्यक्ष के पद पर डा. आर के अग्रवाल चुना गया। डा. एसएन राय, डा. जेडआई उस्मानी व डा. पीके गुप्ता को केंद्रीय प्रतिनिधि के पद पर चुना गया। डा. पीएल गुप्ता, डा.एचएन सिंह, डा.जमाली व डा मंगला सिंह को राज्य प्रतिनिधि चुना गया चुने गए सभी पदाधिकारियों का चुनाव डा.गंगासागर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डा. सत्यानंद राय नें किया। सचिव डा. राहुल राय ने बताया की हमारा लक्ष्य पूर्वांचल में पिछड़े एवं छोटे जनपद में संगठन में समन्वय बना




आधुनिक चिकित्सा से जोड़ना है। जनपद में मरीजों को बेहतर चिकित्सा मिले इसके लिए सभी के साथ मिलकर प्रयास किया जाएगा।

### राष्ट्रीय श्री दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक डा. रामगोपाल ने किया भूमि पूजन

## भूमि पूजन के साथ शुरू हुआ आदि शक्ति मां दुर्गा का पूजन

### असत्य पर सत्य के विजय का पर्व समरसता तथा सद्भावना से मनाने की अपील

**आशुतोष चतुर्वेदी, दैनिक समाज जागरण**

मऊ : राष्ट्रीय श्री दुर्गा पूजा समिति सदर बाजार बाटा की समिति द्वारा सोमवार को मां दुर्गा की आगमन हेतु पंडाल के निर्माण के लिए भूमि पूजन विधि विधान से किया गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक डा. रामगोपाल गुप्ता ने भूमि पूजन किया। इस अवसर पर डा गुप्ता ने कहा कि मां दुर्गा इस वर्ष विशेष रूप से अपनी कृपा बरसाने के लिए हाथी पर सवार होकर आ रही है, इसलिए हम सभी को उनके आशीर्वाद का अभिसिंचन मिलता रहेगा। इस अवसर पर सर्वप्रथम गणपति भगवान की पूजा करने के पश्चात मां दुर्गा की का आवाहन किया गया और प्रसाद वितरण करते हुए जयकारा लगाया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष बलिराम शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय श्री दुर्गा पूजा समिति सदर बाजार बाटा अपने गरिमा के अनुरूप पूर्ण रूप से भक्तिमय तरीके से मां का पूजन अर्चन करेगी। किसी



भी प्रकार का कोई भी ऐसा कार्य नहीं करेगी जिससे यातायात अथवा आसपास के दुकानदारों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। यह पर्व आपसी समरसता तथा सद्भावना व असत्य पर सत्य के विजय का पर्व है। इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के राकेश मद्धेशिया, आयुष मद्धेशिया, सोनू मौर्य, हरीश चंद्र मौर्य, श्री राम, आनंद गुप्ता, अनिल मौर्य, राजेश गुप्ता, अनिल शर्मा, अंशु मद्धेशिया समेत अधिकांश सदस्य मौजूद थे।

# नगर पंचायत की ऐतिहासिक रामलीला की तैयारी पूरी, मंचन आज से शुरू

**जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण**



रतसर (बलिया) : नव सृजित नगर पंचायत स्थित बीका भगत के पोखरे पर मंगलवार शाम से शुरू होने वाली रामलीला मंचन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रामलीला समिति के अध्यक्ष नन्दू सिंह व निर्देशक मुन्नालाल श्रीवास्तव ने बताया कि मैदान में पंडाल के साथ प्रकाश व्यवस्था सहित सभी व्यवस्था पूरी कर ली गई है। महिलाओं के बैठने के लिए अलग से सुरक्षित व्यवस्था की गई है तथा पंडाल को भव्य रूप से सजाया गया है। रामलीला मैदान में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के लिए वालन्टियर भी लगाए जाऐंगे। वहीं दर्शकों को बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। मंगलवार शाम सात बजे गणेश पुजन के साथ ही प्रथम दिन की रामलीला नारद मोह के साथ विधिवत आरंभ किया जाएगा। बताते चले कि लगभग 80 वर्ष पूर्व से बीका भगत के पोखरे पर रामलीला का मंचन शुरू हुआ था जो अनवरत चला आ रहा है। रामलीला कमेटी के मुख्य सदस्यों में मदन यादव,बरमेश्वर गिरि, रामबहादुर ठाकुर एवं अबरार अहमद मौजूद रहे।

# लोकतंत्र रक्षक सेनानी के नेतृत्व में फेल हो चुके सरकारी तंत्र के खिलाफ निकला जुलुस।

**रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण**

सिकन्दरपुर (बलिया) : शासन व अधिकारियों की अनदेखी से डुहां गांव में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है आए दिन हो रहे कटान से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।पूरे गांव के लोग रात दिन दहशत में जी रहे हैं कि कहीं रातों रात बाढ़ न आ जाए ,कारण है सरयू नदी में दो किलोमीटर दूरी पर स्थित देवरिया जिले में नवनिर्मित ठोकरें।

जिन ठोकरें से लड़ कर पानी बवंडर का रूप लेकर सीधे डूंहां बंधे से टकरा रही है,जिससे उक्त बंधे के टूटने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है।उक्त कटान में कई विशालकाय पेड़ समाहित हो चुके हैं,जिससे गांव में दहशत फैल गया है। इसी के रोकथाम के लिए गांव निवासी लोकतंत्र रक्षक सेनानी सुनील बहादुर सिंह के नेतृत्व में सोमवार को फेल हो चुके सरकारी तंत्र के खिलाफ जुलुस निकाल कर पूरे ग्राम सभा का भ्रमण किया गया। जिसमें गांव की समस्याओं से ग्रामीणों को अवगत कराया गया और आग्रह किया कि मंगलवार से गांव स्थित जूनियर हाईस्कूल डूहां विहरा में शाम 4बजे से क्रमिक एवं आमरण अनसन में भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनायें। लोकतंत्र रक्षक सुनील बहादुर सिंह नें बताया है कि सरजू नदी में हो रहे कटान से निजात पाने के लिए हम लोग यह कार्य करने के लिए विवश है उन्होंने कहा कि हम लोग पत्र के माध्यम से जिला प्रशासन से लेकर क्षेत्रीय विधायक सांसद और प्रदेश के मुखिया तक को एक महीने पहले ही अवगत करा दिया गया है। इस पर जिला प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री तक को हम ग्रामीणों पर तनिक भी दया नही आ रही है कि बांध के टूटते ही हम क्षेत्रीय लोग जलमग्न हो जाएंगे। इस लिए क्षेत्र के लोगों की भलाई के लिए हम लोगो मंगलवार से अनसन पर बैठ जाएंगे।इस कार्य के लिए मुझ लोकतंत्र सेनानी की जान ही क्यों न चली जाय। गांव निवासी श्यामधर त्रिपाठी नें बताया है कि हम लोग एक



जन कल्याण समिति का गठन करके जिला प्रशासन से लेकर प्रदेश के मुखिया तक को पत्रक भेज कर अवगत करा चुके हैं। लेकिन अभी तक किसी भी प्रसासनिक स्तर पर कोई कार्यवाही नही हुई है लगता है प्रशासन के कान में हम लोगो की समस्या नही आयी है अतः हम लोग आमरण अनसन करने के लिए ततपर है। इस दौरान सुनील बहादुर सिंह, प्रभाकर सिंह,अजित कुमार त्रिपाठी, बसंत लाल श्रीवास्तव, रमेश चौधरी, भोला सिंह मास्टर, देवेंद्र, मुन्ना सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। 1998 जैसा हो सकता है बाढ़ का खतरा,डूंहां बंधे में सिर्फ एक होल से आ गई थी 1998 में बाढ़। ग्रामीणों नें बताया है कि बंधे में सिर्फ एक होल हो जाने से आ गई थी पूरे गांव में बढ़ाना, तथा रातों-रात पूरा गांव जलमग्न हो गया था, समय रहते अगर कोई इंतजाम नहीं किया गया तो देवरिया से ठोकर का पानी आकर जो बंधे से लड़ रहा है, एक बार दोबारा 1998 जैसी स्थिति पैदा कर सकता है।

# जिला अधिकारी ने जिला पोषक समिति की की समीक्षा बैठक

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ,**
**दैनिक समाज जागरण**



बलिया : राज्य पोषण मिशन के अंतर्गत जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक सोमवार को जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई ।

जिला कार्यक्रम अधिकारी केएन पांडेय ने बताया कि जनपद बलिया में 18 बाल विकास परियोजनाएं संचालित हैं। 17 समस्त विकास खंड एवं शहर में एक बाल विकास परियोजना संचालित है। बाल विकास परियोजना के अंतर्गत संचालित 2620 आंगनवाड़ी केंद्र एवं 851 मिनी आंगनवाड़ी केंद्र कुल 3471 आंगनवाड़ी केंद्रों पर लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आधार कार्ड सत्यापन रिपोर्ट, गृह भ्रमण, मेजरिंग एफिशिएंसी, अनुपूरक पुष्टाहार, आंगनवाड़ी केंद्र खुलने की रिपोर्ट और ग्रोथ मानिटरिंग के जरिए पोषण ट्रैकिंग की जाती है। जिलाधिकारी ने जिन ब्लाकों की पोषण ट्रैकिंग रिपोर्ट ठीक नहीं है उसमें सुधार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ठीक से कार्य नहीं कर रही हैं तो उन्हें हटा दिया जाए और उनकी जगह दूसरे आंगनवाड़ी कार्यकताओं को भर्ती करके पोषण ट्रैकिंग ठीक से की जाए जिससे कि अधिक से अधिक लाभार्थियों इसका लाभ मिल सके। इस बैठक में सीडीओ प्रवीण वर्मा, सीएमओ जयंत कुमार के अतिरिक्त ब्लॉकों के सीडीपीओ उपस्थित थे।

# जिला अधिकारी ने किसानों और एपिडा के अधिकारियों के साथ की बैठक

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ,**
**दैनिक समाज जागरण**



बलिया : जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में किसानों और एपिडा के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक का उद्देश्य किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराना और उनके उत्पाद को आयात निर्यात के माध्यम से न केवल देश में बल्कि विदेशों में पहुंचाना है जिससे किसानों को अधिक लाभ हो सके।

एपिडा के अधिकारी डॉ0 सीपी सिंह ने किसानों को बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए उन्हें एफपीओ से जुड़कर समूह बनाना होगा ताकि उनके उत्पाद को बढ़ाया जा सके और नियमित रूप से मंडी तक पहुंचाया जा सके। क्योंकि व्यापारी तभी उनके माल को खरीदेंगे जब उन्हें निरंतर रूप से माल मिलता रहेगा। इसके लिए किसानों को एपीओ से जुड़कर अपने उत्पादन को बढ़ाना होगा और किसी फसल विशेष पर ध्यान देकर उसका उत्पादन करना होगा। डॉ0 सिंह ने कहा कि जनपद बलिया में कई तरह के उत्पाद बहुतायत मात्रा में होते हैं लेकिन उन्हें उचित बाजार न मिल पाने की वजह से किसानों को उसका लाभ नहीं मिल पाता है। उन्होंने बनारस का उदाहरण देकर उन्हें बताया कि किस प्रकार बनारस में कई जनपदों से सब्जियां मंगाई जाती है जिसकी पैकेजिंग करके देश विदेश में उसका निर्यात किया जाता है। इसी प्रकार से बलिया के किसान भी आपस में मिलकर समूह बनाकर कार्य करें और अपना माल जिनमें आलू, भिंडी, तुरई, मसूर, मटर, मिर्च, परवल जैसी सब्जियां उगा कर उसका निर्यात कर सकते हैं। इसके लिए सरकार उन्हें लोन देगी। जिससे कि वह अपना व्यापार और बढ़ा सकें। उन्होंने कोरोना काल के दौरान वाराणसी से होने वाले सब्जी व्यापार का उदाहरण देकर किसानों को समझाने का प्रयास किया किस प्रकार किसानों ने मिलकर अपने उत्पाद को सऊदी अरब, अमेरिका जैसे देशों में भेजा और उसका लाभ कमाया। डॉ0 सीपी सिंह ने यह भी बताया की फल और सब्जियों के अतिरिक्त किसान बीजों का भी व्यापार कर सकते हैं क्योंकि वर्तमान समय में अच्छे किस्म के बीजों की मांग बाजार में बहुत ही ज्यादा है। जैसे पंजाब में विभिन्न किस्म के फसलों के बीज तैयार करके उन्हें बेचा जाता है उसी तरह बलिया के किसान भी बीजों की किसानी करके उसका लाभ कमा सकते हैं। किसानों ने भी उनके सामने अपनी समस्याएं रखी और उस पर चर्चा की। किसानों ने कहा कि अगर वह मचान विधि से कृषि करें तो वह अधिक से अधिक मात्रा में सब्जियां उगा सकते हैं क्योंकि मचान विधि से कृषि करने से सब्जियों में ना तो किसी प्रकार का रोग लगता है और उत्पादन भी अधिक होता है।

# अराजक तत्वों ने टाउन हॉल पर किया कब्जा

## *जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने दिए जांच के आदेश*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ,**
**दैनिक समाज जागरण**

बलिया : टाउन हॉल परिसर में बने बापू भवन ट्रस्ट की



स्थापना 1969 में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महात्मा गांधी के आदर्शों को लोगों तक पहुंचाने के लिए किया गया था। 1969 से लेकर इसके प्रबंधन में कभी भी किसी प्रकार की गड़बड़ी या दिक्कत नहीं आई। परंतु कालांतर में 2013 में राकेश श्रीवास्तव नामक व्यक्ति ने बापू भवन ट्रस्ट का स्वयं को अध्यक्ष घोषित कर दिया। जिसका संज्ञान लेकर जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट को इसकी जांच के आदेश दिए हैं। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया की टाउन हाल में स्थित बापू भवन ट्रस्ट के पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी होते हैं परंतु राकेश श्रीवास्तव तथा अन्य सदस्यगण द्वारा मिलकर 2013 में स्वयं को ट्रस्ट का अध्यक्ष घोषित कर लिया गया है। जिसकी सूचना ना तो जिलाधिकारी को दी गई है और ना ही उनका कोई अनुमोदन जिलाधिकारी से लिया गया है। बताते चलें कि टाउन हॉल शहर के बीचो बीच स्थित है तथा इसकी भूमि बहुत ही कीमती है। बापू भवन का उपयोग शादी ब्याह, गोष्टी, संगोष्ठी जैसे सार्वजनिक कार्यों के लिए किया जाता है। जांच के दौरान जब राकेश श्रीवास्तव से आय- व्यय और कार्यवाही का रजिस्टर मांगा गया तो वह आनाकानी करने लगे। जिसके कारण उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में कोतवाली थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करा दी गई है और आगे की कार्यवाही जारी है।

# दैहिक दैविक भौतिक सारे ताप व संताप को हर लेती हैं मां कष्टहरणी

गाजीपुर।(उतरां मोड़) ईक्यावन शक्ति पीठों मे से एक प्रमुख पीठ मां दुर्गा का एक दिब्य स्वरूप है मां कष्टहरणी ,जो पल भर में अपने भक्तों के दैहिक दैविक एवम भौतिक सारे ताप व संताप को हर लेती है। अपने दरबार में पहूंचे भक्तों की सारी मनोकामनाऐ एवम मुरादे पूर्ण कर देती है मां कष्ट हरणी।अपने भक्तों के सभी रोग शोक दुःख का शमन करके धन धान्य एवम आरोग्यता प्रदान करने वाली माता का नाम है मां कष्टहरणी। जो युगो युगो से गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद से चितबडागांव मार्ग पर करीमुद्दीनपुर थाने के पास निवास करती है,सदैव अपनें भक्तों के कष्टों को हरने वाली मां का नाम है मां कष्टहरणी, दया की सागर ममतामयी करूणामयी मां का नाम है मां कष्टहरणी,मां का यह पावन एवम पवित्र धाम युगो युगो से करीमुद्दीनपुर मे बिराजमान है,युगो पुर्व यह स्थान दारूक बन के नाम से जाना जाता था,जिस बन मे शेर बाघ जैसे हिंसक जीव बिचरण किया करते थे,मां के स्थान के बगल में बघउत बरम बाबा का स्थान है,जनश्रुतियों के अनुसार बाघ से लडाई के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी थी तभी से आप बघउत बरम बाबा के नाम से यहां पर बिराजमान है,मां कष्टहरणी के यहां इस स्थान पर हर युग मे बिराजमान होने का प्रमाण मिलता है,आप की चमत्कारिक शक्तियों से जो भी आपकी शरण मे आकर पवित्र मन से प्रार्थना किया आपने उसका सदैव कल्याण किया,आपने अपने हर भक्त का सदैव मंगल ही किया है,आपके दरबार में सच्चे एवम पवित्र मन से की गयी आराधना कभी खाली नहीं जाती है। मां कष्टहरणी की कृपा अपने सभी भक्तों पर सदैव अनवरत बरसती रहती है।त्रेतायुग में भगवान राम ,लक्ष्मण महर्षि विश्वामित्र के साथ अयोध्या से सिद्धाश्रम बक्सर जाते समय यहां पर रूक कर मां कष्टहरणी का दर्शन पूजन किये थे। उसके पश्चात कामेश्वर नाथ धाम कारो जो बलिया एवम गाजीपुर के सीमा पर स्थित है वहां पहुंचने का प्रमाण है,आपने कामेश्वर नाथ धाम मे दर्शन पूजन कर रात्रि विश्राम किया तथा सुबह आप सभी गंगा पार कर बक्सर बिहार स्थित सिद्धाश्रम पहुंचे थे,यह कामेश्वर नाथ धाम वही स्थान है जहां समाधिस्थ शिव को जगाने में कामदेव भष्म हो गया था,त्रेता युग में अयोध्या नरेश महाराज दशरथ अयोध्या से शिकार खेलते खेलते गाजीपुर जनपद के महाहर धाम तक आ गये थे वहीं पर राजा दशरथ के शब्दभेदी बाण से श्रवण कुमार की मृत्यु हो गयी थी,आज भी उस स्थान पर श्रवण डीह नामक स्थान बिराजमान है,भगवान राम के साथ बक्सर जाते समय लक्ष्मण




जी ने बाराचवर ब्लाक के उत्तर दिशा में रसडा के लखनेश्वरडीह नामक स्थान पर लखनेश्वर महादेव की स्थापना की थी जो आज भी लखनेश्वर नाथ के नाम से जाने जाते है,अब आपको ले चलते है द्वापर में जब धर्मराज युधिष्ठिर अपने भाइयों,द्रोपदी एवम कुल गुरू धौम्य ऋषी के साथ अज्ञातवास के समय मां कष्टहरणी धाम में आकर मां से अपने कष्टों को दूर करने के लिये प्रार्थना किये थे,मां के आशिर्वाद से महाभारत के युद्ध में पांडवों की बिजय हुई,जैसा मां का नाम है उसी के अनुरूप आप वास्तव में अपनें भक्तों का कष्ट दूर करती हैं,राजसूय यज्ञ के समय भीम हस्तिनापुर से गोरखपुर श्री गोरखनाथ जी को निमंत्रण देने जाते समय भी मां कष्टहरणी का दर्शन पूजन किये थे,कलयुग में बाबा कीनाराम जी को स्वयम मां कष्टहरणी ने अपने हाथ से प्रसाद प्रदान कर सिद्धियां प्रदान की थी,बाबा कीनाराम कारों से रोजाना अपने गुरू जी के सो जाने के पश्चात मां के पास आ जाते थे और गुरू जी के जागने से पहले वापस कारो पहूंच जाते थे। एक दिन गुरू जी ने कीनाराम जी से पूछ दिया तो कीनाराम जी ने सच सच बता दिया की मै मां कष्टहरणी की सेवा में चला जाता हू। गुरू जी ने कीनाराम जी को जाने से तो नहीं रोका लेकिन हिदायत दिया था की वहां का कुछ भी खाना नही। एक दिन स्वयं मां ने अपने हाथ से कीनाराम जी को प्रकट होकर प्रसाद देकर सिद्धी प्रदान की। गुरू जी के द्वारा यह जानने पर खुद उन्होने कीनाराम जी को कहा की जाओ अब तुम्हारे में वह सभी योग्यता हो गयी है अब समाज का कल्याण करो। वहां से बाबा वाराणसी के गंगा तट पर पहूंचे तथा एक गंगा में बहते शव को देख कर बोले की तुम कहां जा रहे हो।बाबा कीनाराम जी की आवाज सुनकर वह मुर्दा उठ खडा हुवा। बाबा कीनाराम ने उसका नाम जियावन रक्खा। मां के आशिर्वाद से बाबा कीनाराम जी का यह पहला चमत्कार था।मां के धाम में गौतम बुद्ध,सम्राट अशोक,ह्वेन सांग,फाह्यान,स्वामी विवेकानन्द,सहजानन्द सरस्वती,मंडन मिश्र,जैसे अनेक लोगों ने इस मार्ग से जाते समय यहां रूक कर मां का दर्शन पूजन किया है,ह्वेन सांग एवम फाह्यान ने यहां का वर्णन अपने यात्रा बृतांत में किया है,मां के धाम में आश्विन एवम चैत्र नवरात्र में मातायें दूर दर से आकर अपने परिवार की सुख समृद्धी एवम सलामती के लिये मां कष्टहरणी के चरणों में चौबिस घंटे तक अखंड दीपक जलाती है,पुरी रात मां के चरणों मे गीत एवम नृत्य करती है,पूर्वांचल ही नहीं पुरे उत्तर प्रदेश मे मां के पुराने स्थानों में से एक प्रमुख स्थान है,जितना अखण्ड दीपक मां कष्टहरणी के धाम में जलाया जाता है शायद पूरे भारत में और कहीं देखने को नहीं मिलेगा,देश के कोने कोने से लोग आकर मां का दर्शन पूजन करते है,वर्ष भर मां के धाम में शादी मुंडन किर्तन एवम रामायण का आयोजन होता रहता है,मा के दर्शन मात्र से ही मानव का कल्याण हो जाता है,रामनवमीं के दिन मा के धाम पर बिराट मेले का आयोजन किया जाता है,मां के धाम में अयोध्या से पधारे महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 श्री शिवराम दास जी फलहारी बाबा के द्वारा बिराट यज्ञ का आयोजन भी किया गया था। मां के मन्दिर के निर्माण मे स्व० लाल बाबा का सराहनीय सहयोग रहा है,पुजारी के रूप में लम्बे समय से हरिद्वार पांण्डेय सेवा कर रहे थे लेकिन अब उनके पुत्र राजकुमार पाण्डेय पुजारी के रूप में एवम किशुनदेव उपाध्याय ,महेश्वर पाण्डेय मां की सेवा में लगे हैं

# नारी सुरक्षा व टोल फ्री नंबरों की जागरुकता अभियान चलाकर किया जागरूक



गाजीपुर। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ, द्वारा सैफ सिटी परियोजना के अन्तर्गत महिला सुरक्षा बचाव, एवं सशक्तीकरण, 1090 टोल फ्री द्वारा महिलाओ पर हो रहे उत्पीड़न को रोकने व महिलाओ पर हो रहे अत्याचारो पर बचाव हेतु जन जागरूकता के माध्यम से जनपद गाजीपुर में पुलिस स्टेशनो, महिला थाना, पुलिस अधीक्षक ऑफिस, जिलाधिकारी कार्यालय, ब्लॉक, तहसील स्तर, बस स्टेशन एवं अन्य बस स्टेशनो जिला अस्पताल, एवं बाजारो, चट्टी चौराहो, पंचायत स्थलो, मुख्य स्थलो एवं प्रमुख स्थानो पर 21 सितम्बर से 22 अक्टूबर तक कार्यक्रम वीमेन पावर लाइन 1090 का जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम कालाकर श्रीमंत समानानतर कला मंच श्री संतोष सिंह द्वारा किया जा रहा है। जिसमें 22 सितम्बर से 25 सितम्बर तक स्थान बहरियाबाद थाना बहरियाबाद, सादात थाना सादात, तहसील जखनियॉं में, मुढ़ियारी, ब्लॉक जखनियॉं, जलालपुर धनी थाना भुड़कुडा, जखनियॉं थाना कोतवाली, थाना शादियाबाद एवं नगर पंचायत सादात में कार्यक्रम आयोजित करते हुए लोगो में सरकार की महत्वपूर्ण योजानाओं का भी गीत नाट्य बिरहा के माध्यम से किया गया। जिसमें महिलाओं के लिए संदेश के रूप में जब कोई व्यक्ति फोन के माध्यम से छेड़छाड़ या उत्पीड़न इन्टरनेट, सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट, रास्ते पर पीछा कर रहा हो, घरेलु हिंसा कर रहा हो, पर तत्काल 1090 पर फोन करके सूचित करे। पुरूषों के लिए संदेश है कि पुरूष व्यक्ति महिलाओं का सम्मान करे, कोई महिला के साथ हिंसा करता है या असम्मानजनक तरीके` से व्यवहार करता है तो आप अनदेखा न करे तत्काल 112 को सूचित करें।

# लम्बित छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों की जांच कर तत्काल विद्यालय करें आवेदन

गाजीपुर।जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 पिछड़ी



जाति पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने एवं विद्यालयों द्वारा रिसीव एवं अग्रसारण की वर्तमान स्थिति के परीक्षण में पाया गया है कि अब तक कुल 42501 छात्रवृत्ति आवेदन पत्र छात्र-छात्राओं द्वारा फाइनल सब्मिट किये जा चुके है, वही पर विद्यालयों द्वारा 21058 आवेदन पत्रों को रिसीब करते हुए मात्र 15893 आवेदन पत्र ही विद्यालयों द्वारा अब तक ऑनलाइन अग्रसारित किये गये है और 26608 छात्रवृत्ति आवेदन पत्र विद्यालयों के लॉगिन पर अग्रसारण हेतु लम्बित है। जबकि विद्यालय स्तर से अग्रसारण की अन्तिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित है। यदि ससमय आवेदन पत्रों का अग्रसारण विद्यालय द्वारा नहीं किया जाता है, तो ऐसे में लम्बित आवेदन पत्र वाले छात्रों छात्रवृत्ति योजना से वंचित हो जायेगें।

उक्त सम्बन्ध में जनपद के समस्त पूर्वदशम (कक्षा 9-10) शिक्षण संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि तत्काल बिना अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा किये बिना लम्बित 26608 छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों को नियमानुसार परीक्षण करते हुए ऑनलाइन अग्रसारित करना सुनिश्चित करें। अन्यथा अन्तिम तिथि में बेबसाइट धीमी होने के कारण अग्रसारण में कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसके लिए विद्यालय स्वंय उत्तरदायी होगें।

# टीबी मुक्त भारत अभियान में डाक विभाग बनेगा सहयोगी, हुई बैठक

गाजीपुर।टीबी मुक्त भारत अभियान जो 2025 तक पूरा कर लेने का अभियान इन दिनों पूरे देश में चलाया जा रहा है। इसी को लेकर माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा 9 सितंबर 2022 को शुरू किए गए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत भारत को टीबी मुक्त करने एवं टीबी से ग्रसित रोगियों की देखभाल करने के लिए डाक विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को आह्वान किया था। जिस के क्रम में सोमवार को मुख्य डाकघर महुआबाग में इस अभियान को लेकर बैठक किया गया जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ मिथिलेश सिंह ने बताया कि महामहिम राष्ट्रपति महोदय के द्वारा डाक कर्मियों को टीबी मुक्त भारत के लिए आहवान किया गया था। जिसको लेकर सोमवार को मुख्य डाकघर में डाकपाल रामबचन राम एवं कार्यालय अधीक्षक डाकघर रोहित वर्मा के उपस्थिति में कार्यक्रम



किया गया।

उन्होंने बताया की मुख्य डाकघर के सभी डाक विभाग के कर्मचारियों को टी बी लक्ष्य, जांच, उपचार एवं बचाव के बारे बताया गया। क्षयरोग के प्रति जागरूक किया गया।इसी क्रम में क्षयरोग से पीड़ित मरीजों को गोद लेने के लिए भी बताया गया। जिससे टीवी के मरीज जल्द से जल्द स्वस्थ हो सके। पोस्टल विभाग के सभी कर्मचारियों एवं अधिकारी ने क्षयरोग से पीड़ित मरीजों को गोद लेने के लिए सहमति जताया। तथा अपना रजिस्ट्रेशन निक्षय मित्र के रूप में कराने के लिए सहमति प्रदान किया।

कार्यक्रम में क्षयरोग विभाग के पी पी एम अनुराग कुमार पाण्डेय,एस टी एस सुनिल कुमार वर्मा,एस टी एल एस वैंकटेश प्रसाद शर्मा, संजय सिंह यादव तथा पोस्टल विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# हीरोइन तस्करी व गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त की 80 लाख की अचल संपत्ति कुर्क

गाजीपुर(जमानिया)हेरोइन तस्करी व गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्त की बेटाबर कला में 80 लाख की अचल संपत्ति हुई कुर्क। जमानियां कोतवाली क्षेत्र के बेटाबर कला में कुर्की की कार्रवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक भारती ने बताया कि दिलदारनगर थाना विवेचक द्वारा प्रेषित आख्या पर 22 सितंबर को जारी जिलाधीकारी की संतुष्टि पर हेरोइन तस्करी व गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्त



अंकित राय उर्फ प्रवीण राय पुत्र अरूण राय निवासी ग्राम बेटावर कला थाना जमानियॉं की 80 लाख रुपए की अचल सम्पति को सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे कुर्क किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त द्वारा एक गिरोह बनाकर लोक व्यवस्था को अस्त-व्यस्त करने व अपने स्वयं तथा अपने गैंग के सदस्यों के आर्थिक तथा भौतिक व अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से अकेले एवं सामूहिक रूप से आपराधिक कार्य तथा समाज विरोधी क्रियाकलापों से बेनामी अचल संपत्ति अर्जित करता है। जिसके क्रम में अभियुक्त अंकित राय द्वारा अपनी संपत्ति से अर्जित किए गए धन से बेनाम संपत्ति रूप में बीते 05 मार्च 2020 को अपनी माता किरन देवी पत्नी अरूण राय के नाम से मौजा बेटावर तहसील जमानियॉं में खाता संख्या 212, गाटा संख्या 39 के रकबा 0.1365 हे0 भू-सम्पति क्रय की गयी थी। जिसकी वर्तमान कीमत 80 लाख रुपए है, जिसे आज राजस्व कर्मियों व भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कुर्क किया गया है।

# पं0दीनदयाल उपाध्याय का सादा जीवन उच्च विचार के प्रतिमूर्ति रहे -दया शंकर मिश्र दयालु

**डॉ0 बृजा नन्द तिवारी ब्यूरो दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। पं दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के स्थापना काल से अनवरत महामंत्री पद पर रहकर संगठन कार्यों को अपनी सेवाएं देते रहे तथा जीवन के अन्तिम 7 महीने पूर्व वह अध्यक्ष बने। यह बात आज सेवा पखवाड़ा के नवें दिन रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्रा दयालु ने भाजपा कार्यालय टैक्सी स्टैंड पर आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम को सुनने के बाद कही उन्होंने कहा कि उनका सादा,सरल जीवन अन्तिम समय तक सिर्फ एक झोले में रहा। उन्होंने कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय अत्यन्त कष्टमय जीवन जीते हुए गरीबी को करीब से देखा था और अन्त्योदयका प्रतिपादन किया।उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पं दीनदयाल उपाध्याय की सोच और सपनों को संकल्पित रुप से पुरा कर रहे है।और कहा की आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे प्रदेश सरकार के लगातार दूसरे कार्यकाल का छः महीना आज पूर्ण हुआ। सभी मंत्री अनवरत बीना विश्राम किये लगातार अन्त्योदय विकास हेतू तत्पर है। जिलो में प्रवास के दौरान किसी दलित के घर ही भोजन करते है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने कहा कि आज युवाओं, महिलाओं तथा समाज के हर उम्र वर्ग के अंतर्मन की सोच को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अच्छी तरह समझ रहे है और पं दीनदयाल जी के विचार सिद्धांत एकात्म मानववाद से भारत के भविष्य को मजबुती दे रहे है। लोक सभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय जी का मूल सूत्र "एकात्म मानववाद" सिर्फ नारा नही बल्कि भारत के समृद्धि और खुशहाली का मूल मंत्र है जिस सोच और कार्य पद्धति के आधार पर आज भारत विश्व पटल के शिर्ष पर स्थापित होने कि ओर तेज गति से अग्रसर है। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शंकर राय ने सम्बोधित करते हुए कहा पं दीनदयाल जी बिना किसी अपेक्षा के समाज हित मे अपना जीवन समर्पित कर दिए । इससे पहले मा मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु मिश्रबाजार स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके 106 वीं जयन्ति पर श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा वहां उपस्थित भाजपा कार्यकताओं ने पं दीनदयाल उपाध्याय के सम्मान मे नारे लगाए।फिर मंत्री टैक्सी स्टैण्ड कार्यालय पंहुचे जहाँ उन्होंने मनिषियों के चित्र के समक्ष दीपप्रज्वलन कर प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना। इस अवसर पर प्रवीण सिह, अच्छे लाल गुप्ता, विनोद अग्रवाल,अर्जुन



सेठ, सुनील गुप्ता,सुमित तिवारी, संतोष जायवाल,अमरनाथ दूबे, कुँवर बहादुर सिह, सोमेश राय,अनिल वर्मा,अविनाश सिंह, किरन सिह, साधना राय,समरेंद्र सिंह,निर्गुण दास केशरी, सनी चौरसिया,हर्षित सिंह, निखिल राय,सूर्य प्रकाश यादव,हेमंत तिवारी, सहित सभी सभासद, पदाधिकारी, सोशल मीडिया प्रमुख आदी उपस्थित रहे। संचालन रासबिहारी राय ने किया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पं दीनदयाल उपाध्याय की 106 वीं जयन्ति बुथ स्तर पर पुरे जिले मे जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व मे श्रद्धा सम्मान के साथ उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को सुनकर मनायी गयी। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने जखनियाँ विधानसभा के बरहट बूथ पर प्रधानमंत्री के मन की बात सुनकर पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया और कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए सदैव चिंतन शील दीनदयाल जी के विचारों तथा सिद्धांतों के आधार पर मोदी जी कार्य कर रहे है। भाजपा जिलामीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा ने सदर विधानसभा के सकरताली बूथ पर संकठा प्रसाद मिश्रा ने जंगीपुर बाजार स्थित काली माँ मंदिर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनकर महामनिषी पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# असावर साधन सहकारी समिति का भवन जर्जर , दुर्घटना को दे रहा दावत

**डा0 बृजा नन्द तिवारी ब्यूरो दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर । बाराचवर ब्लाक के साधन सहकारी समिति असावर का भवन दशको से पूरी तरह जर्जर हो गया है और दुर्घटना को दावत दे रहा है जिससे हमेशा भय का माहौल बना है । बताया जाता है कि असावर साधन सहकारी समिति का भवन दशको से काफी जर्जर हो गया है आधा बहन ध्वस्त हो गया है और आधा गिरने के कगार पर है।जहां भवन की दीवार और छत फट गई है वही फर्श आदि भी टूट गया है ।जिससे जनता ही नही कर्मचारियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । काफी सतर्कता से खाद आदि रखी जाती है और भय सताता रहता है कि कहीं बरसात न जाय या भवन गिर न जाय नहीं तो भारी बबार्दी होगी ।कर्मचारी जान जोखिम में डालकर भवन में बैठते है क्षेत्रीय लोगों भरत राय ,मुन्ना राय ,बिनोद राजभर, सूबेदार यादव ने प्रशासन और विभाग का ध्यान आकर्षित कराते हुए अबिलम्ब साधन सहकारी समिति का भवन निर्माण कराए जाने की माग किया है ।इस सम्बंध में पूछने पर समिति के सचिव अनिरुद्ध उपाध्याय ने कहा कि हमने कई बार उच्चाधिकारियों को आवेदन देकर सूचना दी है किंतु अभी तक कुछ नहीं किया गया है ।।

# दशरथ प्रतिज्ञा पालन और राम बन गमन की लीला दर्शकों ने देखी

**डा 0 बृजा नन्द तिवारी ब्यूरो दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर । अतिप्राचीन रामलीला कमेटी हरिशंकरी के तत्वावधान में लीला के पांचवे दिन श्री दशरथ कैकेयी, श्रीराम सम्वाद का मंचन किया गया, जिसे देखकर दर्शको के आंखो में आंसू छलक उठें। लीला के दौरान महाराज दशरथ को जब दासियों द्वारा महारानी कैकेयी के कोप भवन में जाने की सूचना मिलती है तो अपने राजदरबार से उठकर महारानी कैकेयी कक्ष में जाते हैं और उन्होंने देखा वहाँ भी कैकेयी नहीं है, उन्होंने दासियों से महारानी कैकेयी के बारे में जानने की कोशिश की तो दासी द्वारा ज्ञात होता है कि महारानी जी किन्ती कारणवश गुस्से में होकर कोप भवन में जाकर अपने वस्त्राभूषण तथा गहने को बिखेर कर कोप भवन में जाकर जमीन पर लेटी हुई हैं। दासियों के कहने के अनुसार महाराज दशरथ कोप भवन में जाकर देखते हैं कि महारानी कैकेयी राजसी वस्त्राभूषणों को उतारकर फटे-पुराने कपड़े को धारण कर जमीन पर लेटी हुई हैं, उन्होंने महारानी से क्रोध का कारण पूछा तब महारानी कैकेयी द्वारा उन्हें पता चलता है कि उन्होंने देवासुरसंग्राम के दौरान महारानी से खुश होकर 2 वरदान देने का वचन दिया था, तब राजा दशरथ ने कहा कि जो वरदान मुझे देने थे, उसे उसी से मांग लो,।

तब महारानी कैकेयी ने पहले वरदान में अयोध्या का राज अपने पुत्र भरत को देने को मांगा ली दूसरे वरदान में उन्होंने कहा कि तापस बेषि विषेषि उदासी 14 वरिस रामवनवासी महाराज दूसरे वरदान में आपसे मांगना चाहती हूँ कि तपस्वी के वेष में राम को 14 वर्ष के लिए वन जाने का वरदान चाहिए। महाराज दशरथ ने पहला वरदान भरत को राज देने का सहस स्वीकार किया, लेकिन दूसरे वर में राम के वन जाने के जगह दूसरा वरदान मांगने को कहा, लेकिन महारानी कैकेयी अपने वचन से दृढ़ रही, जब महारानी नही मानी तो महाराज दशरथ मूर्छित हो गये।

जब दूतों द्वारा राजदरबार में राम को पता चला कि पिताजी कैकेयी के कक्ष में मूर्छित खड़े हैं वे राजदरबार से उठकर कैकेयी के कक्ष में आकर देखा तो पिता दशरथ को मूर्छित पड़ा देखकर उन्होंने पिता के मूर्छित होने का



कारण माता कैकेयी से पूछा, तब महारानी कैकेयी ने सबकुछ बता दिया। जब श्रीराम को वन जाने की बात आई तो सहस पिता के वचन को स्वीकार करते हुए पिता से आज्ञा लेकर माँ कौशल्या के कक्ष में जाते हैं, फिर वहाँ पर लक्ष्मण और सीता को भी पता चला कि प्रभु श्रीराम को कैकेयी द्वारा महाराज दशरथ से दूसरे वचन में वन जाने के लिए वचन दिया, तो वे दोनों लोग भी श्रीराम के साथ वन जाने के लिए तपस्वी वेष में आकर माता कैकेयी के कक्ष में पुनः आकर अपने माता कैकेयी, पिता दशरथ, गुरू वशिष्ठ के चरणों में प्रणाम करते हुए वन जाने के लिए आज्ञा मांगते हैं

इस लीला को देखकर उपस्थित दर्शकों के आंखो से आसु छलक उठे और वही जय श्रीराम और हर-हर महादेव के नारों से उद्धघोष किया।इस अवसर पर कमेटी के मंत्री ओमप्रकाश तिवारी (बच्चा), संयुक्त मंत्री लक्ष्मी नरायन, उप मंत्री लव कुमार त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार अग्रवाल, प्रबंधक वीरेश राम वर्मा, उप प्रबंधक मयंक तिवारी, अजय कुमार पाठक, बाके तिवारी, योगेश कुमार वर्मा ॡएडवोकेटॡ, सरदार चरनजीत सिंह, मनोज तिवारी, वरूण कुमार अग्रवाल, रामसिंह यादव, राजकुमार शर्मा, कुशकुमार त्रिवेदी, विश्वम्भर गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# सेवा पखवाड़ा के दसवें दिन विविधता में एकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

गाजीपुर ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन पर "सेवा पखवाड़ा" के आज दसवें दिन "विविधता मे एकता" कार्यक्रम का आयोजन मे भारत के पंजाब प्रांत के विशेषताओं,रहन सहन,वाणी विचार,वेश भूषा, सभ्यता संस्कृति की राष्ट्रीय समरसता की भावना से सराबोर गुरूकृपा मैरिज हाल मे त्योहार स्वरूप जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह की अध्यक्षता मे हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरदार दर्शन सिंह ने पंजाब प्रांत तथा सिख सभ्यता से अवगत कराते हुए कहा कि जब जब भारत के उपर आक्रांताओं ने यहाँ कि विशेषता,सभ्यता संस्कृति पर आक्रमण करने की कोशिश किया तब तब यहाँ के लोगों ने उसे मुहंतोड़ जबाब देने का काम किया।साहस और शौर्य के साथ अन्य तमाम बलिदान की गाथाओं से राष्ट्र धर्म की रक्षा की चर्चा करते हुए उन्होंने गुरु गोविंद सिंह सहित सभी सिख गुरुओं के शौर्य की चर्चा किए।

जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि एक देश मे भिन्न भिन्न वातावरण, अलग अलग परिधान, रहन सहन के बावजूद राष्ट्रीय एकता और



अखंडता के सवाल पर पुरा राष्ट्र एक है।यह हमारे लिए गौरव और गर्व की बात है।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्ण बिहारी राय ने सबके प्रति आभार धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम समाज मे आपसी एकता,अखंडता और सौहार्द का मजबूत संदेश है। कार्यक्रम मे क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा, बृजेन्द्र राय,सुनिल सिंह,रामनरेश कुशवाहा, ओमप्रकाश राय,प्रवीण सिंह,दयाशंकर पांडेय,सरदार त्रिलोचन सिंह,सरदार दलजीत सिंह,औ अवधेश राजभर, सुरेश बिंद,जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा,गुलाम कादिर राईनी,साधना राय,संतोष जायसवाल,राजीव कुमार सिंह,कार्तिक गुप्ता,विजय कुमार राय,अभिनव सिंह,प्रमोद राय,अर्जुन सेठ,गुड्डू केशरी, दीलिप गुप्ता,प्रिती गुप्ता, शनि चौरसिया, गर्वजीत सिंह,हर्षित सिंह,प्रमोद अग्रवाल,अजीत सिंह,सुनिता सिंह सहित आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को मिला जन समर्थन ,कार्यकर्ता उत्साहित

**डा 0 बृजा नन्द तिवारी ब्यूरो**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर गाजीपुर कांग्रेस पार्टी द्वारा देश भर में भारत जोड़ो यात्रा के कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय जंगीपुर विधानसभा में कल 24 सितंबर की देर शाम तक भारत जोड़ो यात्रा जिला कांग्रेस कमेटी, गाजीपुर के अध्यक्ष सुनील राम के नेतृत्व में स्थानीय फकीरा मस्जिद से प्रारंभ होकर जंगीपुर मंडी तक निकाली गई। इस यात्रा में जिलाध्यक्ष सुनील राम ने बताया कि देश की वर्तमान मोदी सरकार की नीतियों से चंद अमीरों को ही लाभ मिल रहा है जबकि मध्यमवर्गीय और गरीब चाहे वो व्यापारी हो, रोजी रोजगार या फिर देश का किसान हो सभी परेशान हैं, मंहगाई चरम पर है और सरकार में भ्रष्टाचार भी चरम पर है, इसलिए भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन हर जगह किया जा रहा है। वहीं यात्रा का आयोजन करने वाली कांग्रेस की वरिष्ठ नेता



महबूब निशा ने कहा कि देश और प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों के चलते आज धर्म, मजहब और जातिवाद की समस्या चरम पर है लोग एक दूसरे पर अविश्वास ज्यादा कर रहे हैं, इसलिए कांग्रेस पार्टी के सांसद और हर दिल अजीज राहुल गांधी के नेतृत्व में देश भर में भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है, जिसके क्रम में ये यात्रा जंगीपुर में निकाल कर लोगों से जनसम्पर्क भी किया गया और जनता के दुख दर्द को समझते हुए कांग्रेस की नीतियों को भी बताया गया। यात्रा का आयोजन महबूब निशा जी, राजेश गुप्ता जी, एवं विद्याधर पांडे जी, ने किया।

पदयात्रा में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष मार्कंडेय सिंह , राजेश गुप्ता, विद्याधर पांडे,अजय श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव , सतीश उपाध्याय , आशुतोष गुप्ता , चंमभीत राम ,जंघई सिंह , ज्ञान प्रकाश सिंह ,विभूति राम, उमाशंकर सिंह , ओमप्रकाश राजभर ,जनार्दन राम, अरुण गुप्ता , सुमन चौबे ,संजय सिंह ,सैफ अली, शकीला बानो, जखीरा , मुस्ताक अली आदि लोग पदयात्रा में मौजूद थे ।

# बीस कुन्तल गौ मांस के साथ दस अभियुक्त गिरफ्तार, पिकअप सहित एक दर्जन मोटरसाइकिल बरामद

**डा0 बृजा नन्द तिवारी ब्यूरो दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। क्षेत्राधिकारी नगर, स्वाट टीम व कोतवाली सदर की संयुक्त टीम द्वारा गोकशी करने वालों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए लगभग 20 कुंतल गौ मांस के साथ 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से एक पिकअप वाहन व एक दर्जन मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के मार्गदर्शन में आज सोमवार 26 सितम्बर 2022 को समय सुबह लगभग 05.00 बजे क्षेत्राधिकारी नगर व स्वाट टीम व कोतवाली गाजीपुर की संयुक्त टीम को यह सफलता कुदाईपुरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत लकड़ी की टाल से मिली। वहां से पुलिस टीम ने करीब आधा दर्जन जीवित गोवंशीय पशु भी बरामद किया है।

### बताते चलें कि इस सन्दर्भ में अलसुबह पुलिस अधिकारियों को सूचना मिली कि

कुछ अभियुक्तों द्वारा गोवंशीय पशुओं के क्रूरता पूर्वक हत्या की गयी है। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल संयुक्त टीमों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके से दस अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया एवं उनके कब्जे से लगभग 20 कुंतल गौ मांस, 01 पिक अप वाहन व एक दर्जन मोटरसाइकिल बरामद किया गया।घटना की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे ने सदल बल घटनास्थल का निरीक्षण कर मातहदों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये।। गिरफ्तार अभियुक्तों में कुद्दूस पुत्र नसीर निवासी काजी मण्डी थाना कोतवाली गाजीपुर, गुलान मुहिद्दीन पुत्र बल्लू निवासी खुदाईपुरा थाना



कोतवाली गाजीपुर, मोहम्मद अली पुत्र मोहम्मद यासीर निवासी तेलपुरा थाना कोतवाली गाजीपुर, सोनू पुत्र हफीज निवासी खुदाईपुरा थाना कोतवाली गाजीपुर, गुड्डू पुत्र हफीज निवासी खुदाईपुरा थाना कोतवाली गाजीपुर, महबूब आलाम पुत्र हजीज हुल्लाह निवासी नुरुद्दीनपुर थाना कोतवाली गाजीपुर, कलीम अहमद पुत्र वसीम अहमद निवासी खुदाईपुरा थाना कोतवाली गाजीपुर, मोहम्मद मुस्लिम पुत्र स्व0 जलीम अहमद निवासी खुदाईपुरा थाना कोतवाली गाजुपर, इकराम उर्फ मुन्ना पुत्र असलम निवासी खुदाईपुरा थाना कोतवाली गाजीपुर तथा सबीर अहमद पुत्र स्व0 कबीर निवासी खुदाईपुरा थाना कोतवाली गाजीपुर हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कोतवाली गाजीपुर द्वारा करते हुए उन्हें न्यायालय के सुपुर्द किया गया।

# बीएसएफ जवान की पत्नी की हत्या

गाजीपुर ।सोमवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के कुर्था गांव में अज्ञात बदमाशों ने महिला की हत्या कर दी ।इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल पर पहुंचे।



घटना के संबंध में बताया गया है कि सदर कोतवाली क्षेत्र के कुर्था गांव निवासी किरण प्रजापति सोमवार की सुबह अपने पुत्र शुभम 14 व शनि 6 वर्ष को तैयार कर विद्यालय भेज दिया। इसी समय अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर किरण की हत्या कर दिया। मृतका किरण का पति बीएसएफ में है। घटना की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। सूचना मिलने पर एसपी रोहन पी बोत्रे भी मौके पर पहुंच गए। घटना के संबंध में जानकारी लेने के साथ ही जांच-पड़ताल किया। इस संबंध में एसपी रोहन पी बोत्रे ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। छानबीन की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## रेउसा के चहलारी घाट से जल कलश भर कर हुई क्षेत्र भर के दुर्गा पंडालों में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना।

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट गौतम सिंह चौहान**

रेउसा सीतापुर शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस क्षेत्र भर में स्थापित पंडालों



में मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना की गई। रेउसा क्षेत्र के संकट मोचन हनुमान मंदिर पर स्थापित दुर्गा पंडाल सहित बम्भनावा, गंगा पुरवा, कांता पुरवा, डलिया, रघु पुरवा, पल्हरी, भरथा, हुसैनपुर खानी आदि गांवों से हजारों की संख्या के महिलायें व पुरूष घाघरा नदी के चहलारी घाट पहुंचे। नदी से जल कलश भरकर उनका विधि विधान से पूजन किया गया।क्षेत्र भर में आयोजित दुर्गा महोत्सव में कलश पूजन कर मूर्ति स्थापना की गई। नव दिनों तक चलने वाले इस पूजन का क्षेत्र में लोगों में बड़ा उत्साह है।

जल कलश ले जाने वालों की अगुवाई करने वालों में प्रमुख रूप से पुजारी महंत गंगा दास, राजकुमार मिश्रा सन्दीप बजपेई, संदीप मिश्रा आशीष पांडे बलिराम नाग, मृत्यंजय मिश्र सुबोध बाजपेई, , , ज्ञान प्रकाश मोनू, शिव प्रकाश सोनू, सुधीर शुक्ला, प्रवीण सिंह, विनय सिंह, संग्राम सिंह, वीर सिंह आदि मौजूद रहे।नदी के घाट पर सुरक्षा व्यवस्था में थाना थानगांव व रेउसा का पुलिस बल मौजूद रहा।

# दो बच्चों की मां ने अपनी मर्जी से रचाई मुरलीधर मंदिर में शादी

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट गौतम सिंह चौहान**

रामपुर मथुरा सीतापुर जनपद सीतापुर के तहसील महमूदाबाद के विकासखंड रामपुर मथुरा के अंतर्गत दो बच्चों की मां ने अपनी मर्जी से मुरलीधर मंदिर में शादी रचाई



आपको बता दें कि शबनम निवासी सोहरिया खरगी पुरवा जोकि करीब 7 वर्ष पूर्व शबनम की शादी पूरे हिंदू रीति रिवाज के साथ किरतपुर मजरे मथुरा में चंदन के साथ हुई थी और करीब 6 माह पूर्व चंदन और शबनम के बीच कहासुनी हुई कहासुनी को लेकर चंदन ने आत्महत्या कर ली थी और आज नवरात्र के पहले ही दिन विपिन कुमार पुत्र कंधई निवासी ग्राम बेड़ी ज्वार थाना देवा जनपद बाराबंकी के साथ अपनी मर्जी से विवाह कर रही है और चंदन की दो बेटियां भी अपने साथ ले जा रही है जो बड़ी लड़की का नाम दीपांशी उम्र करीब 5 वर्ष और छोटी लड़की की उम्र 2 वर्ष बताई जा रही है वहीं पर शबनम के दूसरे पति विपिन कुमार ने कहा कि हम दोनों बेटियों को अपने साथ अपनी पूरी जिम्मेदारी के साथ ले जा रहे हैं और अगर लड़कियों को कोई भी दिक्कत होती है तो उसका जिम्मेदार मैं खुद हूं और अगर चंदन के मां बाप भाई लड़कियों को लाना चाहते हैं तो जब लड़कियां बड़ी हो जाएंगी और जाने के लिए बोलेंगे तो हम उन पर भी कोई रोक-टोक नहीं लगाएंगे

# नगर पालिका विस्तार को हरी झंडी,54 गांव होंगे सम्मिलित।

**- नगर विकास और ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा का भी गांव शामिल**
**- शासन के आदेश पर सोमवार की देर शाम मिली मंजूरी**

**आशुतोष चतुर्वेदी, दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जनपद मऊ की नगर पालिका परिषद मऊ नाथ भंजन के सीमा विस्तार में 54 गांव को सम्मिलित किया गया है। शासन से हरी झंडी मिलने के बाद सोमवार की देर शाम प्रशासन की तरफ से इस पर मंजूरी दी गई। नगरपालिका



के विस्तार में मोहम्मद मुतलके सहरोज, भटकुंडल, रेवरीडीह, मेघई मु० सहरोज, डोडापुर, डाड़ीखास, सैदोपुर, भुजौटी, सरायलखंसी, चक इनायतुल्लाह खैरुल्लाह, खालसा उत्तर दक्षिण टोला, भूतबराड़, बख्तावरगंज, सिकटिया, दर्पनारायनपुर, छपरा, नियामुपुर, चकरामजी, चकजीयन, चकखुदाद, सराय मक्खन, मानपुर, राघोपट्टी, नसोपुर, मुसरदह, रस्तीपुर, चकाकिल, इंदरपुर, परसपूरा, हरदसपुर, बहरीपुर, सुल्तानपुर, बेलचौरा, इनायतुल्लाह उर्फ चकिया, अछार, ठकुरमनपुर, बरलाई, बड़ागांव, काझा खुर्द, खेवसीपुर, दनियालपुर, सुल्तानपुर उर्फ बनौरा, सनेगपुर, रामपुर बढ़ूआ गोदाम, इमिलियाडीह, कटरा, ओडहरा, ताजोपुर, जमीन हाथीपुर, हाथीपुर, परदहां, भीखमपुर एवं सलाहाबाद को शामिल किया गया है। इस संदर्भ में अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि विस्तारित नगर पालिका परिषद में इन गांवों को चिन्हित कर शासन को भेजा गया था।

# लखाही गांव में रास्ते पर जलभराव के कारण निकलना हुआ मुश्किल

**समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी**

रमियाबेहड खीरी -- ब्लाक रमियाबेहड़ के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लखाही में थोडी बरसात होने पर ही गांव के अन्दर जल भराव हो जाता है और सभी का निकलना मुश्किल हो जाता है क्यों कि जो भी नेता आता है वादा करके चला जाता है फिर पांच वर्ष वापस नहीं आता है आज तक कोई भी प्रधान या नेता काम करने वाला नहीं मिला जिसे विश्वास करके हम सभी जिताते है वहीं सामने नहीं आता है। हमारे गांव लखाही में अभी तक रास्ता,नाली का निर्माण कार्य नहीं हुआ है यही कारण है कि थोड़ी



बरसात होने पर कहीं भी आना जाना बंद हो जाता है। ब्लाक अस्तर के अधिकारी,कर्मचारी कोई भी लगाती देखने नहीं आया है अधिकारी गणो को सूचित किया जाता है तो बोलते हैं आकर देख लेंगे और नहीं आते गांव वासियों को बाजार तक जाने में बहुत परेशानी है आप सभी अधिकारियों से विनम्र निवेदन है कि ग्राम लखाही की तरफ भी अपनी नजर घुमाले जिससे हम सभी का उद्धार हो सके आप सभी भी बहुत महेरवानी होगी। आप सभी से हम सभी ग्रामीण संतोष कुमार, सहजराम, कमलेश कुमार, सालिकराम, उमाकांत वर्मा, कमलेश पंण्डित, विजय पाल, रमेश कुमार गुप्ता, अखलेश यादव, विकास, प्रदीप , मनोज कुमार आदि अनेक ग्रामीण मित्र बन्धु जो बरसात पानी भरने से परेशान हैं।

# बिजली विभाग की बिभागीय "लापरवाही" के चलते एक की "मौत" दो घायल।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**

बांदा। वाह रे पापी पेट तेरे लिए आखिर क्या क्या नहीं करना पड़ता है भले ही जिंदगी दांव पर ही क्यों ना लगी हो परिवारिक "समस्याओं से जूझता बेरोजगार" इंसान अपनी जरूरतें पूरी करने के लिये कुछ भी और कहीं भी नौकरी करना मंजूर कर लेता बस उसे वहाँ के लोगों पर भरोसा भर हो किन्तु यदि उसके साथ "विश्वासघात" हो जाये तो



फिर तबाही निश्चित है कुछ ऐसा ही मामला आया है बांदा जनपद के ग्राम देवरार का जहाँ पर विद्युत बिभाग द्वारा उपभोक्ताओं के उपयोग हेतु रखा विद्युत ट्रांसफार्मर खराब हो जाने पर उसे दुरुस्त करने हेतु आज दि०26.9.2022 को बिभागीय 3 कर्मचारी गये हुये थे जिन्होंने सम्बंधित पावरहाउस के आपरेटर से ही "सिटडाउन "लेकर काम करना प्रारंभ कर दिया किन्तु बिना काम पूरा हुये तथा बिना सिटडाउन वापस किये ही आपरेटर द्वारा विद्युत सप्लाई चालू कर देने के कारण कार्य कर रहे तीनो कर्मचारी करंट की चपेट में आ गये जिसमें बब्लू खान पुत्र सुलेमान उम्र 50 नि०ग्राम गौर शिवपुर (पनगरा)) की मौकेपर मौत हो गयी तथा राजेन्द्र प्रसाद पुत्र हरी प्रसाद उम्र40नि०ग्राम रिसौरा गम्भीर रूप से झुलस जाने के कारण गम्भीरावस्था में जिलाअस्पताल रिफर कर दिया गया एवं तीसरा कर्मचारी रामराज पुत्र लल्लू उम्र 27 नि०ग्राम किंधौली ( गुढ़ाकला) को मामूली चोटे आयी ऐसे में आप स्वयं देखिये की यह बिभाग कितनी सतर्कता एवं जिम्मेदारी का निर्वाहन करता है जिनकी एक गल्ती से किसी के घर का "चिराग बुझ गया" तो कोई जिंदगी की जंग लड़ रहा है अरे जिम्मेदारो कुछ तो शर्म करो आखिर तुम्हे भी तो ईश्वर को हिसाब देना है !

## प्रकृति के आंगन में' पुस्तक का लोकार्पण फतेहपुर में सम्पन्न माँ की गोद की तरह है प्रकृति का आँगन : स्वामी विज्ञानानंद

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**

बांदा। शैक्षिक संवाद मंच की प्रकाशन योजना अंतर्गत शिक्षक साहित्यकार प्रमोद दीक्षित मलय के संपादन में रुद्रादित्य प्रकाशन प्रयागराज से प्रकाशित रचनाधर्मी बेसिक शिक्षक-शिक्षिकाओं के साझा संग्रह 'प्रकृति के आँगन में' पुस्तक का लोकार्पण डायट सभागार में कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. गया प्रसाद सनेही, मुख्य अतिथि स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती (ओम घाट भिटौरा), विशिष्ट अतिथियों डायट प्रवक्ता विनय कुमार मिश्र, संजीव सिंह, केपी सिंह एवं संपादक प्रमोद दीक्षित मलय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती ने कहा कि प्रकृति का आंगन माता की गोद की तरह होता है। जहां पोषण, स्नेह एवं प्रेम मिलता है। प्रकृति के आंगन में पुस्तक पर्यावरणीय चेतना को विस्तार देगी। फतेहपुर कभी नौ नदियों की जल धारा से समृद्ध था पर आज केवल पांच नदियां बची हैं। यह जल स्रोतों पर संकट का परिचायक है। हमें नदियों को बताना होगा



लोकार्पण कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। प्रतिमा उमराव ने वाणी वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात अतिथियों एवं पुस्तक में शामिल रचनाकारों का बैज अलंकरण एवं अंगवस्त्र ओढ़ा कर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण सीमा मिश्रा ने प्रस्तुत किया। अतिथियों द्वारा पुस्तक 'प्रकृति के आंगन में' का करतल ध्वनि के बीच लोकार्पण किया गया। संपादक प्रमोद दीक्षित मलय ने शैक्षिक संवाद मंच की विकास यात्रा रखते हुए पुस्तक की रचना प्रक्रिया पर चर्चा की। आगे अतिथियों के उद्बोधन क्रम में डायट प्रवक्ता विनय कुमार मिश्र ने लोकार्पित पुस्तक को पर्यावरण के क्षेत्र में नवल प्रयोग बताया तो केपी सिंह ने शामिल रचनाकारों की रचनाओं को प्रकृति के साथ जीने की सच्ची राह कहा। डायट प्रवक्ता संजीव सिंह ने पुस्तक को प्रकृति के शोषण के विरुद्ध उठा एक प्रेरक स्वर कहा जिससे सभी लोग प्रकृति संरक्षण का संदेश ग्रहण करेंगे। अध्यक्ष डॉ. गया प्रसाद सनेही (प्राचार्य - श्री राममनोहर यादव डिग्री कालेज फतेहपुर) ने प्रकृति के पंच तत्वों में जल एवं वृक्षों को महत्वपूर्ण बताते हुए संग्रह की कविताओं को इस दिशा में सार्थक विचार बताया। आगे कहा कि सभी रचनाकारों ने अपने लेखों एवं कविताओं के माध्यम से लोक जागरण का काम किया है जो आगामी पीढ़ी का मार्गदर्शन करेंगी। सभी अतिथियों को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट किये गये और रचनाकारों को पुस्तक की सात-सात प्रतियां, प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके रचना कर्म को सराहा गया। कार्यक्रम का संचालन राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका गीता यादव एवं आभार प्रदर्शन डॉ. पूजा यादव ने किया। कार्यक्रम में सुनील सिंह (प्रधानाचार्य - राजकीय इंटर कालेज लतीफपुर, भिटौरा), दीक्षा मिश्रा, आसिया फारूकी, सीमा मिश्रा, प्रतिमा उमराव, गीता यादव, अभिलाषा गुप्ता, डॉ. पूजा यादव सहित डायट में अध्ययनरत डीएलएड के प्रशिक्षु उपस्थित रहे !

# नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस जन लेंगे बढ़-चढ़कर हिस्सा- प्रद्युम्न दुबे "लालू "

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**

बांदा। जिला। शहर कांग्रेस जनों ब्लॉक नगर टाउन एरिया अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों फ्रंटल संगठनों के प्रभारियों की अति महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रदुम कुमार लालू दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन संकटा प्रसाद त्रिपाठी ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष ने कांग्रेस जनों एवं पदाधिकारियों का आवाहन किया है कि नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के चुनाव जो निकट भविष्य में होने जा रहे हैं कांग्रेस जन बढ़-चढ़कर चुनाव में भागीदारी करें सशक्त मजबूत प्रत्याशी उतारे जाएंगे पूरी ताकत के साथ कांग्रेस प्रत्याशियों का चयन कर पार्टी चुनाव लडेगी। बैठक में निश्चित किया गया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जो निर्धारित प्रोफार्मा आवेदन पत्र भेजा है उसे भरा जाना आवश्यक है इन्हीं आवेदन पत्रों में से प्रत्याशी चयनित किए जाएंगे फार्म भरकर शीघ्र अति शीघ्र कांग्रेस कार्यालय में जमा होना अनिवार्य है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि दीपावली के पूर्व ही वह प्रत्येक नगर पालिका नगर पंचायत का दौरा करेंगे सैकड़ों की तादाद में उपस्थित कांग्रेस जनों का आवाहन करते हुए लालू दुबे ने कहा हमारे नेता राहुल गांधी 35 सौ किलोमीटर की पदयात्रा पर हैं हमें इस पद यात्रा कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभा कर अपनी कर्मठता को दिखाना है जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के साथ जन समुदाय भारी तादाद में जुड़ता जा रहा है गांव गांव में राहुल गांधी का संदेश पहुंच रहा है नौजवान अंगड़ाई ले रहा है कांग्रेस जन देश के नौजवान किसान मजदूर सभी को राहुल गांधी का साथ देना चाहते हैं बैठक में तिंदवारी विधानसभा के गांव पदारथपुर में सर्वाधिक वोट मिलने वाले कांग्रेस कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत मिश्रा को साल डाल कर स्वागत किया गया। बैठक में पूर्व विधायक शिरोमण भाई पीसीसी सदस्य रामपाल अवस्थी गजेंद्र सिंह पटेल मुमताज अली सीमा खान बलदेव वर्मा सूरज बाजपेई युवा नेता धीरेंद्र सिंह पटेल अशरफ उल्ला पप्पू रंपा रमेश कोरी शिवाकांत मिश्रा राजेश सोनी बाबूराम निषाद शब्बीर जुगनू अगर हसन अनस खान जहांगीर खान प्रेमचंद राजेश गुप्ता जिलानी दुरानी कृष्णकांत दिक्षित जगदीश गुप्ता विक्की सीताराम कोरी डॉक्टर के पी सेन अशोक वर्धन कर्ण द्वारकेश मंडेला कैलाश नाथ बाजपेई राजेंद्र सिंह शोएब रिजवी ओम प्रकाश गौतम रफत खान नत्थू सेन शिव शोएब उल्ला साजिद उल्ला लवकुश निषाद अशोक चौहान राज बहादुर गुप्ता जगन्नाथ सिंह सुखदेव गांधी आदि ने बैठक में विचार व्यक्त किए !



## खत्री पहाड़ विंध्यवासिनी मे पहले दिन मां के भक्तों ने किए दर्शन।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।** गिरवा ( बांदा )। मां शारदे नवरात्र के दूसरे दिन लोगों की भक्ति सिर चढ़कर बोली। खत्री पहाड़ ,शहर और ग्रामीण इलाकों में भक्तों में कलश स्थापना के साथ मां की उपासना शुरू की। सुबह चार बजे से देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटी। मां के दरबार में मत्था टेकने के बाद विधि विधान से पूजन किया। मां से संकट से मुक्ति की कामना की। मंदिरों में भीड़ को देखते हुए सुरक्षा की व्यवस्था के लिए पुलिस और होमगार्ड जवानों को लगाया गया।



देवी भक्तों के लिए शारदीय नवरात्र का बड़ा महत्व है। नवरात्र पर्व को लेकर एक सप्ताह पहले भक्त तैयारी में जुट जाते हैं। माता रानी की पूजा अर्चना के लिए भोर तीन बजे श्रद्धालु मां के मंदिरों में पहुंचने लगे। गिरवा क्षेत्र के खत्री पहाड़ शहर के महेश्वरी देवी, काली देवी, सिंहवाहिनी मंदिर, चौसठ जोगिनी, महामाई, मरहीमाता देवी, शीतला देवी समेत लगभग सभी देवी मंदिरों में सुबह से देर शाम तक भक्तों का रेला रहा। भक्तों ने मंदिर पहुंचकर मां की स्तुति कर विधिवत पूजन अर्चन किया। जलाभिषेक के साथ हवन पूजन आदि का भी कार्यक्रम हुआ। कई मंदिरों में भक्तों ने कन्या भोज कार्यक्रम का आयोजन भी किया। शाम के समय देवी मंदिरों में संगीतमयी आरती का आयोजन हुआ। घरों में लोगों ने कलश स्थापना के साथ जवारे बोए। नौ दिनों तक व्रत रखने का संकल्प लिया। मंदिरों में मां के शैलपुत्री स्वरूप का मनोहारी श्रंगार किया गया। दुर्गा सप्तसती, दुर्गा चालीसा का पाठ कर भक्तों ने आदि शक्ति मां जगदंबे से मुरादें मांगीं !

# ससुराल वालों के तानों से तंग आकर युवती ने लगाई फांसी।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**

बांदा। मरका थाना क्षेत्र के खरौली ताला गांव स्थित ससुराल में युवती का शव फंदे पर लटका मिला। परिजन आत्महत्या बता रहे हैं। मायके वालों ने अभी तक कोई आरोप नहीं लगाए। चर्चा है कि फोन पर पति से विवाद होने के बाद विवाहिता ने जान दी। मृतका के जेठ श्रीपाल यादव ने बताया कि शनिवार की देर शाम करीब 8 बजे अटारी में साड़ी के फंदे पर विनीता (30) पत्नी धर्मेंद्र यादव का शव लटका मिला। दरवाजे खुले थे। खाना खाने के लिए बुलाने गई भांजी विभा ने शव देखा और लोगों को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विनीता जो साड़ी पहने थी, उसी से खुदकुशी की। घटना के वक्त उसके दो पुत्र अजय (2) व लवकुश (6) दूसरे घर में अपनी दादी के साथ थे। पति धर्मेंद्र रायपुर में लोहा प्लांट में मजदूरी करता है। घटना की सूचना पर रविवार को वह घर आ गया।

विनीता का मायका बिलबई गांव है। उसकी शादी वर्ष 2013 में हुई थी। मृतका के भाई बाबू प्रसाद यादव समेत मां, चाचा आदि ने ससुराल वालों पर कोई आरोप नहीं लगाए। भाई ने पुलिस को बताया कि शनिवार को शाम मां से फोन पर विनीता ने देर तक बात की, लेकिन किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं बताई। मरका थाना पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। किसी बात को लेकर पति से विवाद की बात सामने आ रही है !

# अब अतर्रा क्षेत्र में फैला डायरिया, मरीजों के परिजनों में मचा कोहराम।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**

बांदा। क्षेत्र में डायरिया के प्रकोप के चलते 12 से अधिक लोगों को उनके परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। अस्पताल पहुंचे तीमारदारों ने नगर में गंदे व बदबूदार पानी की सप्लाई दिए जाने का आरोप लगा आक्रोश जताया* रविवार को सीएचसी में महुटा गांव निवासी 78 वर्षीय वृद्ध रन्नो देवी को लेकर उनकी बहू अनीता अवस्थी इलाज कराने अस्पताल पहुंची। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों से पेट में जलन और उल्टी दस्त से पीड़ित है। तेंदुही गांव निवासी 22 वर्षीय रोशनी को भी डायरिया की शिकायत पर भर्ती कराया। इसके अलावा गांधी नगर के 19 वर्षीय गोलू, 23 वर्षीय सत्यवती भी डायरिया से ग्रसित होकर इलाज के लिए पहुंची। गोलू ने बताया कि एक सप्ताह से लगातार घरों में बदबूदार व गंदे पानी की सप्लाई दी जा रही है। ओपीडी में भी डायरिया से ग्रसित लोग आ रहे हैं। सीएचसी में मात्र ग्लूकोस की बोतल चढ़ाई जा रही है। दवाएं भी बाहर की लिखी जा रही हैं। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि अस्पताल में 12 से अधिक डायरिया के मरीज भर्ती हैं। इनका इलाज चल रहा है।

## गिरवा क्षेत्र में किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा अवैध खनन -थानाध्यक्ष गिरवा - ओम शंकर शुक्ला।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**

गिरवा (बांदा)। ओवरलोडिंग के खिलाफ चल रहे संयुक्त अभियान में 27 बालू भरे ओवरलोड ट्रक पकड़े गए। 12 ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। सभी ट्रक मध्य प्रदेश की बालू खदानों से आए थे।

गिरवां थाना क्षेत्र के स्योंढ़ा गांव के पास एसडीएम रजत वर्मा, खनिज अधिकारी व सीओ नितिन कुमार ने केन नदी पुल के पास बालू भरे ट्रकों की जांच की। यहां 27 ट्रकों को पकड़ा गया।

गिरवां थानाध्यक्ष ओमशंकर शुक्ला ने बताया कि 12 ट्रक ओवर लोड पाए गए। इनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। परिवहन और सेल टैक्स के अधिकारी भी मौके पर बुलाए गए हैं। खत्रीपहाड़ स्थित विंध्यवासिनी देवी का 9 दिवसीय मेला शुरू हो रहा है। बालू भरे ट्रकों के संचालन से दुर्घटनाओं और सड़क जाम का खतरा बढ़ जाएगा !

## दूध के धुले ओवरलोडिंग अबैध खनन माफियाओं के ठिकानों पर परगनाधिकारी नरैनी रजत बर्मा ने छापा मारकर ओवर लोड ट्रको पर की कार्रवाई।

**समाज जागरण बांदा से मयंक शुक्ला की खास रिपोर्ट।**

बांदा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जंहा भूमाफियाओं अबैध खनन ओवरलोडिंग कारोबारियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाए हुए वहीं इन माफियाओं के साथ शासन प्रशासन एवं माननीयों के बेमेल गठजोड़ के चलते यह अपने मंसूबों पर कामयाब हो जाते अगर इनकी कोई मुखालफत करे तो वह इनके कोपभाजन का शिकार हो जाता है जिससे वह दुबारा इनके काले चेहरे को जनता के सामने न ला सके।




बताते चलें कि इसी अबैध खनन ओवरलोडिंग के गढ़ माने जाने वाले लहुरेटा खदान में कुछ पत्रकारों के ऊपर रंगदारी मांगने का आरोप लगा उन्हें जेल भेजा गया तो दूसरी तरफ आज ही

नरैनी परगनाधिकारी रजत बर्मा द्वारा लहुरेटा खदान में छापा मारा गया जिसमें बिना रायल्टी के ट्रक पकड़े गए जो ओवरलोड भी थे समाचार लिखे जाने तक कितने ट्रको पर क्या कार्रवाई हुई इसकी अधिकारिक जानकारी नहीं हुई किन्तु परगनाधिकारी नरैनी द्वारा कार्यवाही की गई इसे आप मौके पर ली गई फोटो बीडियो में साफ देख सकते हैं !

## चलो मैहर वाली माता शारदा ने बुलाया है।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला ।**

बांदा जनपद को रोगमुक्त एवं गौबंशो की दयनीय स्थिति में सुधार को लेकर सैकड़ों नवयुवकों का जत्था ग्राम पचोखर से मैहर माता शारदा देवी के सच्चे दरबार के लिए पैदल नंगे पैर जय माता दी के जयकारों के साथ निकला। इन पदयात्रियों से जब पूछा गया कि आप सबके इस तरह पैदल यात्रा का उद्देश्य क्या है तो इन लोगो ने बताया की जनपद में डिप्थेरिया रोग ने अपने पैर पसारे है डाक्टर जी जान से लगे हुए हैं पर कंट्रोल नहीं कर पा रहे हो इसके लिए माता शारदा देवी के सच्चे दरबार में फरियाद लगाएंगे की वह अपनी कृपा दृष्टि से हमारे जनपद को इस भयावह बिमारियों से मुक्ति दिलाएं। साथ आज सबसे दयनीय स्थिति गौबंशो की है वह चाहे गौशालाओं में संरक्षित गौबंशो की हो या उसके बाहर आवारा घूम रहे पशुओं की सब असमय काल कवलित हो रहे हैं कुछ भूख एवं बिमारियों से तो कुछ सड़क दुघर्टनाओ में सो हम सब माता रानी से प्रार्थना करेंगे कि वह इन्हें अपनी सुरक्षा में ले इन्हें इनकी इस दयनीय स्थिति से ऊबारे व जिम्मेदारो को सद्बुद्धि प्रदान करे हम लोगों के पद यात्रा का यही एक मात्र उद्देश्य एवं मकसद है !



# बांदा की एक बेटी ने फिर लगाया आरोप कि पिता ने किया मेरे साथ बलात्कार।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला। बांदा। एक और बेटी ने पिता पर शराब के नशे में दुष्कर्म का आरोप लगाया है। बताया कि पिता ने उसको अधेड़ भट्ठा मुनीम को 60 हजार रुपये में बेच दिया,
जिसे पत्नी के रूप में रखे है। भय के कारण मां ने भी विरोध नहीं किया। यह आरोप 18 वर्षीय बेटी ने रविवार को लगाए। उसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया, लेकिन प्रकरण कानपुर के घाटमपुर और मध्य प्रदेश से जुड़ा होने के कारण पल्ला झाड़ते हुए रिपोर्ट दर्ज नहीं की। लड़की मूलरूप से हरई (छतरपुर, एमपी) की रहने वाली है। इन दिनों हमीरपुर जिले के मौदहा थाना क्षेत्र के एक गांव में ईंट भट्ठा मुनीम की पत्नी के रूप में रह रही है। उसके माता-पिता शहर के अतर्रा चुंगी में रहते हैं। उसका कहना है कि दो साल पूर्व वह माता-पिता के साथ घाटमपुर में एक ईंट भट्ठे पर काम करने गई थी। आरोप लगाया कि रात में शराब के नशे में पिता ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने यह बात अपनी मां को बताई, लेकिन पिता के डर के चलते उसे चुप करा दिया। कुछ दिन बाद पिता ने 60 हजार रुपये में भट्ठे के मुनीम 50 वर्षीय व्यक्ति को बेच दिया। तब उसकी उम्र 16 साल थी। दो साल से वह मुनीम के साथ पत्नी के रूप में रह रही है। इस दौरान उसे किसी से बात करने नहीं दिया गया।

उसकी निगरानी की जाती रही। दो दिन पूर्व उसने पिता से कालिंजर निवासी मामा का नंबर लिया और उन्हें पूरी बात बताई। मामा शनिवार (24 सितंबर) को उसे लिवा लाया और यहां घर आकर घटना की असलियत जानी। शहर के जेल रोड स्थित मोहल्ले में रिश्तेदार के घर पंचायत हुई। पिता की करतूत से खफा बेटी उसे सजा दिलाने के लिए अडिग है। उसने खुद पुलिस को पूरा किस्सा बताया। कोतवाली नगर इंस्पेक्टर श्यामबाबू शुक्ला ने बताया कि प्रकरण दो साल पुराना है। जांच की जा रही है। घटना की जानकारी होने पर उन्होंने उप निरीक्षक को जांच के लिए घर भेजा था !

# बिजनौर चौराहे से शहीद पथ मार्ग तक जोड़ने वाले इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे

लखनऊ ब्लॉक सरोजनी नगर अंतर्गत बिजनौर चौराहे से शहीद पथ मार्ग तक जोड़ने वाले इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे आवागमन कर रहे हैं नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है उक्त सड़क पर पाइपलाइन जोकि सड़क के किनारे डाला गया उसी में फंसकर आए दिन दो पहिया चार पहिया वाहन हंस कर क्षतिग्रस्त हो जाते हैं तथा आवागमन कर रहे राहगीरों को काफी मशक्कत झेलने पड़ती हैं आए दिन घंटो जाम लगा रहता है दिनेश रजतआकाश गणेश विवेक विक्रम वासियों ने गत दिवसट्रक का पहिया पाइप लाइन के गड्ढे में फस जाने के चलते घंटो जाम लगा रहाजिससे उक्त व्यक्तियों नेकाफी मेहनत और परिश्रम करट्रक और निकलवा कर जनता को जाम से निजात दिलाया ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मार्ग काफी जर्जर है बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए जिससे आए दिन राहगीरों को चोटिल होना आम बात हो गई है



## बिजनौर से शहीद पथ तक जोड़ने वाले मार्ग पर आए दिन होते हैं हादसे

लखनऊ ब्लॉक सरोजनी नगर अंतर्गत बिजनौर चौराहे से शहीद पथ मार्ग तक जोड़ने वाले इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे आवागमन कर रहे हैं नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है उक्त सड़क पर पाइपलाइन जोकि सड़क के किनारे डाला गया उसी में फंसकर आए दिन दो पहिया चार पहिया वाहन हंस कर क्षतिग्रस्त हो जाते हैं तथा आवागमन कर रहे राहगीरों को काफी मशक्कत झेलने पड़ती हैं आए दिन घंटो जाम लगा रहता है दिनेश रजतआकाश गणेश विवेक विक्रम वासियों ने गत दिवसट्रक का पहिया पाइप लाइन के गड्ढे में फस जाने के चलते घंटो जाम लगा रहाजिससे उक्त व्यक्तियों नेकाफी मेहनत और परिश्रम करट्रक और निकलवा कर जनता को जाम से निजात दिलाया ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मार्ग काफी जर्जर है बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए जिससे आए दिन राहगीरों को चोटिल होना आम बात हो गई है




## मिशन शक्तिह्व अभियान के अन्तर्गत अमेठी पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करके दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के अभियुक्त को मा0 न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास व 50 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनायी गयी

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी** पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में एंव अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में महिला संबन्धी अपराधों में अपराधियों के विरुद्ध माननीय न्यायालय में चल रहे अभियोगों में मानीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी कर ह्लमिशन शक्तिह्व अभियान के अन्तर्गत अमेठी पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय सुल्तानपुर में मु0अ0सं0 127/20 धारा 376,452,506 भादवि, 5एम/6 पाक्सो एक्ट व 3(2)५ एससी/एसटी एक्ट थाना संग्रामपुर में अभियुक्त संतोष कुमार सोनी पुत्र लक्ष्मी नरायण सोनी नि0 शीतलागंज थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी को दोष सिद्ध कराने में सफलता प्राप्त हुई । परिणाम स्वरूप माननीय न्यायालय ए0एस0जे0-12 सुल्तानपुर द्वारा अभियुक्त को दिनांक 23.09.2022 को आजीवन कारावास व 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया , अर्थदण्ड न अदा करने पर 01 वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः- वादी मुकदमा श्री राधेश्याम पुत्र रामआसरे द्वारा दिनांक 22.04.2020 को समय 15.15 बजे की तहरीरी सूचना के आधार पर वादी के नाबालिक पुत्री को अभियुक्त संतोष कुमार सोनी पुत्र लक्ष्मी नरायण सोनी नि0 शीतलागंज थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी द्वारा पीडिता को घर मे अकेला देख कर घर मे घुसकर धमकी देकर दुष्कर्म करने, इस सूचना पर थाना संग्रामपुर पर मु0अ0सं0 127/20 धारा 376,452,506 भादवि, 5एम/6 पाक्सो एक्ट व 3(2)५ एससी/एसटी एक्ट पंजीकृत कर विवेचक क्षेत्राधिकारी अमेठी श्री पीयूष कांत राय द्वारा विवेचना की गयी । विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने के उपरान्त आरोप पत्र संख्या ए-218 दिनांक 24.06.2020 को मा0 न्यायालय में प्रेषित किया गया था ।

# भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री की प्रेरणा से एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री की प्रेरणा से मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत एक भारत श्रेष्ठ भारत का भव्य आयोजन पंजाबी कालोनी के गुरुद्वारा में पंजाबियों द्वारा किया गया। मारवाड़ी समाज से सुनील गोयल द्वारा किया गया आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र प्रसाद मौर्य व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र हुए शामिल । सर्वप्रथम गुरूद्वारा में मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया। तदुपरान्त आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने कहा कि हमारी सरकार और मोदी जी सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र से अभिमंत्रित कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज उन्ही की प्रेरणा से हम सब आपके बीच है। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम की शुरूआत भारत की अखंडता को कायम रखने के लिए की गई है। उन्होंने कहा कि भारत एक विविधता से भरा हुआ देश है, जिसकी ह्यविविधता में एकताह्न का जश्न मनाने और भारत के लोगों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत बनाना ही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि अनेकता में एकता ये हमारी पहचान है।

कार्यक्रम का उद्देश्य एक ऐसा वातावरण बनाना जो प्रथाओं और अनुभवों को साझा करके राज्यों को आपस में कुछ नया सीखने को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि आपसी समझ और विश्वास भारत की शक्ति के आधार हैं और सभी निवासियों को देश भर में सांस्कृतिक रूप से जुड़ा हुआ महसूस करना चाहिए। इस अवसर पर नितिन केशेरवानी, अभिषेक, अशोक मिश्रा, राघवेंद्र शुक्ला, राजेश सिंह, शिवानी मतनहेलिया,अर्पित खंडेलवाल, सहित आदि पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में सैनिक सम्मेलन का किया गया आयोजन

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी आज पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में जनपद के समस्त थानों से आये हुए पुलिस कर्मचारीगण की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए । थाना जायस में नियुक्त 1.आरक्षी आनन्द वर्मा 2.आरक्षी ओमकार सिंह व 3.आरक्षी चालक ओम प्रकाश मौर्य द्वारा ड्यूटी के दौरान एक एक्सीडेंट में सक्रियता दिखाते हुए घायलों को तत्काल राहत एवं सहायता प्रदान की गयी उक्त सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सम्मानित किया गया । इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी गौरीगंज व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।



# पाबड़ा में नवरात्रों के उपलक्ष्य में महिलाओं ने माता की ध्वजा यात्रा निकाली

## मां चंडिके देवी मंदिर में साध्वी श्री सुजाता कृष्ण चंद्र देव जी के श्रीमुख राम कथा शुभारंभ किया



हिसार/उकलाना (राजेश सलूजा):मंडी खंड के गांव पाबड़ा में नवरात्रों के उपलक्ष में पांचों गाँव के ग्रामीणों ने मिलकर पंचग्राम चबूतरे से लेकर मां चंडके देवी मंदिर तक ध्वजा शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। ढोल नगाड़ों के साथ पूरे गांव में शोभायात्रा निकाली गई। महिलाओं बच्चों ने शोभा यात्रा में जमकर लुफ्त उठाया। साथ में माता मंदिर के प्रांगण में साध्वी श्री सुजाता कृष्ण चंद्र देव जी ने अपने श्री मुख से भगवान श्री राम कथा का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को भी भगवान श्री राम के पद चिन्हों पर चलना चाहिए। जैसे कि श्री राम जी ने अपना पूरा जीवन सादगी सहनशील बनकर जिया उसी तरह मनुष्य उन्हीं की तरह अपना जीवन सरल बना सकता है। उन्होंने महिलाओं को विशेष आग्रह किया कि समय से जो पुराने समय से पर्दे की प्रथा चली आ रही है। महिलाओं को पूजा करते समय या किसी कथा सुनते हुए पर्दा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान के चरणों में ही असली जीवन है। भगवान के बिना मनुष्य जीवन में कुछ नहीं है।माता मंदिर के प्रधान जगदीश तायल ने बताया कि पूरे नवरात्रों में मंदिर में भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। हर रोज हवन यज्ञ किया जाता है। भंडारा लगाया जाता है। उपवास रखने वाले भक्तों के लिए विशेष रुप से प्रसाद बनाया जाता है। मौके पर प्रधान जगदीश तायल, ताराचंद तायल, महंत आनंद शास्त्री, प्रदीप शास्त्री, अशोक शास्त्री, बजरंग शास्त्री, उमेद, डॉ विजेंद्र किनाला,पुरुषोत्तम शर्मा, कर्मकेस फरीदपुर,सुनील नारंग, सुमित राडा, नरेश शर्मा, जगदीश खैरी, रमेश फौजी, मेवा सिंह, रामचंद्र वर्मा, महासिंह, सुरेश तायल, आदि आदि मौजूद रहे।

# कानपुर के मंदिरों में नवरात्र पर उमड़े माता के भक्त

## – मुक्ता देवी और कुष्मांडा देवी समेत अन्य मंदिरों में भी रही भक्तों की भारी भीड़

**सुनील बाजपेई**



कानपुर। आज यहां सोमवार से माता के शारदीय नवरात्र धूमधाम से शुरू होने पर पहले दिन भक्तों ने माँ शैलपुत्री का पूजन किया।

इसके लिए भक्तों ने जहां घर पर मंगल कलश की स्थापना कर मां दुर्गा के सभी रूपों की विधि.विधान से पूजा.अर्चना की। इसके लिए शहर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। प्रातःकाल से ही घरों में विधि.विधान के साथ कलश स्थापना हुई।

दरअसल भक्तों में नवरात्र का प्रथम दिन विशेष महत्व रखता है। इसीलिए पहले दिन शहर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों में प्रातः काल से लेकर मंदिरों में भक्तों की लम्बी. लम्बी कतारें लगी रहीं। बारादेवी, तपेश्वरी, ज्वाला देवी, जंगली देवी, काली मठिया सहित शहर के छोटे.बड़े मंदिरों में भी बड़ी संख्या में भक्तगणों ने पूजा.अर्चना कर मां के दर पर मत्था टेका।

इस दौरान माता के जयकारों से मंदिर गुंजायमान होता रहा। सिर पर माता की चुनरी बांधे भक्तगण उनका गुणगान करते हुए चल रहे थे।

श्री वैष्णो देवी मंदिर किदवईनगर में सुबह से ही भक्तों की कतारें लगी थीं। मंदिर में मां के पिंडी रूप में महालक्ष्मी महासरस्वती व महाकाली विराजमान थीं। दर्शन करने वाले भक्तों को यहां हलवे का प्रसाद दिया गया। वहीं बारादेवी मंदिर में कानपुर सहित आसपास के जिलों से भी भक्त आये। दामोदर नगर वैष्णो देवी मंदिर में भक्त जयकारे लगाते हुए गुफाओं से मां के दरबार पहुंचे। इसी तरह किदवईनगर दुर्गा मंदिर व जंगली देवी मंदिर में भी भीड़ उमड़ी। इसी तरह से तपेश्वरी देवी मंदिर में भी धूम धाम से पूजा अर्चना के साथ भक्तों ने नवरात्र की शुरूवात की। आज नवरात्र के पहले दिन भक्तों की सबसे अधिक भीड़ मूसानगर के सुप्रसिद्ध मुक्ता देवी मंदिर और घाटमपुर के कुष्मांडा देवी मंदिर में भी भारी भीड़ रही। इस बीच सभी मंदिरों में सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे।

# जिला अस्पताल में एक साथ तीन बच्चों के जन्म से परिवार तीन गुना खुश

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(27सितंबर)पांच महीने के अंदर जिले में तीन महिलाओं ने एक साथ तीन,चार और तीन बच्चों को जन्म देकर परिवार में खुशियां चार गुनी कर दिया।एक फिर शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय में लांजी निवासी एक महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। अस्पताल के स्टाफ ने महिला का सामान्य प्रसव कराया है। तीनों बच्चे व माता स्वस्थ है।इसके पहले किरनापुर निवासी महिला ने चार व एक अन्य महिला ने तीन बच्चों को एक साथ जन्म दिया था।



सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ संजय धबाड़ धाव बताया कि अस्पताल में महिला ने तीन बेटियों को जन्म दिया है। जिला चिकित्सालय बालाघाट में वार्ड नंबर 11 लांजी की रहने वाली निलेश्वरी पति महेंद्र नाकतोड़े (25) को उसके परिजन प्रसव के लिए लाए थे। जिला चिकित्सालय के स्टाफ ने इस महिला का सामान्य प्रसव कराया है। महिला का पहला प्रसव है। उन्होंने कहा कि यह जिला अस्पताल के लिए बड़ी उपलब्धि है। ऐसे जटिल प्रकरण में आपरेशन न कर स्टाफ ने सामान्य प्रसव कराया है। डॉ धबड़गांव ने बताया कि पहले बच्चे का वजन 2 किलोग्राम, दूसरे बच्चे का 1.5 किलोग्राम एवं तीसरे का 1.3 किलोग्राम है। तीनों बच्चे एवं प्रसूता पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। इस प्रसव को कराने में मुख्य रूप से जिला चिकित्सालय बालाघाट की नर्सिंग ऑफिसर शीला पटले, गीता हरिनखेडे, रीना पारधी, राजकुमारी नागेश्वर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ धबड़गांव ने बताया कि जिला चिकित्सालय बालाघाट में पिछले तीन माह में यह तीसरी घटना है।बहरहाल एक साथ तीन बच्चों के जन्म से परिवार बहुत ज्यादा खुश है।

# आशीष पाण्डेय बने पत्रकार एकता समन्वय समिति के मप्र प्रदेश प्रभारी

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो बालाघाट।पत्रकार एकता समन्वय समिति (संगठन ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वामित्र मिश्र द्वारा के निर्देश पर मप्र में संगठन का विस्तार करते हुवे उत्तर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती पिंकी भारती के द्वारा की अनुशंसा पर बालाघाट जिले के स्वतंत्र पत्रकार आशीष पाण्डेय को प्रदेश प्रभारी मनोनीत किया गया उक्त घोषणा लियाकत अंसारी राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी व आशीष बरनवाल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष द्वारा संयुक्त घोषणा की अनेकों दायित्व,,,, सन 1985 से स्वतंत्र पत्रकारिता करने वाले आशीष पाण्डेय प्रदेश प्रभारी विश्व ब्राह्मण महापरिषद अंतराष्ट्रीय संगठन, प्रधानमंत्री! जनकल्याणकारी योजना जागरूकता अभियान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, रियल मिडिया फाऊंडेशन प्रदेश अध्यक्ष, गणेश शंकर विद्यार्थी प्रेस क्लब प्रदेश महामंत्री, किसान एकता मंच प्रदेश संरक्षक, आरजेएस राष्ट्रीय स्टार,भारत तिब्बत सहयोग मंच महाकौशल प्रांत महामंत्री,मातृ सेवा संघ प्रवक्ता, श्रमजीवी पत्रकार संघ कटंगी संरक्षक जैसे कई संगठनों में राष्ट्रीय प्रदेश स्तर पदाधिकारी के रूप में कार्य कर रहे वहीं नवनियुक्त पदाधिकारी आशीष पाण्डेय को राष्ट्रीय के अलावा अनेक राज्यों व जिला तहसील स्तर पर विभिन्न संगठनों द्वारा सम्मानित किया गया माना आभार,,,, पत्रकार एकता समन्वय समिति के प्रदेश प्रभारी आशीष पाण्डेय ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों कार्यकारणी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सभी पदाधिकारियों को विश्वास में लेते हुए श्रीमती पिंकी भारती के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में सभी जिलों में संगठन का विस्तार कर पत्रकारो को संगठित कर मजबूत मंच देते हुए उनके हित सुरक्षा बबाद कार्य किया जायेगा।




# वारासिवनी महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 53 वां स्थापना दिवस

**समाज जागरण।शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**



बालाघाट।(27सितंबर)शास0 शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 53वें स्थापना दिवस पर गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 प्रवीण श्रीवास्तव के मार्गदर्षन एवं कार्यक्रम अधिकारी श्री कृष्णा पराते के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती माता के पूजन तथा रासेयो के आदर्ष महात्मागांधी जी एवं प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यापर्ण के साथ किया गया। महाविद्यालय की छात्रा कु. सेजल चौधरी द्वारा सरस्वती वंदना, शालू सौलाखे द्वारा रासेयो के लक्ष्य गीत तथा आदर्ष चौरे द्वारा रासेयो प्रेरणा गीत के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। महाविद्यालय की रासेयो इकाई की ओर से 25 छात्र/छात्राओं ने गीत गायन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति की।

रासेयो की स्थापना दिवस में इस वर्ष 2022 में ‟महाविद्यालय परिसर में समुदाय” ‟केम्पस टु कम्युनिटि थीम” के माध्यम से व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। तथा ज्वाइन कैम्पेन के तहत संस्था के नव प्रवेषित विद्यार्थियों हेतु वातावरण निर्माण एवं मोटीवेषनल गतिविधियों का आयोजन किया गया। रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी ने बताया की सभी स्वयं सेवको को 24 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वास्थ जागरूकता, पोषण आहार, प्लस्टिक अभियान, नषा मुक्त अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम किया जाना है जिसमें रासेयो स्वंय सेवको की अहम भूमिका होगी। महाविद्यालय की ओर से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता जैसे आजादी के अमृत महोत्सव, हिन्दी पखवाड़ा, म0प्र0 हिन्दी ग्रंथ अकादमी प्रतियोगिता, एवं एनएसस बी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन श्री नरेन्द्र कुमार डोंगरे ने किया।

इस कार्यक्रम में विषेष अतिथि के रूप में डॉ0 सरिता कोल्हेकर, डॉ0 हेमन्त कुमार मण्डाले, डॉ0 एम0 घोरमारे, डॉ0 रक्षा निकोसे, तथा सदस्यों में श्रीमती सरिता नागवंषी, श्रीमती सविता सेनवार, श्री मनोज गजभिये एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम प्रभारी श्री कृष्णा पराते द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम कस समापन किया।

# कलिंद्रि को बंद कराने क्षेत्रीय लोगो का जन आन्दोलन का 7वा दिन रहा सफल

## कंपनी में बाहरी लोगों को लाकर दिया जा रहा काम,,,,,वही स्थानीय लोगों को कार्य से वंचित रखा गया ग्रामीणों में है आक्रोश

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख बिलासपुर। मस्तूरी ब्लॉक अंतर्गत संचालित हो रहे मेसर्स प्रा. लि. कलिंद्रि स्पात बेलपान को बंद कराने का आज 7 वा दिन महा जन आंदोलन जारी रहा लोगो में कारखाना को बंद कराने में भारी आक्रोश नजर आ रही है क्षेत्रीय लोगो ने बताया कम्पनी बन्द कराने का कई प्रमुख कारण ।



17 सालों में ये कारखाना कभी लोगो को या क्षेत्रिय कर्मचारियों का सुविधा मुहैया नई करा पाया है ना सुरक्षा उपकरण ना स्वास्थ्य व्यवस्था ना शिक्षा व्यवस्था इन 17 सालों में करोड़ो रुपए हमारे उरफकी राशि को डकार गए है इन 17 सालों में भूमिगत जल का दोहन कर आस पास के हेड पंप बोर बोरिंग का नाला तालाब का जल स्तर को नीचे गिरा डाला है झूठ बोल कर कारखाना डाला है शिवनाथ नदी से पानी लाकर कम्पनी चलाएंगे आज 17 साल होने को है अभी तक से शिव नाथ नदी से पानी नई ला पाया इन 17 सालों में परदेशियों को ही पहला हक अधिकार दिया है क्षत्रियों के साथ हमेशा दुर्व्यवहार करते आ रहा है परदेशिया लोगो का तनख्वा 25-50 हजार और सारे उच्च पद में लेकिन क्षत्रियों का 6600- 10000 रुपये है कुली मजदूरी में रखे हैं इन 17 सालों में कारखाना का किसी असपताल से कोई सीधा संबंध नई है जो क्षेत्रिय लोगो का स्वास्थ्य मुहैया करा सके खुद का अस्पताल रखना तो दूर की बात इन 17 साल में इनके पास खुद का स्कूल नई जो बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सके इन 17 सालों में कारखाना किसी स्कूल में अपना 1 भी शिक्षक का व्यवस्था नई करा पाया है इन 17 सालों में कारखाना में कार्य कर रहे 4 कर्मचारियों का गंभीर बीमारियों के वजह से मृत्यु काम कर रहे कर्मचारियों का आज तक कभी स्वास्थ्य जांच नई कराया गया जिनके वजह से कई कर्मचारी बीमारियों के चपेट से ग्रसित है उद्योग नीति का पूरी तरह धज्जियां उड़ा कर रखने वाली यह कारखाना हमेशा पिछड़े क्षेत्र वालो को पिछड़ा ही समझते आ रहा है प्रदूषण के मार से क्षेत्र में कई गंभीर बीमारियां आने लगी है कइयों की फसलें इन 17 सालों में बर्बाद हुय जिनकी मुआवजा आज तक किसी को नई मिल पाया है बाहरी लोगों को कंपनी में लाकर काम दिया जा रहा है क्षेत्रियों को काम मे रखने के लिए उनके पास काम नहीं है कारखाना के ओवर लोडिंग वाहनों के वजह से 5 माह पूर्व बने सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है जगह जगह टूटने लगी है अब यह कंपनी को बंद करना ही होगा अगर वह कंपनी फिर चालू करना चाहता है तो क्षेत्रीय लोगो से समन्वय बना कर विभिन मुद्दों को ध्यान में रख कर पुनः जन सुनवाई करवा कर खोलेगी जो पूरा का पूरा सुविधा हमारे क्षेत्रीय लोगो को प्राथमिकता से साथ मिलेगी तब तक के लिए कंपनी को बंद करना ही लोगो का एक मात्र उद्देश्य बन गया है क्योंकि कारखाना का अंडर ग्राउंड वाटर यूसेज का ठडउ दिनांक 18/08/2022 को समाप्त हो चुकी है। क्षेत्रीय लोगो ने आवाज बुलंद कर एकत्र होकर सही से आग्रह किये है कि इन महाआंदोलन में सहयोग करे क्षेत्रियो को हक अधिकार दिलाने में मदद करे।

अब देखना यह होगा कि यह आंदोलन और कब तक चलती है शासन कब तक जागेगा जिससे ग्रामीणों की इन समस्या का निदान हो सकेगा।

# त्यौहारों के व्यवस्थित आयोजन को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**



बालाघाट।(27सितंबर)आगामी दिनों में दुर्गोत्सव, 05 अक्टूबर को दशहरा, 08 अक्टूबर को मिलाद-उन-नवी, 24 अक्टूबर को दीपावली, 08 नवंबर को गुरूनानक जयंती, 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती एवं 25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व मनाये जायेंगें। इन पर्वों के जिले में व्यवस्थित आयोजन एवं इस दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए आज 26 सितम्बर को कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ, अपर कलेक्टर श्री शिवगोविंद मरकाम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय डाबर, एसडीएम श्री संदीप सिंह, श्री अंजुल मिश्रा, थाना प्रभारी श्री गहलोत, सभी धर्मों के गणमान्य नागरिक, पत्रकार एवं प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में तय किया गया कि आगामी दिनों में आने वाले त्यौहार आपसी सद्भाव, सामंजस्य एवं सभी की धार्मिक भावनाओं का आदर करते हुए मनाये जायेंगें। जिले में कहीं पर भी कानून व्यवस्था एवं शांति को भंग नहीं होने दिया जायेगा। सभी दुर्गा पंडालों के आसपास साफ-सफाई रखी जायेगी और पंडाल में डस्टबीन की व्यवस्था रखना होगा। मूर्तियां पीओपी की नहीं लगाई जायेंगी। केवल मिट्टी की मूर्तियां ही प्रतिस्थापित की जायेंगी। पंडालों में खाद्य सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्रसाद एवं अन्य खाद्य सामग्री का वितरण अखबार या कागजों में नहीं किया जायेगा। सभी पंडालों में बिजली की उचित व्यवस्था रहेगी और सुरक्षा के पूरे इंतजाम करना होगा।

दशहरा चल समारोह, मिलाद-उन-नवी, एवं गुरूनानक जयंती के अवसर पर सजावट, रैली आदि आपसी सामंजस्य बनाकर निकाली जायेगी और यातायात बाधित न हो ऐसी व्यवस्था की जायेगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के दौरान निर्धारित सीमा से अधिक डेसीबल ध्वनि उत्पन्न नहीं होने दी जायेगी। इन त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था एवं शांति बनाये रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायेंगें। सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में थाना स्तर पर शांति समितियों की बैठक का आयोजन कर इन त्यौहारों के लिए सभी आवश्यक तैयारी करने कहा गया।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर ने इस दौरान कहा कि सभी दुर्गा पंडालों का पंजीयन किया जायेगा और पंजीकृत पंडालों में स्वच्छता को लेकर प्रतियोगिता रखी जायेगी और अच्छा काम करने वाली समितियों को पुरूस्कृत किया जायेगा

# नाबालिक के साथ दुष्कर्म का आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा जेल

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर। प्राथीर्या थाना उपस्थित आकर थाना प्रभारी के नाम एक लिखित आवेदन पेश की है की प्रार्थियां दिनांक 25 .09. 2022 को दोपहर 2:00 से 3:00 बजे अपने नाती के घर गई थी उसी समय प्रार्थिया की नतनीन रोते हुए उसके पास आई और उसके बहु व प्रार्थिया के सामने रो - रो कर बताई कि परसों दिनांक 23.09.22 के दोपहर करीब 3:00 बजे वह खेलने के लिए छबी लाल साहू के घर तरफ गई थी तो उसे देखकर छबी लाल साहू अपने घर में पानी भरने के नाम से 10 साल की नाबालिक लड़की को बुलाया और उसके पहुंचने पर आरोपी छबीलाल साहू दोपहर 3:30 बजे अपने घर के दरवाजा को बंद कर दिया और जबरदस्ती बलपूर्वक नाबालिक को जमीन में गिराकर आरोपी छबी साहू के द्वारा नाबालिक के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया गया ।प्राथीर्या की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 233/22 धारा 376 भादवि 04 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मामला अति संवेदनशील होने से उचित कार्यवाही एवं मार्गदर्शन हेतु श्रीमान पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक महोदय, श्रीमति पारूल माथुर व श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय, ग्रामीण श्री राहुल देव शर्मा एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय चकरभाठा, श्रीमति गरिमा द्विवेदी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज द्वारा टीम बनाकर तत्काल आरोपी के धर पकड़ हेतु रवाना हुआ एफ आई आर के कुछ ही घंटे में आरोपी छविलाल साहू पिता स्व जगेशर साहू उम्र 66 साल निवासी सोडाडीह थाना पचपेड़ी को पकड़ने में सफलता मिली जिसे थाना लाकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया आरोपी को दिनांक 26.09.22 को सुबह 7:30 बजे विधिवत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया ।

**प्रकरण के उक्त कार्यवाही में निरीक्षक मोहन भारद्वाज थाना प्रभारी पचपेड़ी , सउनि सहेत्तर कुर्रे आरक्षक प्रेम शंकर बंजारे, हरिशंकर चंद्रा भूपेंद्र सिंह भारद्वाज महिला आरक्षक मीना राठौर का सराहनीय योगदान रहा ।**

# शिवनाथ नदी में फिर मिली युवक की लाश, पचपेड़ी थाना क्षेत्र का मामला।

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

जोंधरा । मस्तूरी मुख्यालय के ग्राम पंचायत जोंधरा के कलेश्वर पटेल पिता कोंदा पटेल उम्र 35 वर्ष जो मानसिक रूप से कमजोर था ,जोंधरा के शिवनाथ नदी के चेक डेम नहाने के लिए तकरीबन 11:00 बजे के आसपास गया हुआ था ,नहाने के लिए डेम में छलांग लगाई जिसके बाद वापस किनारे पर नहीं निकला, वहां उपस्थित ग्रामीणों ने चेक डेम के आसपास तलाश किए पर नहीं मिला, कुछ घंटे बाद कलेश्वर की लाश जोंधरा से 3 किलोमीटर आगे ग्राम पंचायत कुकुरदी कला में धान मंडी सोसाइटी के पास नदी किनारे में तैरते हुआ मिला जिसकी सूचना ग्रामीणों को जैसे ही मिली क्षेत्र में सनसनी मच गई, जिसके बाद मृतक के पिता कोंदा पटेल पचपेड़ी थाना आकर मामले का सूचना दिया, मौके पर पचपेड़ी पुलिस पहुंचकर मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

# मस्तूरी तहसील के अधिवक्ता कक्षा में आए दिन हो रही चोरी,,,,परेशान अधिवक्ताओं ने की थाने में शिकायत

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख मस्तूरी। तहसील कार्यालय मस्तूरी में आए दिन अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी करने की शिकायत मिल रही है अधिवक्ता कक्ष में लगे पंखे एवं कुर्सी टेबल की चोरी लगातार कुछ दिनों से हो रही है। जिससे परेशान अधिवक्ताओं ने सोमवार को मस्तूरी थाने में शिकायत की हैं। अब देखना होगा की मस्तुरी पुलिस इसे कितना गंभीरता से चोरों को पकड़ पाने में सफल हो पाती है।




# ऑनलाइन मंगाया ड्रोन कैमरा : पार्सल खोलने पर निकला 1KG आलू



नालंदा : एक युवक ने ऑनलाइन शॉपिंग साइट मीशो से एक ड्रोन कैमरा ऑर्डर किया। इसके लिए उसने ऑनलाइन पेमेंट भी कर दिया, लेकिन जब उसने पार्सल खोलकर देता तो उसमें आलू निकले। युवक ने इसका वीडियो भी बनाया और मीशो से शिकायत भी की है। युवक ने जो ड्रोन कैमरा ऑर्डर किया था उसकी मार्केट वेल्यू 85000 रुपए थी, लेकिन मीशो पर वो 10000 रुपए में मिल रहा था। उसने पहले मीशो को कॉल करके कंफर्म किया।युवक का कहना है कि मीशो की ओर से कहा गया कि ऑफर है इसलिए सस्ता दिया जा रहा है। युवक को पहले से शक था, इसलिए जब डिलीवरी ब्वॉय ऑर्डर देने आया तो उसने पार्सल खोलते हुए वीडियो बनाया।

युवक ने मीशो पर इसकी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। कंपनी ने पैसे वापस करने की बात कही है। पूरा मामला परवलपुर प्रखंड अंतर्गत बाजार इलाके का रविवार का है।इस कैमरे को ऑर्डर करने वाले ज्वेलर चैतन्य कुमार ने बताया कि मैंने मीशो कंपनी से डीजेआई का एक ड्रोन कैमरा ऑनलाइन बुक कराया था। उसी समय पूरी पेमेंट कर दी थी। रविवार को जब सैडो फैक्स कार्यालय से डिलीवरी पार्सल देने आया तो उसे शक हुआ। इसके बाद उसने पार्सल की डिलीवरी देने आए डिलीवरी मैन को पार्सल खोलने के लिए कहा और इसका वीडियोग्राफी कर ली। डिलीवरी ब्वॉय ने जैसे ही पार्सल को खोला उसमें एक किलो आलू निकले।डिलीवरी ब्वॉय ने कैमरे के सामने यह कबूल किया कि वह शैडो फैक्स कार्यालय से पार्सल लेकर आया था। जिसके अंदर ड्रोन कैमरे की जगह आलू निकला। इस मामले में परवलपुर थानाध्यक्ष ने बताया की उन्हें इस मामले में अभी तक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।इस मामले में पीड़ित चैतन्य कुमार ने बताया कि उन्होंने मीशो साइट से ड्रोन का ऑर्डर किया था जिसकी कीमत मीशो पर ₹10212 जबकि अमेजन पर सेम प्रोडक्ट की कीमत ₹84999 थी इस मामले में कंफर्मेशन के लिए जब मीशो को मेल किया गया तो उन्होंने निश्चिंत होकर प्रोडक्ट लेने की बात कही।

संदेह होने पर उन्होंने पार्सल की वीडियोग्राफी कराई जिसके अंदर से आलू निकला अभी संदर्भ में उन्होंने मीशो को फिर मेल किया है तो मीशो ने पैसे रिटर्न करने की बात कही है। हालांकि पीड़ित के द्वारा पैसे नहीं बल्कि प्रोडक्ट की मांग किया जा रहा है।

# पनोरमा सीजन – 5 के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा ग्रुप के निदेशक संजीव मिश्रा ने की

## पनोरमा ई होम्स स्पोर्ट्स कंपलेक्स परिसर पूर्णिया में पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 9 को



पूर्णियां । पनोरमा स्टार सीजन - 5 तैयारी की समीक्षा पनोरमा ग्रुप के निदेशक वरीय समाजसेवी संजीव मिश्रा के द्वारा की गई। बैठक में पनोरमा ग्रुप के निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने सभी जिम्मेवार पदाधिकारियों को ससमय अपने - अपने दायित्वों का निर्वाहन करने को कहा।बैठक की अध्यक्षता करते हुए पनोरमा ग्रुप के निदेशक श्री मिश्रा ने बैठक में उपस्थित सभी आयोजन समिति सदस्यों से कहा कि नगर निगम चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है। आचार संहिता लागू है इसलिए आचार संहिता का पूरा ध्यान रखा जाए और विभिन्न आयोजनों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पनोरमा स्टार सीजन - 5 में स्पोर्ट्स प्रतियोगिता दिनांक 09/10/ 2022 से पनोरमा ई होम स्पोर्ट्स कंपलेक्स परिसर पूर्णिया में आयोजित होने जा रही है। जिसमें बैडमिंटन, बास्केटबॉल ,बॉलीबॉल क्रिकेट प्रतियोगिताओं में स्कूल , कॉलेज, क्लब एवं विभिन्न क्षेत्रों के संस्था के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी गण भाग लेंगे। बैठक में वरिष्ठ रंगकर्मी व राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित श्री मिथलेश राय, क्रिकेट प्रशिक्षक व आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, सुनील सुमन, रीतेश कुमार, अभिषेक मिश्रा आदि उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त न्यूज

# राजद की झुगी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने राजकुमार यादव

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता पप्पू कुमार बाराचट्टी,गया**

गया जिले बाराचट्टी प्रखण्ड में स्वर्गीय भागवतीया देवी के स्मारक परिसर में राजद की 25 सदस्यीये टीम की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें गया जिला राजद के झुगी झोपड़ी प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष श्री राजकुमार यादव को एक बार फिर से मनोनीत किया और



उन्हें फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों द्वारा निर्णय लिया कि 28 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक जिले के सभी प्रखण्ड के सदस्य के लोग सभी पंचायत में जाकर पंचायत सदस्यों को समान्नित करेगे और राष्ट्रीय जनता दल की विचारधारा को लोगो की बीच बताया जाएगा इस मौके पर उपस्थित राजद प्रखण्ड अध्यक्ष केडी यादव ,प्रधान महासचिव शिवनाथ पासवान ,निशात अली खान ,बढन यादव, गुड्डू यादव,संजय सुमन,दुखनी देवी सहित कई कार्यकर्ता लोग शामिल रहे।

# एसएसबी ,वन विभाग और वाइल्ड लाइफ के संयुक्त कार्यवाही में पेंग्यूलिंग के खाल के साथ दो तस्कर गिरफ्तार।

**संवाददाता पप्पू कुमार बाराचट्टी,गया**

गया जिले के बाराचट्टी वन विभाग व एस एस बी 29 वीं वाहिनी बिबिपेसरा एवम वाइल्ड लाइफ के संयुक्त कार्यवाही में वन्य जीवों के तस्करी मामले में दो लोगों को सोमवार को स्थानीय थाना अंतर्गत श्रीराम होटल के पास से गिरफ्तार किया है। बता दें कि तस्कर झारखंड के चतरा जिला के सिमरिया के जंगलों से इस वन्य जीव के खाल को लाकर विदेश भेजने से पहले



ही पुलिस के हत्थे चढ़ गये । गिरफ्तार व्यक्तियों में शकलदेव दास पिता स्व दरबारी दास ग्राम लौरियाडीह जिला कोडरमा वही दूसरा अभियुक्त मो. राहत हुसैन उर्फ मोहम्मद सैनुल पिता स्व रहमत मियां ग्राम सिमरियाकला जिला चतरा के निवाशी है । यह कार्यवाही वन्य जीव अपराध नियंत्रण पूर्वी कोलकाता के ब्यूरो रजनीश कुमार को गुप्ता सूचना मिलने के उपरांत की गई जिसमे विभाग को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पेंग्यूलिंग के खाल से बनता है शक्ति वर्धक दवा , लाखो में है इसका कीमत - तस्कर इसके खाल को विदेश भेजने के फिराक में थे जहां इसका लाखो में कीमत लगाई जाती है साथ ही इसका उपयोग शक्ति वर्धक दवा बनाने में किया जाता है। इस संबंध में वनों क्षेत्र के पदाधिकारी विवेकानंद स्वामी ने बताया कि गुप्त सूचना पर बाराचट्टी थाना अंतर्गत श्रीराम होटल के पास से वन्य जीवों के खाल के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है वहीं एक रवि कुमार नाम के एक व्यक्ति फरार है अग्रिम कार्यवाही जारी है।

# लाइसेंसी शस्त्रों का सत्यापन शुरू

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-नगर परिषद चुनाव को लेकर सोमवार से वारिसलीगंज थाना परिसर में लाइसेंसी शस्त्रों का सत्यापन शुरू हो गया है। इस दौरान 28 सितंबर तक लाइसेंसी शस्त्रों का सत्यापन किया जाएगा।इस दौरान सोमवार को बहुतों लाइसेंसी शास्त्रों का सत्यापन किया गया। थानाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि 28 सितंबर तक शास्त्रों के मालिक आकर थाना में अपना शस्त्रों का सत्यापन अवश्य करवा लें।

## मारपीट मामले मे छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**समाज जागरण**


वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के सांबे निवासी बखोरन मांझी ने गांव के ही छह लोगों के विरुद्ध मारपीट कर जख्मी कर देने की प्राथमिकी स्थानीय थाना में दर्ज कराई है। थाना को दिए आवेदन में उन्होंने कहा है कि 24 सितंबर की रात्रि गांव स्थित सामुदायिक भवन में सोए हुए थे। तभी आधा दर्जन लोग पहुंचे और गाली गलौज करते हुए वोट देने की बात कह कर मारपीट कर जख्मी कर दिया। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

# वारिसलीगंज नगर निकाय चुनाव की उम्मीदवारी में पुरुषों अपेक्षा काफी आगे है महिलाएं

## वार्ड पार्षद के रूप में 35 पुरुष के विरुद्ध 65 महिलाएं लड़ रही है नगर निकाय चुनाव

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज नगर निकाय चुनाव में पुरुषों की अपेक्षा वार्ड पार्षद उम्मीदवारी में महिलाएं




काफी आगे है। नगर परिषद गठन के बाद पहली बार हो रहे नगर निकाय चुनाव में किस्मत आजमाने वाले उम्मीदवारों में पुरुषों से अधिक संख्या में महिलाएं अपनी किस्मत आजमा रही है। वही आधा दर्जन से अधिक पूर्व व निवर्तमान पार्षद दम्पति नगर परिषद प्रतिनिधि बनने की दौड़ में शामिल है।

शनिवार को नाम वापसी के बाद चुनाव आयोग द्वारा जारी सूची के अनुसार नप के 25 वार्डो से कुल एक सौ उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। जिसमें पुरुषों से की अपेक्षा महिलाओं संख्या डेढ़ गुनी है। 25 वार्डो से 100 उम्मीदवारों में मात्र 35 पुरुष उम्मीदवार है। जबकि 65 महिला चुनावी जंग में कसरत कर रही है।

जबकि मुख्य पार्षद सभापति सामान्य पद से दो महिला समेत कूल 13 लोगो ने अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत की है। इसी प्रकार उप मुख्य पार्षद (उपसभापति) पद के लिए एक महिला सहित 07 लोग चुनाव मैदान में खड़े है।

# परशुराम सिंह बने नवादा जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज नेशनल इंटर विद्यालय माफी में रविवार को आयोजित नवादा जिला माध्यमिक शिक्षक संघ का चुनाव में सेवानिवृत्त शिक्षक परशुराम सिंह ने तीसरी बार अपने निकटतम प्रतिद्वंदी नवादा बरेब के शिक्षक डॉक्टर अखिलेश कुमार को एक मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद परे निर्वाचित हुए। प्रत्येक तीन वर्ष पर होने वाला यह चुनाव कोरोना को लेकर इस बार पांच वर्ष पर कराया गया। माध्यमिक शिक्षक संघ चुनाव में अध्यक्ष पद के सेवानिवृत्त शिक्षक परशुराम सिंह, सचिव बरेव के सेवानिवृत्त शिक्षक शिव कुमार प्रसाद, कोषाध्यक्ष पद पर स्थानीय बीके साहू इंटर विद्यालय के शिक्षक जवाहर प्रसाद, उपाध्यक्ष नेशनल इंटर विद्यालय माफी वारिसलीगंज के शिक्षक डा.अशोक कुमार तथा नवादा के मयंक कुमार को निर्वाचित घोषित किया गया। प्रमंडलीय स्तर से



पर्यवेक्षक के रुप में गया के अनिल कुमार की देखरेख में निर्वाचन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न हुई। इससे पूर्व स्थानीय नेशनल इंटर विद्यालय माफी वारिसलीगंज के प्रभारी प्राचार्य अर्चना कुमारी के देखरेख में स्कूल में चुनावी व्यवस्था की गई थी। करीब 5 घंटे तक चले विचार मंथन के बाद 79 वोटरों में शामिल शिक्षकों ने अपनी-अपनी दावेदारी पेश की गुप्त मतदान के आधार पर कराए गए चुनाव में नवनिर्वाचित अध्यक्ष को जहां 38 वोट मिले वही डा.अखिलेश कुमार ने 37 वोट लाकर चुनाव हार गए। चुनाव जीतने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि सभी शिक्षकों का समान रूप से सम्मान के साथ कार्य किया जाएगा। किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा बाद में माध्यमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शिक्षकों ने पुरजोर तरीके से माला पहनाकर स्वागत किया । इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के करीब 200 शिक्षकों में उपस्थित होकर शांतिपूर्ण चुनाव कराने में अपनी भूमिका निभाई।

# कलश यात्रा के साथ शारदीय नवरात्र आरंभ

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-मां दुर्गा की पूजा अर्चना के लिए सोमवार को शारदीय नवरात्रा के प्रथम दिन गांव व शहर में स्थापित मां दुर्गा प्रतिमा के पास कलश स्थापना के लिए जल भराई की रस्म पूरी की गई। कलश यात्रा में शामिल युवतियां, महिलाएं व पुरुष के जय माता दी की जयकारों से गांव व शहर की गलियां भक्तिमय होता रहा। कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा के प्रथम रूप शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई।

कलश स्थापना को ले वारिसलीगंज माफी गली की भारत माता पूजा पंडाल से राजा कुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवतियां व महिलाएं कलशयात्रा में नाचते गाते बैंड बाजे के साथ जलभराई की रश्म पूरी किया। जबकि उत्तर बाजारे स्थित वैष्णो देवी पूजा समिति, स्टेशन रोड, थाना चौक पंचमुखी हनुमान मंदिर, उत्तर बाजार कोइरी टोला, गुमटी रोड, माफी गांव, माफी गढ़, माफी



गली की भारत मातो सहित बाजार स्थित सभी दुर्गा पूजा समितियों के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा पूजा पंडाल से निकलकर थाना चौक के पास स्थित शांतिपुरम सूर्य मंदिर और स्टेशन के पासे स्थित मटकोरवा सूर्य मंदिर तालाब से जल भराई की रस्म पूरी की गई। वही प्रखंड के मकनपुर ,कुटरी, अपसढ़, शाहपुर ,कुंभी ,कोचगांव ,चिरैया ,सम्बे नारोमुरार आदि गांव में कलश स्थापना के लिए सैकड़ों महिला पुरुषों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। मकनपुर गांव स्थित देवी स्थान से मूर्ति स्थापित कर्ता उदित प्रसाद सिंह के नेतृत्व में कलश यात्रा आयोजित हुई। मौके पर ढोल बाजे के साथ कलश यात्रा में शामिल सैकड़ों नर नारियां जय माता दी का जयकारा लगाते चल रही थी। माता रानी की पूजा अर्चना के दौरान जयघोष से गांव व शहर की गलियां भक्ति मय हो गई। पहले दिन मां शैल पुत्री की पूजा अर्चना कर भक्तो ने क्षेत्र में खुशहाली लाने की कामना की गई। वही शहरी लोग नगर परिषद में महाचुनाव की व्यस्तता के बाबजूद माता रानी से अपनी जीत की कामना के साथ पूजा अर्चना की भक्तिभाव में डूबे रहे।

# सड़क दुर्घटना में जनता की मौत पर भड़के आक्रोशित भीड़ ने पुलिस वाहन को बनाया निशाना ,पुलिस वाहन हुआ क्षतिग्रस्त

## देव -अम्बा पथ कालीकरण के नाम पर सरकारी खजाना लूट, प्रशासनिक मनमानी एवं अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से होते आ रहे हैं आम जनता की मौत मौत।

दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददात्ता वीरेंद्र यादव /अनिल कुमार मिश्र ब्यूरोचीफ, औरंगाबाद (बिहार)

औरंगाबाद (बिहार) 26 सितंबर 2022 :- औरंगाबाद जिला के देव थाना क्षेत्र का देव- अम्बा पथ में नवरात्र के पहले दिन हुई भीषण सड़क दुर्घटना में एक वार्ड सदस्य कि मृत्यु हो ग ई हैं वहीं और एक व्यक्ति को जख्मी हलात में ईलाज किया जा रहा है। सड़क दुर्घटना में एक की मौत एवं एक ब्यक्ति को बुरी तरह जख्मी हो जाने की सूचना फैलते ही ग्रामीण सड़क पर उतर गये और सरकार एवं जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों पर जमकर बवाल काटा और रोड पर पेड़ गिरा कर तथा अम्बा देव पथ के सभी जगहों पर यातायात बाधित कर दिया और आक्रोशितों की भीड़ ने देव थाना के पुलिस गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है ।

घटना का सूचना पाकर देव थाना प्रभारी मनोज कुमार पाण्डेय, देव प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदन कुमार, देव अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया। फिर क्या था। आक्रोशित लोग उग्र हो गए और तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। भीड़ने एक पुलिस गाड़ी को क्षतिग्रस्त करते हुए पेड़ों को काटकर रोड पर गिरा दिया और सरकार जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी के विरुद्ध नारेबाजी करने लगे।

सूचना पाकर औरंगाबाद एसडीपीओ गौतम शरण ओमी, घटनास्थल पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर किसी तरह जाम को हटाया ।

जनसमूह को कहना है कि देव



अम्बा रोड़ कालीचरण के नाम पर हमेशा सरकारी खजाने की लूट जाते हैं रोड के दोनों काफी गड्ढे हैं सिंगल रोड के दोनों किनारे भरने के नाम पर सरकारी राशि को ठेकेदार खा जाते हैं प्रतिफल आए दिन सिंगल रोड़ होने तथा रोड़ के दोनो किनारें गड्ढों में तब्दील हो जाने के कारण घटना होती रहती है। लेकिन इस पर किसी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि को ध्यान नहीं है। हम लोगों को मांग है। कि जितना जल्दी हो सके देव अम्बा रोड़ का चौड़ी करन किया जाए। ताकि आए दिन इस तरह का घटना ना हो।

मृतक के पहचान देव थाना क्षेत्र के चट्टी बजार निवासी बिकाश कुमार,पिता रामजन्म साव के रूप में की गई है । वही एक युवक घायल है। जिसका इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि। विकास कुमार,इसरौर पंचायत वार्ड नंबर 12 के वार्ड सदस्य था। और वह अपने चचेरा भाई रामजी प्रसाद गुप्ता, के साथ बाइक पर सवार होकर देव बाजार जा रहा था। इसी बीच सिमरी मोड़ के पास सीमेन्ट से लदे एक महेन्द्रा ट्रैक्टर ने कुचल दिया। और दोनों वहीं छटपटाने लगे। स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों का हॉस्पिटल पहुंचाया। गया जहां चिकित्सकों ने वॉर्ड सदस्य विकास कुमार, को मृत घोषित कर दिया। वहीं एक को इलाज किया जा रहा है।

आक्रोशित लोगों का कहना है। कि देव -अम्बा रोड़ में कालीचरण के नाम पर हमेशा सरकारी खजाने की लूट किया जाता हैं रोड सिंगल है और रोड़ के दोनों किनारे काफी गड्ढे हैं सिंगल रोड के दोनों किनारे गड्ढे को भरने के नाम पर सरकारी राशि को ठेकेदार खा जाते हैं प्रतिफल आए दिन सिंगल रोड़ होने तथा रोड़ के दोनो किनारें गड्ढों में तब्दील हो जाने के कारण सड़क दुर्घटना में प्रतिवर्ष लाखों लोगों को जख्मी में घायल होना पड़ता है तथा कई लोगों की जान भी चले जाते हैं। लेकिन इस पर किसी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि को ध्यान नहीं है। हम लोगों को मांग है। कि अंबा देवी कालीकरण के नाम पर सरकारी खजाने की लूट को बंद किया जाए और यथाशीघ्र इस रोड को चौड़ीकरण किया जाए। ताकि आए दिन इस तरह का घटना ना हो।

# धमासंग गांव के वार्ड नं 3 में ट्रांसफार्मर खराबी होने के कारण नल का जल का मोटर बंद रहने से ग्रामीण है पानी के बिना मोहताज।

नालंदाः रहुई प्रखंड के पतासंग पंचायत के धमासंग गांव में वार्ड नं 3 में नल-जल की समस्या एक सप्ताह से ट्रांसफार्मा खराब होने से हर घर पानी नहीं पहुंच रहा है पानी जिससे हर घर पानी नहीं पहुंच रहा है। इसकी समस्या को लेकर वार्ड सदस्य पति राजदीप कुमार ने बताया कि गांव में दो नल-जल का मोटर लगा है और तीन ट्रांसफार्मा है जिसमें के लिए ग्रामीणों ने कोशिश किया लेकिन कुछ वजह से जोड़ नहीं पाया। हालांकि इसकी सूचना पंचायत के मुखिया, धमौली पावर सब स्टेशन में बिजली विभाग को दिया गया और





नहीं आने से ग्रामीणों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि गांव वालों पानी के लिए हैंड पम्प का सहारा लेना पड़ रहा है और गांव के कई एसे हैंड पम्प है जो खराब पड़ा है और कुछ हैंड पम्प है जो सुचारू रूप से चल रहा है। बताते चलें कि धमासंग में वार्ड नं 3 में ट्रांसफार्मा खराब रहने से नल-जल का मोटर बंद पड़ा है मात्र एक ट्रांसफार्मा से दोनो नल-जल के मोटर का कनेक्सन जुड़ा है वहीं एक सप्ताह पहले भारी बज्रपात हुआ था बज्रपात होने से ट्रांसफार्मा खराब हो गया है मात्र दो फेज में बिजली आ रही है और एक फेज में नहीं क्योंकि नल-जल का मोटर तीन फेज से चलता है और दो फेज रहने के कारण मोटर नहीं चल रहा है ग्रामीणों ने कहा कि दूसरे ट्रांसफार्मा से जोड़ने बिजली विभाग द्वारा एक दो दिन में बिजली ठीक करने का आश्वासन दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में दोनो मोटर बंद पड़ा है क्योंकि बिजली की सप्लाई बाधित होने से लोगों के घर तक पानी नहीं आ रहा है। इस मौके पर लाली यादव, बॉडी यादव,रामाश्रेय यादव,सुनील यादव,पचु पंडित आदि मौजूद थे।

# डेंगू से बचाव को ले स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बल्लोपुर हिंदी के इको क्लब के बच्चों ने सोमवार को मेंटर सह सहायक शिक्षक श्रीकांत गौतम के साथ जिसमें प्रधान शिक्षिका अनिता कुमारी एवं किरण कुमारी भी शामिल थी डेंगू से बचाव को ले एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बच्चे हाथों में बैनर लिए नारा लगाते हुऐ विद्यालय के पोषक क्षेत्र धनबीघा में भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने ग्रामीणों को डेंगू से बचाव के विभिन्न सावधानियां बताया। बच्चों ने बताया की गंदगी हमारे बीमार पड़ने का सबसे प्रमुख कारण है। गंदगी से मच्छर पनपते है। जो हमारे बीमारियों के प्रमुख कारण में से एक है बच्चों ने ग्रामीणों को घर-घर जाकर बताया कि किस प्रकार मच्छरों से अपना बचाव कर स्वस्थ



रह सकते हैं। बच्चों ने ग्रामीणों को सफाई के फायदा बताया। उन्हें बताया गया कि लंबी अबधि से जमे हुए पानी से में मच्छर पनपते हैं जिसके कारण हमें विभिन्न बीमारियां जिसमें डेंगू भी शामिल है। बच्चों ने बताया कि पानी के फेंके हुए बोतल, नारियल के छिलके, गड्ढों में जमा पानी, नालियों में जमा पानी और गंदगी मच्छरों के पनपने का प्रमुख कारक है, इसके लिए हम ग्रामीणों को इकट्ठा होकर अपने नालियों की साफ-सफाई गड्ढों में पानी जमा ना हो इस बात का पूरा पूरा ध्यान रखे जाने की जरूरत है। तभी हमारा पूरा गांव स्वस्थ और निरोग रहेगा। रैली में प्रभा, बरखा, सुप्रिया, साक्षी, सोनम, सिमरन, गुंजन, करिश्मा, सानिया, श्रेया, मुस्कान, अभिषेक, आयुष अनुभव, अनुराग, चंदन एवं रोशन समेत अन्य बच्चे शामिल थे।

# पूजा समिति तथा डीजे संचालकों के साथ थाना में किया गया बैठक

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-प्रखंड क्षेत्र के दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के साथ थाना परिसर में बैठक आयोजित कर सरकार द्वारा जारी दिशा निदेर्शों की जानकारी उपस्थित समिति सदस्यों को दिया गया।

अंचल अधिकारी प्रेम कुमार व थाना अध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित बैठक में उपस्थित पूजा समिति के सदस्यों को सरकार के आदेशानुसार डीजे बजाने की मनाही की जानकारी दी गई। कहा गया कि किसी भी हालत में डीजे



नहीं बजाना है। बावजूद आदेश नहीं मानने वाले पूजा समिति तथा डीजे संचालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सामूहिक रूप से दुर्गा पूजा व जुलूस के लिए पूजा समितियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य है। इसके लिए बैठक में उपस्थित प्रखंड क्षेत्र के सभी 35 पूजा समिति सदस्यों को लाइसेंस निर्गत करने के लिए फार्म भरवाने की प्रक्रिया पूरी की गई। मौके पर उपस्थित लगभग चार दर्जन से अधिक पूजा समिति सदस्य और डीजे संचालकों द्वारा भी अधिकारियों के समक्ष भी अपनी समस्या सुनाई गई।

# शारदीय नवरात्र की पूजा - अर्चना,कलश स्थापना के साथ हुआ प्रारंभ

## नवदुर्गा की स्वरूपों में से प्रथम दिन प्रतिपदा तिथि को शैलपत्री के किया गया पूजा-अर्चना।

**दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र ब्यूरोचीफ औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद (बिहार) 25 सितंबर 2022:- शारदीय नवरात्र की पूजा - अर्चना,कलश स्थापना के साथ औरंगाबाद जिले के विभिन्न शहरी व प्रखंडों क्षेत्रों के अलावे विभिन्न गाँवों में सोमवार से प्रारंभ हो गया है । नवदुर्गा की स्वरूपों में से प्रथम दिन प्रतिपदा तिथि को शैलपत्री के पूजा - अर्चना किया गया । शारदीय नवरात्र के अंतर्गत शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा - अर्चना व उपासना प्रतिदिन एक एक कर दुर्गा के नौ रूपों का किया जाता है।

हसपुरा प्रखंड से सत्यदेव सिंह संवाददात्ता का रिपोर्ट

हसपुरा -- शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा को लेकर पहला दिन कलश स्थापना के साथ शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। शरद नवरात्रि के अंतर्गत मां दुर्गा की पूजा हसपुरा प्रखंड के पुरानी बाजार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर,पटेल चौक,नरसंन मोड़,बड़ी खेल मैदान सहित ईटवां, डुमरा, पीरू,बिरहाना, पचारू खिया, सिहाड़ी ,कोईलवां के अलावे विभिन्न गाँवो किया जा रहा है। पहला दिन कलश स्थापना के साथ शैलपुत्री की पूजा अर्चना किया गया है। पूजा करा रहे



पंडित लालमोहन शास्त्री, पंडित मोबाइल बाबा ने कहा धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां शैलपुत्री की पूजा करने से शारीरिक स्वास्थ्य ठीक रहने व मान सम्मान के लिए पूजा किया गया। आचार्य श्री शास्त्री ने कहा शारदीय नवरात्र हो या चैत नवरात्र जगत की तीन शक्तियों महाकाली , महालक्ष्मी और महासरस्वती की पूजा - अराधना की जाती है। तीनों स्वरूप ही आद्याशक्ति मां दुर्गा हैं। बड़ी फिल्ड में मां काली की प्रतिमा रखी जाएगी। जहां कलश स्थापना कार्य की पूजा हो रही है। यजमान विमल कुमार यादव, दिलीप कुमार, शिवम् कुमार विकास कुमार,रवि कुमार, शैलेश कुमार हैं।

वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंडित अवधेश पाठक ने कहा शैलपुत्री की पूजा हो रही है।मां काली पूजा समिति आदर्शनगर के संजीत कुमार,राजू कुमार, शंकर गुप्ता, दिलीप कुमार ने कहा हसपुरा में काली पूजा का आयोजन पहली पर दुर्गा पूजा के समय हो रहा है।

# प्रशासन यदि सच्चे मन से अतिक्रमण मुक्त औरंगाबाद शहर चाहती है तो सब्जी मंडी के अंदर के व्यापारियों को जगह सुनिश्चित करें।

## डिवाइडर रोड के किनारे लगने वाले छोटे छोटे दुकानदारों को सब्जी मंडी के अंदर प्लॉटिंग कर जमीन को चिन्हित कर फल और सब्जी बेचने वाले को एलॉट करें।

**धनंजय कुमार विधि संवाददात्ता औरंगाबाद बिहार**

औरंगाबाद (बिहार ) 26 सितंबर 2022:- औरंगाबाद कचहरी एवं शहर के मुख्य मार्ग में जाम की समस्या से निपटने के लिए लगातार नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता है । एक तरफ से दुकान हटती है और दूसरी तरफ से दुकान रोड के नीचे सजने लगता है कुछ दुकानदारों के सामान भी जप्त की जाती है। अतिक्रमण हटाओ अभियान खत्म होते ही सड़क का अतिक्रमण होता है और आम लोग जाम जाम की समस्याओं से जुझने लगते हैं।

सिविल कोर्ट रमेश चौक हॉस्पिटल तक जाम का आलम यह है की सड़क पर लगने वाले ठेला के बगल में दुकान मसाले की दुकान रेडीमेड की दुकान के कारण जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है सप्ताह में 2 दिन आम जनता जानती है कि प्रधान डाकघर के सामने सब्जी मंडी है जिसके अंदर सब्जी के थोक व्यापारियों ने कब्जा कर रखा है । उधर कालका क्लब के मैदान में ट्रक टेंपो से मालगाड़ी से उतारना एवं लोड करने का काम दिन रात चलते रहता है । इधर नागमतिया पेट्रोल पंप के सामने टेंपो पिकअप गाड़ी केला एवं गाड़ियों का सब्जी फलों का लोडिंग पूरे दिन चलता है प्रशासन यदि सच्चे मन से अतिक्रमण मुक्त शहर चाहती है तो सब्जी मंडी के अंदर के व्यापारियों को जगह सुनिश्चित करें ,डिवाइडर



रोड के किनारे लगने वाले छोटे छोटे दुकानदारों को सब्जी मंडी के अंदर प्लॉटिंग कर जमीन को चिन्हित कर फल और सब्जी बेचने वाले को एलॉट करें। इससे शहर में जाम की समस्या से निजात मिल जाएगा । इस पर गंभीरता से प्रशासन को सोचने की जरूरत है ।

# छोटे भाई को बचाने के चक्कर में बड़ा भी डूबा, नहाने के दौरान हुआ हादसा, तलाश जारी।

नालंदाः बिहार शरीफ प्रखंड के दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरई गांव का है। नदी में लापता किशोर पिंटू रजक का (15) वर्षीय पुत्र अंकित कुमार एवं (12) वर्षीय पुत्र आशीष कुमार है। घटना के संदर्भ में सस्थानीय मुखिया ने बताया कि पिंटू रजक और उसकी पत्नी पंचाने नदी किनारे कपड़ा धो रहे थे। इसी बीच उनका छोटा बेटा आशीष कुमार नदी में नहाने चला गया। गहरे पानी का आशीष को अंदाजा नहीं हुआ और वह डूबने लगा, इसी बीच बड़े बेटे ने भी छलांग लगा दी और आशीष को बचाने के चक्कर में अंकित भी डूब गया। दोनो बेटों को डूबता हुआ देख दम्पत्ति भी पानी मे छलांग लगा



दिया।शोर की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीण इकट्ठा हुए जिनमें कुछ लोगों ने नदी में छलांग लगा। इसमे दम्पति को बचा लिया गया लेकिन नदी में डूबे किशोरों की तलाश की लेकिन गहरे पानी की वजह से किशोरों का कुछ अता पता नहीं चल सका है।

ग्रामीणों का कहना है कि हर साल जब नदी में पानी आती है तो कोई ना कोई गांव का व्यक्ति इसमें डूब ही जाता है। दरअसल बालु उठाव के कारण नदी में जहां-तहां गड्ढे हो गए हैं। जिसके कारण नहाने के दौरान अक्सर डूबने से मौत हो जाती है

# डूमर कोला गांव में वन क्षेत्र को कराया अतिक्रमण मुक्त

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ उमाकांत साह चांदन/बांका/प्रखंड क्षेत्र के**

ग्राम डूमरकोला में अतिक्रमित वन भूमि को मापी कर अवैध रूप से लगाए गए फसल को वन विभाग के पुलिसकर्मियों द्वारा नष्ट कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। बता दें कि प्रखंड क्षेत्र के डूमर कोला गांव अवस्थी वन विभाग के परती जमीन पर गांव के जगदीश राय पिता स्वर्गीय जानकी राय तथा उनके परिवार जन द्वारा जबरन अवैध तरीके से आम के पौधे लगाए गए थे। जिसकी सूचना पर वन पाल अशोक कुमार, वन कर्मी अजय कुमार, कटोरिया रेंजर ऑफिसर अरुण प्रसाद व चांदन थाना पुलिस आदि पुलिस के सहयोग से शांति पूर्वक अतिक्रमण मुक्त किया गया।।

